**सुविचार**

सोच का ही फर्क होता है, वरना समस्याएं आपको कमजोर नहीं बल्कि मजबूत बनाने आती है।

Daily

# THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

Published from Ranchi



फिल्मों से आने से पहले योग सिखाती... 12

Ranchi ● Friday, 10 November 2023 ● Year : 01 ● Issue : 292 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 64,832.20 |
| निफ्टी | : | 19,395.30 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,810 |
| चांदी | : | 78.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### कतर में मौत की सजा पाए पूर्व नौसैनिकों के लिए भारत ने दायर की अपील

**NEW DELHI :** कतर की एक अदालत द्वारा पिछले महीने आठ भारतीयों को मौत की सजा सुनाए जाने के बाद भारत की ओर से एक अपील दायर कर दी गई है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को ये जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत को उन आठ पूर्व नौसैनिकों तक दूसरी राजनयिक पहुंच मिल गई है, जिन्हें कतर की अदालत ने सात नवंबर को मौत की सजा सुनाई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को मंत्रालय की साप्ताहिक ब्रीफिंग के दौरान कहा कि भारत इस मुद्दे पर कतर के अधिकारियों के संपर्क में है। बागची ने कहा, 'कतर की अदालत ने आठ भारतीय कर्मचारियों पर फैसला सुनाया है। फैसला गोपनीय है और इसे कानूनी टीम के साथ साझा किया गया है। इस संबंध में एक अपील दायर की गई है। हम कतर के अधिकारियों के भी संपर्क में हैं। भारतीय अधिकारी उन आठ लोगों के परिवार के सदस्यों के भी संपर्क में हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले ही उनसे मुलाकात कर चुके हैं।' प्रवक्ता ने कहा कि भारत उन्हें कानूनी सहायता प्रदान करना जारी रखेगा।

### महिला से साढ़े तीन लाख की छिनतई, जांच में जुटी पुलिस

**GIRIDIH :** जिले के देवरी थाना क्षेत्र के चतरो मुख्य बाजार में गुरुवार की शाम बैंक से पैसे निकाल घर लौट रही महिला से बाइक सवार अपराधियों ने साढे तीन लाख की छिनतई कर ली। घटना को अंजाम देने के बाइक सवार अपराधी फरार हो गये। धनतेरष के एक दिन पहले लोगों की भीड़ के मौजदूगी में महिला से छिनतई की घटना हुई। छीनतई की घटना में बाईक सवार दो अपराधियों ने साढ़े तीन लाख से भरे थैले को छीनकर फरार हो गए। जब महिला चिल्लाई, तो स्थानीय लोग जुटे। लेकिन कोई समझ पाता, तब तक बाईक सवार दोनों अपराधी भाग गये। घटना की जानकारी मिलने के बाद देवरी थाना पुलिस भी घटनास्थल पहुंची, और पूरे मामले की जांच पड़ताल की। एसडीपीओ देवरी भी मौके पर पहुंचे और संबंधित थाना प्रभारी को कई निर्देश दिये।

### भाजपा विधायक आशुतोष टंडन का निधन, लखनऊ के मेदांता में ली आखिरी सांस

**LUCKNOW :** उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं लखनऊ पूर्व के भाजपा आशुतोष टंडन ह्यगोपालजीह्न का गुरुवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। आशुतोष टंडन योगी सरकार के पहले कार्यकाल में कैबिनेट मंत्री थे। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे और मेदांता हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा था। बताया जा रहा है कि आशुतोष टंडन कैंसर से ग्रसित थे। जुलाई माह में आशुतोष टंडन के हार्ट की एक सर्जरी हुई थी। उसके बाद से वे लगातार बीमार चल रहे थे। योगी सरकार के पहले कार्यकाल में उनके पास चिकित्सा शिक्षा, शहरी विकास, रोजगार और गरीबी उन्मूलन जैसे कई बड़े विभाग थे। उनके पिता भाजपा के कद्दावर नेता और पूर्व राज्यपाल लालजी टंडन का नाम लखनऊ की नामी शख्सियत में गिना जाता है। वहीं पिता की तरह आशुतोष टंडन भी सौम्य स्वभाव के थे। उनकी तबीयत बिगड़ने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उनका हालचाल लेने के लिए अस्पताल पहुंचे थे।

मध्य प्रदेश के सतना की रैली में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर किया जोरदार हमला, बोले-

# मतदान से पहले ही कांग्रेस के झूठ का गुब्बारा फूटा

**AGENCY MADHYA PRADESH :** मध्य प्रदेश में मतदान से पहले कांग्रेस और भाजपा आमने सामने है। गुरुवार को प्रदेश के सतना की रैली में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि मतदान से पहले ही कांग्रेस के झूठ का गुब्बारा फूट गया है।

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव की सरगर्मी तेज हो चली है। यहां बड़े नेताओं की रैली लगातार हो रही है। इस क्रम में सतना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली गुरुवार को हुई। इस रैली में पीएम मोदी ने कहा कि आज पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। ये आपके वोट ने ऐसा कमाल किया है कि देश के दुश्मनों के हौसले पस्त हैं। इस बार भी मध्य प्रदेश के चुनाव में आपका हर वोट त्री शक्ति की ताकत से भरा नजर आ



सतना में चुनावी रैली को संबोधित करते पीएम मोदी। ● फोटोन न्यूज

रहा है। आप यही वोट दिल्ली में मोदी को मजबूत करेगा और आपका यही वोट भ्रष्टाचारी कांग्रेस को मध्य प्रदेश से 100 कोस दूर ले जानें का काम करेगा। कांग्रेस पर वार करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मतदान से पहले ही कांग्रेस के झूठ का गुब्बारा फूट चुका है। कांग्रेस के पास मध्य प्रदेश के विकास का कोई रोडमैप नहीं है। प्रदेश के युवाओं को कांग्रेस में कोई भविष्य नजर नहीं आता इसलिए सूबे को बीजेपी और नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा है।

पीएम मोदी ने कहा कि मैं आजकल जहां भी जा रहा हूं, वहां अयोध्या में बन रहे प्रभु राम के मंदिर की चर्चा चलती है। पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ रही है। सौभाग्य से भरे इस पावन कालखंड में मेरे मन में एक बात बार-बार आती है।

## महंगाई कंट्रोल नहीं कर पा रहे पीएम : खडगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कोरिया और कोरबा जिले में चुनावी सभा की। कोरिया के बैकुंठपुर में उन्होंने कहा कि, यह सिर्फ चुनाव नहीं है, यह चुनाव देश का भविष्य बदलने वाला चुनाव है। पहले के चुनाव ऐसे नहीं होते थे। साथ ही कोरबा में ईडी-आईटी को बीजेपी का स्टार प्रचारक बताया। बीजेपी की सरकार, मोदीजी और आरएसएस संविधान को बदलना चाहता है। बार बार राहुल गांधी का नाम लेते हैं। उनको कांग्रेस से डर लगता है, कांग्रेस गरीबों के लिए लड़ती है। बीजेपी अमीरों के लिए लड़ती है। बीजेपी गरीबों के लिए लड़ने वालों को सत्ता से दूर रखने के लिए कई कोशिश कर रही है।

**कोरबा जिले में खड़गे के भाषण की 4 बड़ी बातें**

1. **आरएसएस-बीजेपी ने आदिवासियों को दबाने का काम किया :** आरएसएस और बीजेपी ने आदिवासियों, दलितों को दबाने का काम किया। महिलाओं को कोई भी हक ना उनकी पार्टी में है ना उनकी विचारधारा में है। महिलाओं को समानता देने की विचारधारा बीजेपी की नहीं है। लेकिन कांग्रेस की पार्टी गरीबों और महिलाओं के हित में काम करने वाली पार्टी है। सबको शिक्षा देना सबको समानता का अधिकार देने का काम कांग्रेस ने किया है।
2. **जो कांग्रेस ने बनाया उसे बीजेपी ने हड़पा :** मोबाइल कांग्रेस ने शुरू किया। बड़े-बड़े कारखाने कांग्रेस ने बनाया। जो हमने बनाया उसे बचाने के बजाय उसे हड़पने का काम बीजेपी कर रही है। किसे देने का काम कर रहे हो, अडानी जैसे उद्योगपतियों को। गरीबों के कल्याण के लिए अगर काम करना है तो कांग्रेस को वोट दो।
3. **क्या नौकरी का पत्र कभी पीएम बांटते हैं :** खड़गे ने कहा कि, नौकरी का अपॉइंटमेंट ऑर्डर पहले कभी प्रधानमंत्री बांटते थे क्या? 1-2 हजार नौकरी भी अगर इखढ देती है तो उसे भी दिखाती है। जो काम है वह तो कर नहीं रहे, क्यों महंगाई कंट्रोल नहीं कर रही बीजेपी। अरे प्याज और दाल तक लोगों को नहीं मिल रही केंद्र में क्या सरकार बनी है।
4. **हमारे प्रधानमंत्री कितने झूठ बोलते हैं :** अगर बीजेपी का कैंडिडेट गलत निकलता है तो मोदी जी कहते हैं मेरी सूरत देखो। लेकिन बार बार मोदी को देखकर ही देश की हालत बुरी हो गई, नोटबंदी में देश को क्या मिला? प्रधानमंत्री ने 2 करोड़ नौकरी का वादा किया क्या हुआ?किसानों के लिए उन्होंने कहा कि, किसान की आमदनी डबल करूंगा, अब बताइए मोदी झूठ बोल रहे हैं या आप लोग झूठ बोल रहे हैं।

### रातू अंचल में ACB का छापा, CO, कर्मी व दलाल 25 हजार घूस लेते गिरफ्तार

**RANCHI :** झारखंड में भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ एसीबी की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में एसीबी की टीम ने गुरुवार को रातू अंचल कार्यालय में छापेमारी की। इस दौरान एसीबी के अधिकारियों ने रातू सीओ प्रदीप कुमार, हलका कर्मचारी सुनील सिंह और एक दलाल को 25 हजार घूस लेते गिरफ्तार किया। गिरफ्तार हुए सभी लोगों से एसीबी की टीम पूछताछ कर रही है। वहीं एसीबी की टीम प्रदीप कुमार को लेकर उनके रातू रोड स्थित इंद्रपुरी रोड नंबर एक आवास पर पहुंची है। घर में भी एसीबी की टीम छापेमारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक, रातू सीओ प्रदीप कुमार ने एक व्यक्ति से जमीन मामले में काम करने के लिए 25 हजार घूस मांगी थी। इसके बाद उसने इसकी शिकायत रांची एसीबी से की। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने मामले का सत्यापन कराया।

### 95 लाख की साइबर ठगी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**RANCHI :** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने 95 लाख दो हजार रुपये की ठगी करने के मामले में एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपित जीवन गोपीनाथ गलधर महाराष्ट्र के औरंगाबाद का रहने वाला है। इसके पास से दो मोबाइल, दो सिम कार्ड, चार एटीएम कार्ड, एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, दो क्रेडिट कार्ड, एक पासपोर्ट, ताइवान डॉलर 3,300 और 48,400 रुपये बरामद किया गया। साथ ही ठगी किए गए 67 लाख रुपये को फ्रिज करवा दिया गया है। सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने सीआईडी मुख्यालय में गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि धनबाद जिले के साइबर क्राइम थाने में पांच जुलाई को ठगी को लेकर प्राथमिकी की दर्ज कराई गई थी। इस मामले में जीवन साथी डॉट कॉम पर उपलब्ध एक प्रोफाइल में संपर्क किया गया। उन्हें क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर अधिक पैसा कमाने के लिए कहा। इसके लिए पीड़ित को एक फर्जी वेबसाइट पर रजिस्टर्ड करने को कहा गया। फिर फर्जी वेबसाइट से अलग-अलग बैंक खाताओं में यूपीआई के माध्यम से पैसे डालने को कहा गया।

# बिहार विधानसभा में आरक्षण संशोधन विधेयक पास, 75% आरक्षण का प्रावधान

## विधान परिषद-राज्यपाल की मंजूरी के बाद बनेगा कानून, बीजेपी का समर्थन

**AGENCY PATNA :** शीतकालीन सत्र के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्र से भी आरक्षण बढ़ाने की मांग की। साथ ही बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की मांग को भी दोहराया। बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन गुरुवार को आरक्षण संशोधन विधेयक 2023 पेश हुआ, जिसे सर्व सम्मति से पास कर दिया गया। इसमें आरक्षण का दायरा बढ़ाकर 75% करने का प्रस्ताव है। राज्य के मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने बिल को अपना समर्थन दिया है। अब यह विधेयक विधान परिषद में रखा जाएगा। जहां से पास होने के बाद राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। राज्यपाल की मंजूरी के बाद कानून बन जाएगा।

विधानसभा में नीतीश कुमार ने कहा कि हमारी अपील है कि केंद्र सरकार भी जातीय गणना कराए। उन्होंने केंद्र से भी आरक्षण बढ़ाने की मांग की है। सदन में सीएम ने विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग दोहराई है। विधेयक में एहर के आरक्षण का जिक्र नहीं होने पर बीजेपी ने सवाल उठाया। जिस पर संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि एहर का आरक्षण दूसरे अधिनियम से लागू होगा। एहर आरक्षण पहले की तरह लागू रहेगा। इसके अलावा बिहार सचिवालय सेवा संशोधन विधेयक 2023, बिहार माल और सेवाकर द्वितीय संशोधन विधेयक-2023 भी पेश किया गया।

विधानसभा में सीएम नीतीश और जीतनराम मांझी के बीच नोकझोंक हुई। मांझी आरक्षण विधेयक का विरोध कर रहे थे। तभी सीएम ने उन्हें बीच में ही टोका और कहा मेरी मुर्खता से ये मुख्यमंत्री बने थे। तीखी बहस के बीच सदन की कार्यवाही शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

कार्यवाही से पहले भी हंगामा

कार्यवाही शुरू होने से पहले विधानसभा के बाहर भाजपा



बिहार विधानसभा में अपना पक्ष रखते मुख्यमंत्री नितिश कुमार। ● फोटोन न्यूज

### सुबह हंगामे के बाद कार्यवाही स्थगित हुई

गुरुवार सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही मुख्यमंत्री के सेक्स वाले बयान को लेकर बीजेपी ने विधानसभा में हंगामा किया। बीजेपी विधायक मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग पर अड़े रहे। विपक्ष ने वेल में आकर नारेबाजी की। बीजेपी की महिला विधायक भागीरथी देवी, निक्की हेमब्रम और दो महिला विधायक आसान के पास पहुंच गईं। विधानसभा अध्यक्ष को पर्ची दिखाने लगीं। बीजेपी विधायकों ने कुर्सी-टेबल पटक दीं। स्पीकर ने कहा कि कुर्सी उठाने वाले विधायकों का नाम नोट किया जाए, कार्रवाई की जाएगी। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सदन में माले विधायक सत्येंद्र यादव से भाजपा विधायकों में तीखी नोकझोंक हुई।

### सदन के बाहर भिड़े राजद-बीजेपी विधायक

भाजपा के विधायक कुंदन कुमार और राजद विधायक विजय कुमार मंडल सदन के बाहर आपस में भिड़ गए। आरक्षण के मुद्दे को लेकर दोनों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। कहासुनी के दौरान कंडोम बेचने तक बात पहुंच गई। राजद विधायक विजय कुमार मंडल ने कहा कि वीपी सिंह मंडल के महानायक रहे हैं। वे नायक नहीं, महानायक थे। विजय मंडल ने कहा कि जब वीपी सिंह ने मंडल कमीशन लागू किया तो इन्हें मंदिर का मुद्दा दिखने लगा। आडवाणी मंदिर के लिए रथ लेकर घूमने लगे। जब-जब गरीबों की बात उठती है ये लोग विरोध करने लगते हैं। आज फिर जब जातीय गणना और गरीबों की बात हुई तो फिर से विरोध करने लगे हैं। इनकी मानसिकता सामंत की पक्षधर और गरीब विरोधी रही है। कपूर्री ठाकुर की यह पूजा करते हैं और कपूर्री ठाकुर को किसने हटाया। वहीं, भाजपा विधायक कुंदन कुमार ने कहा कि इनको जानकारी नहीं है कि मंडल कमीशन लागू हुआ उस समय भाजपा सरकार में थी। यह कह रहे हैं कि भाजपा ने सरकार गिरा दी। जब आडवाणी जी की गिरफ्तारी हुई, तब सरकार से समर्थन वापस लिया था। आगे उन्होंने कहा कि आप लोग सदन में कंडोम बेचने की बात कीजिए।

## महुआ के संसद से निष्कासन की सिफारिश एथिक्स कमेटी के 6 मेंबर्स ने पक्ष में किया वोट

**AGENCY NEW DELHI :** दो नवंबर को महुआ एथिक्स कमेटी की पूछताछ के लिए संसद पहुंची थीं। करीब साढ़े तीन घंटे के बाद वे भड़कते हुए बाहर निकली थीं। महुआ ने कमेटी के चेयरमैन पर अपमानजनक सवाल पूछने के आरोप लगाए थे।

संसद में पैसे लेकर सवाल पूछने (कैश फॉर क्वेरी) के आरोपों में फंसीं तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। 9 नवंबर को इस मामले में लोकसभा की एथिक्स कमेटी की बैठक हुई, जिसमें पहले 479 पेज की जांच रिपोर्ट को मंजूरी दी गई।



इसके बाद कमेटी के 10 में से 6 मेंबर्स ने महुआ को लोकसभा से निष्कासित करने के लिए वोट किया। 4 मेंबर्स ने इसके विपक्ष में वोट दिया।

सूत्रों के मुताबिक, ये रिपोर्ट शुक्रवार 10 नवंबर लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला को सौंपी जाएगी। हमारा एजेंडा सिर्फ रिपोर्ट को स्वीकार करना था। वहीं, कमेटी के जिन 4 सदस्यों ने महुआ के निष्कासन का विरोध किया, उन्होंने रिपोर्ट को पूर्वाग्रह से ग्रस्त और गलत बताया।

एथिक्स कमेटी की सिफारिश के बाद महुआ ने पहली प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'ये कंगारू कोर्ट में पहले से फिक्स मैच की तरह था। भले ही वे मुझे निष्कासित कर दें, अगली लोकसभा में मैं ज्यादा वोटों से जीतकर वापस आऊंगी। कमेटी की कांग्रेस सदस्य ने महुआ के निष्कासन के लिए वोट डाला।

### मणिपुर में महिला समेत 2 की हत्या, सिर पर गोली लगने के निशान

**MANIPUR :** मणिपुर में 3 मई से जारी हिंसा में अब तक 187 लोगों की मौत हो चुकी हैं। वहीं 1 हजार से ज्यादा लोग घायल हुए। मणिपुर की राजधानी इंफाल में पुलिस ने बुधवार को दो शव बरामद किए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक शव महिला का है, जो ताइरेनपोकपी इलाके के आसपास मिला। वहीं मंगलवार को इंफाल पूर्वी जिले के ताखोक मापल माखा इलाके में एक पुरुष की डेड बॉडी मिली, जिसकी उम्र लगभग 40 साल बताई जा रही है। यह जानकारी पुलिस ने गुरुवार को दी। पुलिस के मुताबिक, मरने वालों की आंखों पर पट्टी बंधी हुई थी और हाथ पीठ के पीछे बंधे हुए थे और सिर पर गोली के निशान थे।

## कोर्ट की अवमानना जज को आलोचना से बचाना नहीं कोर्ट की न्यायिक प्रक्रिया में लोगों का दखल रोकना है

**AGENCY NEW DELHI :** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि अदालत की अवमानना का नियम किसी जज को आलोचना से बचाने के लिए नहीं है। बल्कि इसका मकसद कोर्ट की न्यायिक प्रक्रिया में किसी शख्स की दखल को रोकना है। न्यायपालिका देश के नागरिकों के लिए है और हमेशा रहेगी।

अदालतों का काम यह सुनिश्चित करना है कि राजनीति अपनी सीमाओं में ही रहे। 9 नवंबर को उखक चंद्रचूड़ के कार्यकाल का एक साल पूरा हो गया, इस मौके पर उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान ये बातें कहीं।

सीजेआई ने कहा कि अगर कोई शख्स कोर्ट के फैसले का अपमान करता है या उस पर कोई गलत बयान देता है तो यह अवमानना है। कोई कोर्ट की कार्यवाही बाधित करता है या उसके आदेश का पालन करने में आनाकानी करता है, इसे भी अवमानना माना जाएगा। लेकिन किसी जज को लेकर अपनी राय व्यक्त करने पर कोर्ट की अवमानना का केस नहीं बनता।

उन्होंने कहा कि मैं यह मानता हूं कि कोर्ट की अवमानना के नियम का इस्तेमाल किसी जज को आलोचना से बचाने के लिए नहीं किया जा सकता है। कोर्ट और जजों को अपने काम और फैसलों से अपनी प्रतिष्ठा बनानी चाहिए, यह कोर्ट की अवमानना के नियम से नहीं बनाई जा सकती।

इसके साथ ही अदालतों को मीडिया और नागरिकों से संवाद बनाए रखना चाहिए। कई बार सोशल मीडिया पर जजों के नाम के साथ ऐसी पोस्ट शेयर की जाती हैं, जो उन जजों ने कही भी नहीं होती। अगर हम लोगों से संवाद रखेंगे तो गलत जानकारी फैलाने वाले प्लेटफॉर्म्स खुद ही खत्म हो जाएंगे।

सीजेआई ने कहा कि अब हमने एक प्रयोग शुरू करने का फैसला किया है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से एक न्यूजलेटर जारी किया जाएगा, इसमें अदालत में हुए फैसलों की जानकारी सीधे जनता को मिलेगी।

भारतीय सेना में चीता और चेतक के पुराने बेड़े को बदलने के लिए एलयूएच को शामिल करने की प्रक्रिया होगी शुरू

# सेना को अगले साल मिलेंगे 4 हर्मीस-900 स्टारलाइनर ड्रोन

**AGENCY NEW DELHI :** भारतीय सेना हर्मिस 900 स्टार लाइनर ड्रोन के अलावा चीता और चेतक के पुराने बेड़े को बदलने के लिए लाइट यूटिलिटी हेलिकॉप्टर (एलयूएच) को शामिल करने की प्रक्रिया शुरू कर देगी।

भारतीय सेना कुछ नए बदलावों के साथ एयर डिफेंस सिस्टम को और मजबूती देने वाली है। हेरॉन मार्क-2 ड्रोन के बाद एक और इजराइली ड्रोन हर्मीस-900 स्टारलाइनर भारतीय सेना में शामिल होने जा रहा है। आर्मी एविएशन कोर ने आर्मी और नेवी के लिए कुल 4 ड्रोन का ऑर्डर दिया है। ये



ड्रोन अगले साल सेना में शामिल होंगे। स्टारलाइनर 30 हजार फीट की ऊंचाई पर 36 घंटे तक उड़ान भर सकता है और 450 किलो पेलोड ले जा सकता है। न्यूज एजेंसी अठक के मुताबिक इसके शामिल होने से लाइन ऑफ कंट्रोल और लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर निगरानी और आसान हो जाएगी।

भारत के अलावा ये ड्रोन चिली, कनाडा, अजरबैजान, मैक्सिको, ब्राजील, कोलंबिया, फिलीपींस और स्विटजरलैंड के पास भी हैं। इसके अलावा, आर्मी एविएशन कोर चीन-पाकिस्तान बॉर्डर पर नई एविएशन ब्रिगेड भी तैनात करने वाली है। फिलहाल 3 ब्रिगेड सीमा पर ऑपरेशन में हैं। एक ब्रिगेड में 50-60 हेलिकॉप्टर्स हैं। इनका काम मेडिकल इवेक्यूएशन, आर्टिलरी-रसद पहुंचाना और हमला करना है।

सितंबर 2023 में हुए भारत ड्रोन शक्ति इवेंट के दौरान हर्मीस स्टारलाइनर का प्रदर्शन किया गया था। आर्मी एविएशन कोर को उम्मीद है कि वह अगले साल से अपनी क्षमता की कमी को दूर करना शुरू कर देगी। इसी कड़ी में 2024 से स्टारलाइनर ड्रोन को शामिल करने के अलावा चीता और चेतक के पुराने बेड़े को बदलना भी शामिल है।

### हैदराबाद में अडाणी एयरोस्पेस बना रहा हर्मीस-900

द हिंदू की रिपोर्ट के मुताबिक हैदराबाद में अडाणी एयरोस्पेस ने रक्षा विभाग और इजराइल के एल्बिट सिस्टम के साथ पार्टनरशिप की है। यह तीनों मिलकर हर्मीस 900 और 450 के एयर फ्रेम बना चुके हैं। एक सूत्र ने बताया कि पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात ड्रोन की डिलीवरी पर असर नहीं डाल सकते हैं क्योंकि हर्मीस-900 का एयरफ्रेम पहले से बनकर तैयार है। कुछ उपकरण जो इजराइल से आने थे, वे भी आ चुके हैं। ऐसे में अब इनका असेंबल होना ही बाकी रह गया है।

## ISIS आतंकी मोहम्मद नसीम की एटीएस कोर्ट में पेशी, भेजा गया जेल

**PHOTON NEWS RANCHI :** आईएसआईएस संगठन के आतंकी मोहम्मद नसीम को कड़ी सुरक्षा के बीच रांची सिविल कोर्ट लाया गया। एटीएस की टीम ने मोहम्मद नसीम को विशेष न्यायालय के समक्ष पेश किया। जिसके बाद कोर्ट ने उसे 22 नवंबर तक न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया।

बता दें कि 8 नवंबर बुधवार को आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े दो आतंकियों मोहम्मद नसीम और मो। आरिज हसनैन को एटीएस ने हजारीबाग और गोड्डा जिले से गिरफ्तार किया था। मोहम्मद नसीम हजारीबाग के कटकमसांडी थाना क्षेत्र के महतो टोला का रहने वाला है। नसीम की गिरफ्तारी हजारीबाग से ही हुई थी। वहीं दूसरे आतंकी मो।आरिज हसनैन गोड्डा जिले के रहमत नगर का रहने वाला है। आरिज की गिरफ्तारी गोड्डा से की गयी थी। गिरफ्तार दोनों आतंकी तालिबान आतंकी संगठन के संपर्क में थे। दोनों आतंकी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के लोगों के संपर्क में थे। इतना ही नहीं दोनों इजराइल और फिलिस्तीन के बीच हो रहे युद्ध को लेकर फिलिस्तीन को सपोर्ट करने के लिए देश छोड़ने की फिराक में थे।



हिन्दू धर्म में धनवंतरी देवताओं के वैद्य माने गए हैं। धनवंतरी महान चिकित्सक थे। हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार धनवंतरी भगवान विष्णु के अवतार समझे गए हैं। समुद्र मंथन के दौरान धनवंतरी का पृथ्वी लोक में अवतरण हुआ था। शरद पूर्णिमा को चंद्रमा, कार्तिक द्वादशी को कामधेनु गाय, त्रयोदशी को धन्वंतरी, चतुर्दशी को काली माता और अमावस्या को भगवती लक्ष्मी जी का सागर से प्रादुर्भाव हुआ था। इसीलिए दीपावली के दो दिन पूर्व धनतेरस को भगवान धनवंतरी का जन्म धनतेरस के रूप में मनाया जाता है।

आज ही के दिन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के जन्मदाता धन्वन्तरि वैद्य समुद्र से अमृत कलश लेकर प्रगट हुए थे, इसलिए धनतेरस को धन्वन्तरि जयन्ती भी कहते हैं। इसीलिए वैद्य-हकीम और ब्राह्मण समाज आज धन्वन्तरि भगवान का पूजन कर धन्वन्तरि जयन्ती मनाता है।

# भगवान धनवंतरी व यम पूजन का दिन

# धनतेरस



कार्तिक मास की कृष्ण त्रयोदशी को धनतेरस कहते हैं। यह त्योहार दीपावली आने की पूर्व सूचना देता है। इस दिन नए बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है। धनतेरस के दिन मृत्यु के देवता यमराज और भगवान धनवंतरी की पूजा का महत्व है।

## क्यों मनाया जाता है धनतेरस

भारतीय संस्कृति में स्वास्थ्य का स्थान धन से ऊपर माना जाता रहा है। यह कहावत आज भी प्रचलित है कि पहला सुख निरोगी काया, दूजा सुख घर में माया इसलिए दीपावली में सबसे पहले धनतेरस को महत्व दिया जाता है। जो भारतीय संस्कृति के हिसाब से बिल्कुल अनुकूल है। शास्त्रों में वर्णित कथाओं के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी के दिन भगवान धनवंतरी अपने हाथों में अमृत कलश लेकर प्रकट हुए। मान्यता है कि भगवान धनवंतरी विष्णु के अंशावतार हैं। संसार में चिकित्सा विज्ञान के विस्तार और प्रसार के लिए ही भगवान विष्णु ने धनवंतरी का अवतार लिया था। भगवान धनवंतरी के प्रकट होने के उपलक्ष्य में ही धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है।

## धनतेरस की कथा

धनतेरस से जुड़ी कथा है कि कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी के दिन देवताओं के कार्य में बाधा डालने के कारण भगवान विष्णु ने असुरों के गुरु शुक्राचार्य की एक आंख फोड़ दी थी। कथा के अनुसार, देवताओं को राजा बलि के भय से मुक्ति दिलाने के लिए भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और राजा बलि के यज्ञ स्थल पर पहुंच गए।
शुक्राचार्य ने वामन रूप में भी भगवान विष्णु को पहचान लिया और राजा बलि से आग्रह किया कि वामन कुछ भी मांगे उन्हें इंकार कर देना। वामन साक्षात भगवान विष्णु हैं जो देवताओं की सहायता के लिए तुमसे सब कुछ छीनने आए हैं। बलि ने शुक्राचार्य की बात नहीं मानी। वामन भगवान द्वारा मांगी गई तीन पग भूमि, दान करने के लिए कमंडल से जल लेकर संकल्प लेने लगे। बलि को दान करने से रोकने के लिए शुक्राचार्य राजा बलि के कमंडल में लघु रूप धारण करके प्रवेश कर गए। इससे कमंडल से जल निकलने का मार्ग बंद हो गया। वामन भगवान शुक्रचार्य की चाल को समझ गए। भगवान वामन ने अपने हाथ में रखे हुए कुशा को कमण्डल में ऐसे रखा कि शुक्राचार्य की एक आंख फूट गई। शुक्राचार्य छटपटाकर कमण्डल से निकल आए।
इसके बाद बलि ने तीन पग भूमि दान करने का संकल्प ले लिया। तब भगवान वामन ने अपने एक पैर से संपूर्ण पृथ्वी को नाप लिया और दूसरे पग से अंतरिक्ष को। तीसरा पग रखने के लिए कोई स्थान नहीं होने पर बलि ने अपना सिर वामन भगवान के चरणों में रख दिया।
बलि दान में अपना सब कुछ गंवा बैठा। इस तरह बलि के भय से देवताओं को मुक्ति मिली और बलि ने जो धन-संपत्ति देवताओं से छीन ली थी उससे कई गुणा धन-संपत्ति देवताओं को मिल गई। इस उपलक्ष्य में भी धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है।

## क्या खास करें इस दिन

इस दिन अपने सामर्थ अनुसार किसी भी रूप में चांदी एवं अन्य धातु खरीदना अति शुभ है। धन संपत्ति की प्राप्ति हेतु कुबेर देवता के लिए घर के पूजा स्थल पर दीप दान करें एवं मृत्यु देवता यमराज के लिए मुख्य द्वार पर भी दीप दान करें।

# क्यों मनाई जाती है धनतेरस



धनतेरस, धनवंतरी त्रयोदशी या धन त्रयोदशी दीपावली से पूर्व मनाया जाना महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन आरोग्य के देवता धनवंतरी, मृत्यु के अधिपति यम, वास्तविक धन संपदा की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी तथा वैभव के स्वामी कुबेर की पूजा की जाती है। इस त्योहार को मनाए जाने के पीछे मान्यता है कि लक्ष्मी के आह्वान के पहले आरोग्य की प्राप्ति और यम को प्रसन्न करने के लिए कर्मों का शुद्धिकरण अत्यंत आवश्यक है।

- कुबेर भी आसुरी प्रवृत्तियों का हरण करने वाले देव हैं।
- धनवंतरी और मां लक्ष्मी का अवतरण समुद्र मंथन से हुआ था। दोनों ही कलश लेकर अवतरित हुए थे।
- श्री सूक्त में लक्ष्मी के स्वरूपों का विवरण कुछ इस प्रकार मिलता है।
  **धनमग्नि, धनम वायु, धनम सूर्यो धनम वसु**
  अर्थात् प्रकृति ही लक्ष्मी है और प्रकृति की रक्षा करके मनुष्य स्वयं के लिए ही नहीं, अपितु निःस्वार्थ होकर पूरे समाज के लिए लक्ष्मी का सृजन कर सकता है।
- श्री सूक्त में आगे यह भी लिखा गया है- 'न क्रोधो न मात्सर्यम न लोभो ना अशुभा मति'
  तात्पर्य यह कि जहां क्रोध और किसी के प्रति द्वेष की भावना होगी, वहां मन की शुभता में कमी आएगी, जिससे वास्तविक लक्ष्मी की प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होगी। यानी किसी भी प्रकार की मानसिक विकृतियां लक्ष्मी की प्राप्ति में बाधक हैं।
- आचार्य धनवंतरी के बताए गए मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी उपाय अपनाना ही धनतेरस का प्रयोजन है।
- श्री सूक्त में वर्णन है कि, लक्ष्मी जी भय और शोक से मुक्ति दिलाती हैं तथा धन-धान्य और अन्य सुविधाओं से युक्त करके मनुष्य को निरोगी काया और लंबी आयु देती हैं।

# छोटी दीपावली-नरक चतुर्दशी

**कार्तिक माह के कृष्णपक्ष की चतुर्दशी को नरक चतुर्दशी के नाम से जाना जाता है. नरक चतुर्दशी को नरक चौदस, रुप चौदस, रूप चतुर्दशी, नर्क चतुर्दशी या नरका पूजा के नाम से भी जानते हैं. मान्यता है कि कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी के दिन मुख्य रूप से मृत्यु के देवता यमराज की पूजा का विधान है.**

नरक चतुर्दशी को छोटी दीपावली भी कहा जाता है. दीपावली से एक दिन पहले मनाई जाने वाली नरक चतुर्दशी के दिन संध्या के पश्चात दीपक प्रज्जवलित किए जाते हैं. नरक चतुर्दशी का पूजन कर अकाल मृत्यु से मुक्ति तथा स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए यमराज जी की पूजा उपासना की जाती है. इस रात्रि के पूजन एवं दीप जलाने की प्रथा के संदर्भ में पौराणिक कथाएं तथा कुछ लोक मान्यताएं प्रचलित हैं जो इस पर्व के महत्व को परिलक्षित हैं.

## नरक चतुर्दशी पर्व से जुड़ीं कथाएं

नरक चतुर्दशी के पर्व के साथ अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं. एक पौराणिक कथा के अनुसार रन्ति देव नामक एक राजा हुए थे. वह बहुत ही पुण्यात्मा और धर्मात्मा पुरूष थे सदैव धर्म कर्म के कार्यों में लगे रहते थे. जब उनका अंतिम समय आया तो यमराज के दूत उन्हें लेने के लिए आते हैं. और राजा को नरक में ले जाने के लिए आगे बढते हैं. यमदूतों को देख कर राजा आश्चर्य चकित हो उनसे पूछते हैं कि मैंने तो कभी कोई अधर्म या पाप नहीं किया है तो फिर आप लोग मुझे नर्क में क्यों भेज रहे हैं. कृपा कर मुझे मेरा अपराध बताएं जिस कारण मुझे नरक का भागी होना पड़ रहा है. राजा की करूणा भरी वाणी सुनकर यमदूत उनसे कहते हैं कि, हे राजन एक बार तुम्हारे द्वार से एक ब्राह्मण भूखा ही लौट गया जिस कारण तुम्हें नरक जाना पड़ रहा है. यह सुनकर राजा यमदूतों से विनती करते हुए कहते हैं कि वह उसे एक वर्ष का और समय देने की कृपा करें. राजा का कथन सुनकर यमदूत विचार करने लगते हैं और राजा की आयु एक वर्ष बढ़ा देते हैं. यमदूतों के जाने पर राजा इस समस्या के निदान के लिए ऋषियों के पास जाता हैं, उन्हें सारा वृतान्त सुनाता है. ऋषि राजा से कहते हैं कि यदि राजन कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी का व्रत करें. ब्रह्मणों को भोजन करवा कर उनसे अपने अपराधों के लिए क्षमा याचना करें तो वह इस पाप से मुक्त हो सकते हैं. ऋषियों के कथन अनुसार राजा कार्तिक माह की कृष्ण चतुर्दशी का व्रत करता है और इस प्रकार राजा पाप मुक्त हो कर विष्णु लोक में स्थान पाता है. तभी से पापों एवं नर्क से मुक्ति हेतु कार्तिक चतुर्दशी व्रत प्रचलित है. एक अन्य कथा अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण ने कार्तिक माह को कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी के दिन नरकासुर का वध करके, देवताओं व ऋषियों को उसके आतंक से मुक्ति दिलवाई थी. इसके साथ ही साथ श्री कृष्ण भगवान ने सोलह हजार कन्याओं को नरकासुर के बंदी गृह से मुक्त करवाया था. इस उपलक्ष पर नगर वासियों ने नगर को दीपों से प्रकाशित किया और उत्सव मनाया तभी से नरक चतुर्दशी का त्यौहार मनाया जाने लगा.

## रूप चतुर्दशी

नरक चतुर्दशी को रूप चतुर्दशी भी कहते हैं. रूप चतुर्दशी के दिन भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करनी चाहिए ऐसा करने से रूप सौंदर्य की प्राप्ति होती है. रूप चतुर्दशी से संबंधित एक कथा भी प्रचलित है मान्यता है कि प्राचीन समय पहले हिरण्यगर्भ नामक राज्य में एक योगी रहा करते थे. एक बार योगीराज ने प्रभु को पाने की इच्छा से समाधि धारण करने का प्रयास किया. अपनी इस तपस्या के दौरान उन्हें अनेक कष्टों का सामना करना पड़ा. उनकी देह पर कीड़े पड़ गए, बालों, रोओं और भौंहों पर जुएँ पैदा हो गई. अपनी इतनी विभत्स दशा के कारण वह बहुत दुखी होते हैं. तभी विचरण करते हुए नारद जी उन योगी राज जी के पास आते हैं और उन योगीराज से उनके दुख का कारण पूछते हैं. योगीराज उनसे कहते हैं कि, हे मुनिवर मैं प्रभु को पाने के लिए उनकी भक्ति में लीन रहा परंतु मुझे इस कारण अनेक कष्ट हुए हैं ऐसा क्यों हुआ? योगी के करूणा भरे वचन सुनकर नारदजी उनसे कहते हैं, हे योगीराज तुमने मार्ग तो उचित अपनाया किंतु देह आचार का पालन नहीं जान पाए इस कारण तुम्हारी यह दशा हुई है. नारद जी के कथन को सुन, योगीराज उनसे देह आचार के विषय में पूछते हैं इस पर नारदजी उन्हें कहते हैं कि सर्वप्रथम आप कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी के दिन व्रत रखकर भगवान की पूजा अराधना करें क्योंकि ऐसा करने से आपका शरीर पुनः पहले जैसा स्वस्थ और रूपवान हो जाएगा. तब आप मेरे द्वारा बताए गए देह आचार को कर सकेंगे. नारद जी के वचन सुन योगीराज ने वैसा ही किया और उस व्रत के फलस्वरूप उनका शरीर पहले जैसा स्वस्थ एवं सुंदर हो गया. अतः तभी से इस चतुर्दशी को रूप चतुर्दशी के नाम से जाना जाने लगा.



## नरक चतुर्दशी पूजा विधि

नरक चतुर्दशी के दिन सुबह के समय आटा, तेल और हल्दी को मिलाकर उबटन तैयार किया जाता है. इस उबटन को शरीर पर लगाकर, अपामार्ग (चिचड़ी) की पत्तियों को जल में डालकर स्नान करते हैं. इस दिन विशेष पूजा की जाती है जो इस प्रकार होती है, सर्वप्रथम एक थाल को सजाकर उसमें एक चौमुख दिया जलाते हैं तथा सोलह छोटे दीप और जलाएं तत्पश्चात रोली खीर, गुड़, अबीर, गुलाल, तथा फूल इत्यादि से ईष्ट देव की पूजा करें. इसके बाद अपने कार्य स्थान की पूजा करें. पूजा के बाद सभी दीयों को घर के अलग अलग स्थानों पर रख दें तथा गणेश एवं लक्ष्मी के आगे धूप दीप जलाएं. इसके पश्चात संध्या समय दीपदान करते हैं जो यम देवता, यमराज के लिए किया जाता है. विधि-विधान से पूजा करने पर व्यक्ति सभी पापों से मुक्त हो प्रभु को पाता है.

## अकाल मृत्यु से रक्षा करता है

# धनतेरस का दीपदान

धनतेरस के दिन खरीदारी में इतने व्यस्त न हो जाएं कि शाम के समय दीपदान करना भूल जाएं। धनतेरस की शाम में दीपदान का बड़ा ही महत्व है। शास्त्रों में बताया गया है कि धनतेरस के दिन संध्या के समय दीपदान जरूर करना चाहिए। इससे यमराज प्रसन्न होते हैं और अकाल मृत्यु से बचाव होता है।
इस संदर्भ में कथा है कि, एक बार यमराज ने यमदूतों से कहा लोगों के प्राण हरते समय तुम्हें कभी दुःख हुआ है अथवा नहीं। इस पर यमदूत ने कहा कि एक बार एक राजकुमार के प्राण हरते समय हमें बहुत दुःख हुआ था। राजकुमार की शादी के चार ही दिन हुए थे। राजकुमार की मृत्यु से राजमहल में चित्कार और हाहाकार मच गयी। नववधू का विलाप देखकर हमारा हृदय हमें धिक्कारने लगा। इसके बाद यमदूतों ने यमराज से पूछा कि हे यमदेव कोई ऐसा उपाय नहीं है जिससे प्राणी की अकाल मृत्यु न हो। यमराज ने कहा कि जो व्यक्ति धनतेरस के दिन मेरे नाम से दीप जलाकर मुझे स्मरण करेगा उसे अकाल मृत्यु का भय नहीं सताएगा। यमदीप के संदर्भ में एक अन्य कथा भी प्रचलित है कि, प्राचीन काल में एक हिम नामक राजा हुए। विवाह के कई वर्षों बाद इन्हें पुत्र की प्राप्ति हुई। ज्योतिषियों ने जब राजकुमार की कुण्डली देखी तो कहा कि विवाह के चौथे दिन राजकुमार की मृत्यु हो जाएगी। राजा रानी इस बात को सुनकर दुःखी हो गये। समय बितता गया और राजकुमार की शादी हो गयी। विवाह का चौथा दिन भी आ गया। राजकुमार की मृत्यु होने के भय से सभी लोग सहमे हुए थे। लेकिन राजकुमार की पत्नी चिंता मुक्त थी। उसे मां लक्ष्मी की भक्ति पर पूरा विश्वास था। शाम होने पर राजकुमार की पत्नी ने पूरे महल को दीपों से सजा दिया। इसके बाद मां लक्ष्मी के भजन गाने लगी। यमदूत जब राजकुमार के प्राण लेने आये तो मां लक्ष्मी की भक्ति में लीन राजकुमार की पतिव्रता पत्नी को देखकर महल में प्रवेश करने का साहस नहीं जुटा पाये। यमदूतों के लौट जाने पर यमराज स्वयं सर्प का रूप धारण करके महल में प्रवेश कर गये। सर्प बने यमराज जब राजकुमारी के कक्ष के समाने पहुंचे तब दीपों की रोशनी और लक्ष्मी मां की कृपा से सर्प की आंखें चौंधिया गयी और सर्प बने यमराज राजकुमारी के पास पहुंच गये। राजकुमारी के भजनों में यमराज ऐसे खोये की उन्हें पता ही नहीं चला कि कब सुबह हो गयी। राजकुमार की मृत्यु का समय गुजर जाने के बाद यमराज को खाली हाथ लौटना पड़ा और राजकुमार दीर्घायु हो गया। ऐसी मान्यता है कि इसी दिन से धनतेरस के दिन यमदीप जलाने की परंपरा शुरू हुई।



# धनतेरस पर कुबेर पूजा का महत्व

भगवान कुबेर विसराव के पुत्र और ब्रह्मदेव के पोते हैं। उन्हें धनपति और स्वर्ग के बैंकर भी कहा जाता है। कुबेर भगवान के कोषाध्यक्ष हैं। भगवान कुबेर का निवास स्थान कैलाश पर्वत है। वह अष्ट दिकपाला का प्रतिनिधित्व करते हैं जो कि उत्तर दिशा में है। इसी वजह से उन्हें उत्तर दिशा के तौर पर भी जाना जाता है। हिन्दू धर्म में उन्हें राजाओं के राजा माना जाता है।
आमतौर पर उन्हें उन्हें बौना, गौरा और बड़ी-सी तोंद वाला दिखाया जाता है। उनकी तीन टांगें, आठ दांत, एक आंख है और वह हमेशा बहुत से गहने पहने रहते हैं। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो कुबेर देवता धरती में गड़े हुए धन की रक्षा करते हैं। वह सोने, चांदी और नौ सिद्धियों के खज़ाने की रखवाली करते हैं। कुबेर के विमान का नाम पुष्पक है जिसपर सवार होकर वह पूरे विश्व का भ्रमण करते हैं। उनके पास हमेशा एक पर्स रहता है जिसमें पैसे और अन्य कीमती सामान रहता है। भगवान कुबेर की पूजा करने से घर में समृद्धि आती है।
समृद्धि प्राप्ति के लिए धनतेरस पर कुबेर पूजा कुबेर पूजा में पूरे विधि-विधान से वैदिक मंत्रों का जाप किया जाता है। यह पूजा धनतेरस के दिन की जाती है। यह पूजा गवग्रह मदिर खरगौन में भी की जाती है, अगर आप चाहें तो उसमें शामिल हो सकते हैं। यहां पर पूरे विधि-विधान से पूजा संपन्न की जाती है ताकि सभी को भगवान कुबेर का आशीर्वाद मिले और सबके जीवन में समृद्धि बनी रहे। अगर कुबेर प्रसन्न हो जाते हैं तो वह अपने भक्तों को समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं।
कुबेर पूजा का महत्व और लाभ समृद्धि और धन प्राप्ति के लिए कुबेर की पूजा और हवन किया जाता है। जिन लोगों के जीवन में पैसे या कारोबार संबंधी परेशानी हो उन लोगों को तांत्रिक पूजन करना चाहिए। ऐसा करने से उन्हें भगवान कुबेर का आशीर्वाद प्राप्त होगा। एक पुराने, शक्तिशाली और पूरा यंत्र को कुबेर यंत्र कहा जाता है। धनतेरस के दिन इस यंत्र की पूजा करने से भी विशेष लाभ होता है। माना जाता है कि इस दिन भगवान कुबेर जल्दी प्रसन्न हो जाते हैं। कुबेर पूजा का बहुत महत्व है और इसे करने से विशेष लाभ होते हैं-
-यह पूजा करने से घर में धन-धान्य बना रहता है। -कर्ज से मुक्ति मिलती है। -गरीबी से छुटकारा मिलता है और जीवन में समृद्धि आती है। -व्यापार-कारोबार में लाभ होता है। -आपका बैंक बैलेंस बढ़ता है। -किसी भी प्रकार के श्राप से मुक्ति मिलती है।



# धनतेरस पर समृद्धि देते हैं कुबेर..

समस्त धन सम्पदा और ऐश्वर्य के स्वामी कुबेर के लिए धनतेरस के दिन शाम को 13 दीप समर्पित किए जाते हैं। कुबेर भूगर्भ के स्वामी हैं। कुबेर की पूजा से मनुष्य की आंतरिक ऊर्जा जागृत होती है और धन अर्जन का मार्ग प्रशस्त होता है।
निम्न मंत्र द्वारा चंदन, धूप, दीप, नैवेद्य से पूजन करें-
कुबेर मंत्र -
ऊँ यक्षाय कुबेराय वैश्रवणाय धन-धान्य अधिपतये
धन-धान्य समृद्धि में देहि दापय स्वाहा।'



## धनतेरस से आरंभ करें

# मां लक्ष्मी की आराधना

धनतेरस के शुभ दिन से मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के उपाय किए जाने चाहिए। इसके लिए धनतेरस विशेष तंत्र पूजन का विधान शास्त्रों में मिलता है। प्रस्तुत है मंत्र-तंत्र विधि -
***ऊँ ह्रीं ह्रीं ह्रीं महालक्ष्मी धनदा लक्ष्मी कुबेराय मम गृह स्थिरो ह्रीं ऊँ नमः।***

**विधि** - सबसे पहले सामने लक्ष्मी जी का चित्र रखें तथा उनके सामने लाल रंग का वस्त्र बिछाकर उस पर दक्षिणावर्ती शंख रख दें। उस पर केसर से स्वास्तिक बना लें तथा कुमकुम से तिलक कर दें। बाद में स्फटिक की माला से मंत्र की 7 माला करें। तीन दिन तक ऐसा निरंतर करें। इतने से ही मंत्र-साधना सिद्ध हो जाती है। मंत्र जप पूरा होने के पश्चात् लाल वस्त्र में शंख को बांधकर घर में रख दें। जब तक वह शंख घर में रहेगा, तब तक घर में निरंतर उन्नति होती रहेगी।



# कुबेर मंत्र के जाप से होगी लक्ष्मी प्रसन्न

कुबेर देव को धन का देवता माना जाता है। वे देवताओं के कोषाध्यक्ष हैं, इनकी कृपा से किसी को भी धन प्राप्ति के योग बन जाते हैं। कुबेर को प्रसन्न करने का सुप्रसिद्ध मंत्र इस प्रकार है-
कुबेर देव का मंत्र-
**ऊँ यक्षाय कुबेराय वैश्रवणाय, धन धन्याधिपतये धन धान्य समृद्धि मे देहि दापय स्वाहा।**
यह देवताओं के कोषाध्यक्ष कुबेर देव का अमोघ मंत्र है। इस मंत्र का तीन माह तक रोज 108 बार जप करें। जप करते समय अपने सामने एक कौड़ी (धनलक्ष्मी कौड़ी) रखें। तीन माह के बाद प्रयोग पूरा होने पर इस कौड़ी को अपनी तिजोरी या लॉकर में रख दें। ऐसा करने पर कुबेर देव की कृपा से आपका लॉकर कभी खाली नहीं होगा। हमेशा उसमें धन भरा रहेगा। अब मन को एकाग्र करके हनुमान चालीसा का पाठ करें। यदि हनुमान चालीसा का पूर्ण पाठ नहीं कर पा रहे हों तो इन पंक्तियों का पाठ करें-
जम कुबेर दिगपाल जहां ते।
कवि कोबिद कहि सके कहां ते।।
इन पंक्तियों के निरंतर जप से हनुमानजी तो प्रसन्न होंगे ही साथ ही यम, कुबेर आदि देवी-देवताओं की कृपा भी प्राप्त होगी।




BRIEF NEWS

### रांची में सब-इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस पदाधिकारियों के तबादले

**RANCHI :** जिले के अलग-अलग थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस पदाधिकारियों का एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने तबादला किया है। इनमें लोअर बाजार थाना में तैनात एसआई विवेकानंद दूबे को डीसीबी शाखा, डीसीबी शाखा में तैनात सौरव शर्मा को सुखदेवनगर थाना, लालपुर थाना में तैनात मनीष पूर्ति को पुलिस केंद्र, कांके थाना में तैनात संजय नायक को बरियातु थाना और मेसरा ओपी में तैनात रणजीत कुमार सिंह को पुलिस केंद्र भेजा गया है। अधिसूचना के अनुसार विधि व्यवस्था की समीक्षा के दौरान जिले के कुछ थाना प्रभारियों ने अपने थाना में पदस्थापित काम नहीं करने वाले सब इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारी को हटाने और पदस्थापित करने का अनुरोध किया था। इसपर एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने यह कार्रवाई की है।

### ईडी कार्यालय पहुंचे केंद्रीय कारागार के जेल अधीक्षक, पूछताछ शुरू

**RANCHI :** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के जेल अधीक्षक हामिद अख्तर गुरुवार को रांची के हिनू स्थित ईडी कार्यालय में उपस्थित हुए। ईडी के खिलाफ साजिश रचने के मामले में ईडी के अधिकारियों ने उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले मंगलवार को ईडी ने जेल के हेड क्लर्क से पूछताछ की थी। इसके बाद बुधवार को जेलर नसीम खान से पूछताछ की थी। ईडी ने इस मामले में बीते छह नवम्बर को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के जेल अधीक्षक हामिद अख्तर, जेलर नसीम खान और हेड क्लर्क मो. दानिश को समन भेजा था। ईडी ने सात को हेड क्लर्क, आठ को जेलर और नौ नवम्बर को जेल अधीक्षक को पूछताछ के लिए ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने को कहा था।

### राज्य में पटाखे फोड़ने का समय निर्धारित

**RANCHI :** झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद ने पटाखे फोड़ने का समय तय किया है। दीपावली पर्व पर रात 8-10 तक पटाखे चलाने की इजाजत होगी। छठ में सुबह छह से आठ बजे तक ही ऐसा संभव होगा। क्रिसमस और नव वर्ष के दिन मध्य रात्रि 11.55 से 12.30 बजे तक पटाखे दागे जा सकते हैं। सदस्य सचिव यतींद्र कुमार दास ने गुरुवार को बताया कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी, नई दिल्ली) ने वायु प्रदूषण की रोकथाम के संबंध में आदेश जारी कर रखा है। इसके आधार पर प्रदूषण नियंत्रण परिषद अपनी शक्तियों का उपयोग करेगा। ऐसे में जरूरी है कि दीपावली के दिन लोग शाम के आठ बजे से रात 10 बजे तक ही पटाखे फोड़ें। इसके अलावा छठ, क्रिसमस, नव वर्ष आदि त्योहारों के समय भी पटाखे मात्र दो घंटे चलाए जाएंगे।

### मां भवानी क्लब काली पूजा समिति मदुरई मंदिर का बना रहा पंडाल

**RANCHI :** कांके रोड स्थित रॉक गार्डन के समीप मां भवानी काली पूजा समिति की ओर से इस वर्ष मदुरई मंदिर के प्रारूप का निर्माण किया जा रहा है। पंडाल की ऊंचाई 100 फीट और चौड़ाई 25 फीट होगी। समिति के मीडिया प्रभारी दिनेश सिंह तोमर ने गुरुवार को बताया कि समिति की ओर से पूजा पंडाल के ठीक सामने आकर्षक विद्युत सज्जा की जा रही है। इसमें अयोध्या के श्रीराम मंदिर का पूरा प्रारूप को दर्शाया जाएगा। कांके रोड पर आठ तोरण द्वार और 24 साइड गेट लगाए जा रहे हैं। मां काली द्वारा रक्तबीज के वध को विद्युत स्वचालित प्रतिमा के जरिए प्रदर्शित किया जाएगा।

atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

## नगर निकायों में नक्शे की स्वीकृति में पैसों के खेल मामले की सुनवाई

# नदी और प्राकृतिक नाले के 10 से 15 मीटर तक नहीं हो सकता निर्माण

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट राज्य के नगर निकायों में नक्शे स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान से संबंधित याचिका की सुनवाई गुरुवार को हुई। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता लाल ज्ञान रंजन नाथ शाहदेव ने कोर्ट को बताया कि हरमू नदी के उद्गम स्थल डीएवी हेहल, कटहल मोड़ के समीप अतिक्रमण कर लिया गया है, जो नगर विकास एवं आवास विभाग की अधिसूचना का स्पष्ट उल्लंघन है।




हाई कोर्ट को बताया गया कि नदी तथा प्राकृतिक नाले के 10 से 15 मीटर तक निर्माण कार्य नहीं हो सकता है। उसके बाद भी नियम विरुद्ध रांची नगर निगम/आरआरडीए ने 14 मंजिला मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग का नक्शा पास किया है, जिस पर निर्माण कार्य जारी है। पूर्व में भी हाई कोर्ट ने नदियों एवं प्राकृतिक नाले को अतिक्रमण मुक्त करने का अनेकों आदेश दिया है। इस पर जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने नदी के अतिक्रमण पर तीन वकीलों वाले एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त करने का निर्देश दिया।

अधिवक्ताओं की यह कमेटी 24 नवंबर को स्थल जांच कर 30 नवंबर को रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। कोर्ट ने रांची डीसी को निर्देश दिया है कि वह अधिवक्ताओं की कमेटी को स्थल निरीक्षण में सहयोग करें।

## HC : निलंबित IAS पूजा सिंघल की याचिका पर आंशिक सुनवाई

**RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट में खूंटी में हुए मनरेगा घोटाले मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की ओर से डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने एवं ईडी कोर्ट द्वारा किए गए आरोप गठन के खिलाफ दाखिल याचिका की आंशिक सुनवाई गुरुवार को हुई। जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई दीपावली पर्व के एक सप्ताह के बाद निर्धारित की है। खूंटी में मनरेगा घोटाले मामले में पूजा सिंघल समेत सात के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हो चुकी है, जिनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है उनमें पूजा सिंघल के अलावा उनके पति अभिषेक झा, सीए सुमन सिंह, खूंटी जिला परिषद के तत्कालीन कनीय अभियंता राम विनोद सिन्हा, तत्कालीन सहायक अभियंता राजेंद्र जैन, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता जय किशोर चौधरी, खूंटी विशेष प्रमंडल के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता शशि प्रकाश शामिल हैं।

## खाद्य पदार्थों में मिलावट मामले की हुई सुनवाई

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट में दूध में मिलावट सहित मिलावटी खाद्य पदार्थों के मामले में स्वतः संज्ञान की सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में जेपीएससी की ओर से बताया गया कि वर्ष 2023 में फूड सेफ्टी ऑफिसर के 56 पदों को भरने के लिए विज्ञापन निकाला गया है, इन पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया प्रोसेस में है।

चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई फरवरी 2024 के तीसरे सप्ताह में निर्धारित की। मामले में एमिकस क्यूरी पीयूष पोद्दार ने पक्ष रखा। जेपीएससी की ओर से संजय पिपरवाल एवं प्रिंस कुमार ने पैरवी की। सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा।

पूर्व में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि फूड सेफ्टी ऑफिसर एवं अन्य के 56 रिक्त पदों के लिए जेपीएससी को अधियाचना भेजी गई है। मामले में एमिकस क्यूरी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य के 24 जिलों में मात्र रांची के नामकुम में फूड लैब है, यह भी पूर्ण रूप से संचालित नहीं है। इसमें फूड टेस्टिंग कर्मी का पद भी रिक्त है। फूड सैंपल कलेक्शन के लिए दो मोबाइल यूनिट है लेकिन इसमें फूड टेस्टिंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। राज्य के दूसरे जिलों से फूड सैंपल नामकुम लैब आते-आते फूड सैंपल खराब हो सकता है। इस पर महाधिवक्ता ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि जल्द ही फूड सेफ्टी ऑफिसर की नियुक्ति प्रक्रिया सहित अन्य कमियों को दूर कर लिया जाएगा।

## झारखंड विधानसभा नियुक्ति घोटाला मामले की अगली सुनवाई सात को

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट में विधानसभा में नियुक्ति मामले में हुई गड़बड़ी को लेकर शिव शंकर शर्मा जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट एसजे मुखोपाध्याय आयोग से राज्य सरकार को मिल चुकी है, अब आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इस पर चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सात दिसंबर को मामले की अगली सुनवाई करते हुए जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट पर राज्य सरकार की कार्रवाई के संबंध में स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। सुनवाई के दौरान विधानसभा के सचिव की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल कर बताया गया कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय आयोग से मांगा गया है लेकिन यह रिपोर्ट अब तक विधानसभा के पास नहीं पहुंची है। मामले की अगली सुनवाई सात दिसंबर को होगी।

पूर्व की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि विधानसभा में गलत तरीके से नियुक्त अधिकारियों की प्रोन्नति के लिए आयोग से सुझाव मांगा गया है। सरकार की मंशा विधानसभा में गलत रूप से चयनित अधिकारियों को बचाने की है।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी, जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी। रिपोर्ट के आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। राज्यपाल के दिशा निर्देश के बावजूद भी विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इस मामले को लंबा खींचा जा रहा है। मामले में देरी होने से गलत तरीके से चयनित होने वाले अधिकारी सेवानिवृत हो जाएंगे।

## हेमंत ने की आपकी-सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की समीक्षा

# अधिकारियों को सारी व्यवस्थाएं ससमय पूरा करने का दिया निर्देश


समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व अन्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 15 नवंबर को आयोजित होने वाले राज्य स्थापना दिवस समारोह और आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण की शुरूआत को लेकर चल रही तैयारियों की गुरुवार को समीक्षा की। उन्होंने सारी व्यवस्थाएं ससमय पूरा करने समेत कई अहम निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि एक विजन के अनुरूप सभी कार्यक्रम निर्धारित किए जाएं। इस दौरान अधिकारियों ने समारोह के मिनट टू मिनट से अवगत कराया।

**कई योजनाओं की मिलेगी सौगात :** राज्य स्थापना दिवस समारोह में कई महत्वपूर्ण योजनाओं की लॉन्चिंग होनी है। इसे लेकर मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों से उनके विभाग द्वारा लॉन्च की जाने वाली योजनाओं और पॉलिसी की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस समारोह में जिन योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास होना है, उसकी पूरी रूपरेखा समय पूर्व पूरी कर ली जानी चाहिए।

राज्य स्थापना दिवस समारोह में विभिन्न विभागों के करोड़ों रुपए की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास मुख्यमंत्री के द्वारा किया जाएगा । इस अवसर पर रोजगार मेला -सह-नियुक्ति पत्र वितरण, खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार राशि का वितरण, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लाभुक छात्राओं के बीच डीबीटी के माध्यम से राशि का हस्तांतरण और लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री के द्वारा स्थापना दिवस समारोह में झारखंड निर्यात नीति झारखंड एमएसएमई नीति, झारखंड स्टार्टअप नीति और झारखंड आईटी डाटा और बीपीओ प्रमोशन नीति लॉन्च की जाएगी। इसके अलावा अबुआ आवास योजना और मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का भी शुभारंभ होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 15 नवंबर से 29 दिसंबर तक चलने वाले आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण का शुभारंभ होगा।

## भाजपा नेता रघुपाल समर्थकों के साथ राजद में शामिल


राजद की सदस्यता ग्रहण करते रघुपाल सिंह। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** राजद के रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मिलन समारोह में भाजपा के मनिका के उम्मीदवार रहे रघुपाल सिंह ने समर्थकों के साथ राजद की सदस्यता ग्रहण की। राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, राज्य सरकार के मंत्री सत्यानंद भोगता, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान एवं चतरा लोकसभा के पूर्व उम्मीदवार सुभाष यादव ने संयुक्त रूप से रशीद देकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाया। इस दौरान पार्टी में सभी शामिल हुए नेताओं को फूल माला और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया।

सदस्यता लेने के बाद रघुपाल सिंह ने कहा कि झारखंड में भाजपा से आदिवासियों का मोह भंग हो चुका है, जिसका नतीजा है कि पिछले विधान सभा चुनाव में दो ही आदिवासी विधायक जीत पाए। वर्ष 2024 के चुनाव में भाजपा का जाना तय है। झारखंड से भाजपा का जनाधार समाप्त होते जा रहा है। लालू और तेजस्वी यादव के नीति और सिद्धांत से प्रभावित होकर आज हम हजारों कार्यकताओं के साथ राजद की सदस्यता ग्रहण किये है।

राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि राजद का संगठन पूरे झारखंड में मजबूत है। खासकर पलामू प्रमंडल में एक समय में हम लोग सभी सीट पर जीत दर्ज करते थे और आज भी वहां हम मजबूत स्थिति में है।

## राज्यपाल राजभवन में उत्तराखंड के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित, बोले-

# उत्तराखंड सिर्फ भूमि का टुकड़ा मात्र नहीं, यह देवभूमि है

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हिमालय की गोद में बसा उत्तराखंड सिर्फ भूमि का टुकड़ा मात्र नहीं है। यह देवभूमि है, जो जीवन जीने की शैली का पर्याय है। उन्होंने कहा कि इस राज्य की स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की ओर वर्ष 2000 में की गई थी। उस समय उन्हें लोकसभा सदस्य रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था।

राज्यपाल गुरुवार को राजभवन में उत्तराखंड राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां की नदियां, ग्लेशियर, पहाड़, प्राकृतिक सौंदर्यता और सांस्कृतिक विरासत सबको आकर्षित करती है। यहां के लोगों की सहजता, सरलता एवं आध्यात्मिकता हमें अच्छे मार्ग पर चलने का संदेश देती है। यहां पावन तीर्थ स्थलों के साथ साहसिक रास्ते और प्रसिद्ध पर्यटन स्थल आकर्षण के केंद्र है।



कार्यक्रम में उपस्थित राज्यपाल व अन्य। ● फोटोन न्यूज

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल से उत्तराखंड के पावन स्थलों में तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए आधारभूत संरचनाओं का विस्तार किया गया है। हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है और मानवीय दृष्टिकोण के कारण उनकी सराहना विश्व स्तर पर हो रही है।

## राज्यपाल से मिले अमर बाउरी

**RANCHI :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को राजभवन में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी ने शिष्टाचार मुलाकात की। नया दायित्व मिलने के बाद बाउरी की यह राज्यपाल से पहली भेंट थी। इस दौरान उन्होंने राज्य हित में विपक्षी दल की भूमिका और सहयोग पर उनसे चर्चा भी की। राज्यपाल ने उम्मीद जताई कि नेता प्रतिपक्ष के रहने से अब राज्य की जनता के कल्याणार्थ कई सकारात्मक पहल होंगे। राजभवन से निकलने के बाद अमर बाउरी ने हरमू रोड में सड़क किनारे बैठे कारीगरों, दुकानदारों से मिट्टी के दीयों और दूसरे सामानों की खरीदारी की। मौके पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस बार की दीपावली इस देश के लोगों के लिए खास भी है। भगवान राम लंका विजय के पश्चात जब अयोध्या लौटे थे तो लोगों ने खुशी से दीये जलाए थे। रोशनी का त्योहार मनाया था। इस बार एक बार फिर ऐतिहासिक पल आने वाला है जब अगले दो माह बाद अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। यह इस देश के लिए विशिष्ट, ऐतिहासिक पल होगा।

# खबरें राउरकेला की

### दिव्यांगो को आत्मनिर्भर बना रहा आशादीप



**ROURKELA :** विकलांग है लेकिन अक्षम नहीं। सीखने और विभिन्न प्रकार के कार्य करने में इनकी गहरी रुचि है । वे अनेक प्रकार की सामग्रियाँ बनाने में कुशल हैं। अब ये दिव्यांग बच्चे दीपावली पर्व के रोशनी के अलग-अलग रंगों के मिट्टी के दीये तैयार कर रहे हैं। इनके द्वारा अलग-अलग रंगों से दीप तैयार किया जा रहा है। राउरकेला के 'आशा दीप' संस्थान के ये बच्चे दीये, मोमबत्ती और अगरबत्ती आदि भी बना रहे हैं। बच्चों द्वारा बनाए गए दिए लोग भी बड़े चाव से खरीद रहे हैं। इन दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए छेंड कॉलोनी, राउरकेला में 'आशा दीप' की ओर से यह प्रयास किया गया है। लोग यहां दीये खरीदने आते हैं। ऑनलाइन में भी दीये खरीदने के ऑर्डर आ रहे हैं। आशा दीप संस्थान के इन बच्चे अपने आपको कभी विकलांग नहीं माना। तरह-तरह की वस्तुएं इन बच्चों द्वारा रुचि से बनाई जा रही हैं। आशा दीप ने उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए इस दीपवाली में रंग-बिरंगे दीये खरीदने की अपील की है।

### स्वास्ति सिंह ने राष्ट्रीय खेल मे जीता 4 पदक



**ROURKELA :** राउरकेला स्टील प्लांट के कर्मचारी अमर सिंह के पुत्री स्वस्ति सिंह ने गोवा में राष्ट्रीय खेलों में 1 स्वर्ण और 3 कांस्य पदक जीते हैं। 3 किमी व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक, 10 किमी स्क्रैच रेस में कांस्य पदक, ओम्नियम रेस में कांस्य पदक, 75 किमी रोड मास स्टार्ट में स्वर्ण पदक जीत कर राउरकेला तथा ओडिशा का नाम रोशन किया है।

### सोने की दुकान पर जीएसटी विभाग की छापेमारी, बिक्री पर बिल का भुगतान न करने का आरोप



**ROURKELA :** राउरकेला मुख्य मार्ग पर पुराने टैक्सी स्टैंड के पास कॉनक ज्वेलर्स पर जीएसटी विभाग द्वारा रेड किया गया है।डिप्टी कमिश्नर जगदीश शाह के नेतृत्व में जीएसटी प्रवर्तन की 8 सदस्यीय टीम ने यह जांच जारी रखी है। सोने के आभूषणों की बिक्री के बिलों का भुगतान न करने या ग्राहकों को बिल नहीं देने की शिकायतें मिलने के बाद यह कदम उठाया गया। जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर जगदीश शाह ने कहा कि शाम तक अधिक जानकारी मिल सकेगी, जबकि जीएसटी विभाग के अधिकारी दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं।

### राउरकेला सरकारी आईटीआई और 'उत्कलमणि गोपबंधु इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग' को मिला नया रूप



**ROURKELA :** राउरकेला के सरकारी आईटीआई और उत्कलमणि गोपबंधु इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग (यूजीआईई) को अब नया रूप मिल गया है। ओडिशा खनिज असर क्षेत्र विकास निगम (ओम्बाडसी) की मदद से इन दोनों प्रशिक्षण संस्थानों के विभिन्न व्यवसायों का आधुनिकीकरण किया गया है। फलस्वरूप औद्योगिक दृष्टि से उपयोगी प्रशिक्षण प्राप्त कर विद्यार्थियों को विभिन्न कम्पनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। दूतावास ने राज्य के विभिन्न खदान प्रभावित जिलों में सरकारी आईटीआई और इंजीनियरिंग स्कूलों के बुनियादी ढांचे के विकास का काम शुरू किया है। तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास विभाग के तहत सुंदरगढ़ जिले के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों 'राउरकेला सरकारी आईटीआई' और 'उत्कलमणि गोपबंधु इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग' के बुनियादी ढांचे के विकास के साथ प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अनुकूल माहौल बनाया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्र राज्य और राज्य के बाहर विभिन्न कंपनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। 2018 से 2023 -में, राउरकेला सरकारी आईटीआई और यूजीआईई से लगभग 2,500 छात्रों को उन्नत प्रशिक्षण के साथ भर्ती किया गया है। 'उत्कलमणि गोपबंधु इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग' में 7 शाखाओं में करीब 1400 छात्र प्रशिक्षण ले रहे हैं।यह धातुकर्म, रसायन और सिरेमिक इंजीनियरिंग जैसे आधुनिक व्यवसायों में शिक्षा प्रदान करने वाला राज्य का एकमात्र व्यावसायिक संस्थान है। ओम्बाडसी निधि की सहायता से संस्था ने एक नया आकार लिया है। विभिन्न खदान प्रभावित जिलों में ओम्बाडसी की मदद से सरकारी आईटीआई और इंजीनियरिंग स्कूलों में ढांचागत विकास के साथ-साथ उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। परिणामस्वरूप, राज्य और देश विदेशों में औद्योगिक जगत के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार करने में सक्षम हैं।

### एडीएम-सह-आरएमसी आयुक्त ने नये बस स्टैंड के पीछे मछली मार्केट बस्ती का किया दौरा

**ROURKELA :** राउरकेला एडीएम-सह-आरएमसी आयुक्त डॉ. शुभंकर महापात्र ने नये बस स्टैंड के पीछे मछली मार्केट बस्ती का दौरा किया और वहां के लोगों की समस्याओं के बारे में पूछताछ की। बस्ती में जल निकासी की समस्या होने पर अधिकारियों को जल जमाव के समाधान हेतु निर्देश दिया। गौरतलब है कि तीन सप्ताह से पहले निकासी व्यवस्था खराब होने के कारण कई बिना बारिश के घरों में नाली के पानी घुस गया था /जलजमाव के कारण भीषण समस्या का सामना करना पड़ रहा था। उस समय न्यू बस स्टैंड से भी जलजमाव की सूचना मिली थी। डॉ. महापात्र ने छेंड में निमार्णाधीन विज्ञान पार्क और तारामंडल परियोजना स्थल का भी दौरा किया। उन्होंने निर्माण की प्रगति की समीक्षा की और उपस्थित अधिकारियों को परियोजना का काम जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया(

### एनआईटी राउरकेला में सतत विकास पर सम्मलेन आयोजित




**ROURKELA :** मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग, एनआईटी राउरकेला द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित ₹1.4 बिलियन आकांक्षाएं, एक सतत भविष्य: विकास के लिए भारत के पथ को उजागर करना₹ विषय पर इंडियन एसोसिएशन फॉर स्टडी ऑफ पॉपुलेशन (आईएएसपी) का 44वां वार्षिक सम्मेलन आज शुरू हुआ। पद्म श्री (प्रो.) दिगंबर बेहरा, जो पूर्व डीन (अनुसंधान) और पल्मोनरी मेडिसिन विभाग पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के प्रमुख ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे । विलियम हैनलॉन जूनियर (फील्ड ऑफिस के प्रमुख, यूनिसेफ, ओडिशा) ने सम्मानित अतिथि के रूप में समारोह में भाग लिया। उद्घाटन सत्र के साथ शुरू हुए इस तीन दिवसीय सम्मेलन में 150 पंजीकृत उम्मीदवार शामिल हुए, जिनमें विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों और विश्वविद्यालयों जैसे जेएनयू, इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पॉपुलेशन साइंसेज, जादवपुर यूनिवर्सिटी, इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ (आईईजी), बिट्स पिलानी के जनसांख्यिकी, संकाय और अनुसंधान विद्वान शामिल हुए।

# नीतीश के इस्तीफे की मांग पर अड़ी बीजेपी




**पटना।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र का चौथा दिन है। मुख्यमंत्री के सेक्स वाले बयान को लेकर विधानसभा में आज भी हंगामा जारी है। बीजेपी विधायक मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग पर अड़े हैं। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही बीजेपी विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष वेल में आकर नारेबाजी करने लगे। बीजेपी की महिला विधायक भागीरथी देवी, निक्की हेमब्रम और दो महिला विधायक आसान के पास पहुंच गईं। विधानसभा अध्यक्ष को पर्चा दिखाने लगीं। बीजेपी विधायकों ने कुर्सी-टेबल पटका। स्पीकर ने कहा कि कुर्सी उठाने वाले विधायकों का नाम नोट किया जाए, कार्रवाई की जाएगी। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। भाजपा के विधायक कुंदन कुमार और राजद विधायक विजय कुमार मंडल सदन के बाहर आपस में भिड़ गए। आरक्षण के मुद्दे को लेकर दोनों के बीच तीखी नोंक झोंक हुई। कहासुनी के दौरान कंडोम बेचने तक बात पहुंच गई। राजद विधायक विजय कुमार मंडल ने कहा कि बीपी सिंह मंडल के महानायक रहे हैं। वह नायक नहीं, महानायक थे। विजय मंडल ने कहा कि जब बीपी सिंह ने मंडल कमीशन लागू किया तो इन्हें मंदिर का मुद्दा दिखने लगा। आडवाणी मंदिर के लिए रथ लेकर घूमने लगे। जब-जब गरीबों की बात उठती है यह लोग विरोध करने लगते हैं। आज फिर जब जातीय गणना और गरीबों की बात हुई तो एक बार फिर से विरोध करने लगे हैं। इनकी मानसिकता सावंत की पक्षधर और गरीब विरोधी रही है। कपूरी ठाकुर की यह पूजा करते हैं और कपूरी ठाकुर को किसने हटाया। वहीं, भाजपा विधायक कुंदन कुमार ने कहा कि इनको जानकारी नहीं है कि मंडल कमीशन लागू के समय भाजपा सरकार में थी। यह कह रहे हैं कि भाजपा ने सरकार गिरा दिया, जब आडवाणी जी की गिरफ्तारी हुई, तब सरकार से समर्थन वापस लिया था। आगे उन्होंने कहा कि आपलोग सदन में कंडोम बेचने की बात कीजिए। इधर कार्यवाही के शुरू होने से पहले विधानसभा के बाहर भाजपा विधायक हरि भूषण ठाकुर बचौल लगातार चौथे दिन प्रदर्शन कर रहे हैं। अनुसूचित जाति और जनजाति के कर्मचारियों को प्रमोशन देने की मांग, कृषि रोड मैप में धन के दोहन की मांग बंद करने की मांग कर रहे हैं। साथ ही बीजेपी विधायक मुख्यमंत्री इस्तीफा दो के नारे लगा रहे हैं। सेक्स एजुकेशन का ज्ञान देना बंद करो, यह सरकार निकम्मी है, लाठी गोली की सरकार नहीं चलेगी के नारे लगा रहे हैं। इधर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के समर्थन में सदन के बाहर भाकपा(माले) के विधायक प्रदर्शन कर रहे हैं। माले के विधायक मनोज मंजिल ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका को 18 हजार और सहायिका को 10 हजार और साथी रसोईया को 10 हजार वेतनमान दिया जाए। राज्य सरकार ने वेतनमान देने का वादा किया था, उसे लागू करें। भाकपा माले विधायक ने यह भी कहा कि हम आरक्षण बढ़ाने का वेलकम करते हैं। लेकिन, एससी-एसटी और ओबीसी को प्राइवेट सेक्टर में भी हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। प्राइवेटाइजेशन में कानून लागू किया जाए। इन सबके बीच सरकार आरक्षण संशोधन बिल-2023 पेश करेगी। इस बिल को दो हिस्सों में पेश किया जाएगा। इसमें शिक्षण संस्थानों में आरक्षण और सरकारी नौकरियों में आरक्षण शामिल है। आरक्षण संशोधन बिल को विधानसभा और विधान परिषद में एक साथ पेश किया जाएगा। बिल पेश होने के बाद दोनों सदनों में बहस होगी।

## बिहार की 95% आबादी के पास कोई गाड़ी नहीं



**पटना।** बिहार सरकार की तरफ से जारी जातीय और आर्थिक आंकड़ों के मुताबिक राज्य की 95.49 फीसदी आबादी के पास किसी प्रकार की कोई गाड़ी नहीं है। वहीं, 0.44 प्रतिशत लोगों के पास ही चार पहिया वाहन हैं। 0.11 प्रतिशत आबादी के पास तीन पहिया वाहन हैं तो दो पहिया वाहन 3.80 फीसदी लोगों के पास है। आर्थिक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार राज्य में छह पहिया या उससे अधिक पहिया वाहन सिर्फ 0.03 प्रतिशत लोगों के पास हैं। राज्य में 0.13 प्रतिशत आबादी के पास ट्रैक्टर है। रिपोर्ट के मुताबिक, सिर्फ 49.68 लाख लोग दोपहिया के मालिक हैं। 5.72 लाख लोगों के पास कार हैं। सबसे अमीर सामान्य वर्ग की कुल आबादी 2.01 करोड़ में से मात्र 11.99 प्रतिशत लोगों के पास ही अपनी दोपहिया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बिहार के सिर्फ सवा प्रतिशत लोग ही प्रवासी हैं। बाकी लोग बिहार में ही रहते हैं। जातीय और आर्थिक गणना रिपोर्ट के मुताबिक, 1.22 प्रतिशत बिहारी अन्य राज्यों में काम करते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 94 प्रतिशत से अधिक बिहारी अपने गांव और घरों से जुड़े हैं। बिहार में गणना के समय 94.28 प्रतिशत लोग स्थायी रूप से रहते हैं। इसके अलावा बिहार में ही अन्य जगहों पर शिक्षा के लिए गए लोग 0.39 प्रतिशत हैं। बिहार की कुल आबादी का 0.17 प्रतिशत लोग दूसरे देशों में काम करते हैं। वहीं, अन्य राज्यों में शिक्षा ग्रहण करने वालों की संख्या 0.42 प्रतिशत है। इन सबसे में जो सबसे चौंकाने वाला आंकड़ा है, वो प्रवासी बिहारियों को लेकर किया गया सरकारी दावा है। रिपोर्ट के मुताबिक, 94.28 फीसदी लोग बिहार में रह रहे हैं, जो कुल आबादी का सिर्फ 1.22 फीसदी हैं।

## मुख्यमंत्री को इलाज की जरूरत, वे थक चुके हैं



**हाजीपुर।** मुख्यमंत्री को इलाज की जरूरत है। ये मैं किसी व्यंग के तौर पर नहीं कह रहा हूं। आज की तारीख में मेंटल हेल्थ को लेकर खुलेआम चर्चा होनी चाहिए। बड़े-बड़े अभिनेत्री-अभिनेता खुलेआम अपने मेंटल हेल्थ की बात करते हैं। ऐसे में एक उम्रदराज मुख्यमंत्री सिर्फ सत्ता के कारण बीमारी का इलाज न कराए ये गलत है। मैं मानता हूं मेरे मुख्यमंत्री थक चुके हैं, उन्हें आराम करना चाहिए। उन्हें आराम कर स्वास्थ्य लाभ लेना चाहिए। ये बातें वैशाली में जमुई सांसद चिराग पासवान ने कही। हाजीपुर में बुधवार की रात चिराग पासवान अपने कार्यकर्ता के यहां निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। तभी मुख्यमंत्री नीतीश के बयान को लेकर जब सवाल हुआ तो चिराग पासवान ने बिना गंभीर मानसिक समस्या बताया। उन्होंने कहा कि व्यंग करना ठीक नहीं है लेकिन यह प्रदेश के मुख्यमंत्री की सेहत से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। मालूम हो कि बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आपत्तिजनक बयान दिया था। जिसको लेकर वे चौतरफा घीरे हुए हैं। हालांकि अपने बयान को लेकर नीतीश माफी मांग चुके हैं। उन्होंने कहा कि 'लड़का-लड़की' वाली बात से किसी को तकलीफ हुई है तो अपने शब्द वापस लेता हूं, मैं न सिर्फ शर्म कर रहा हूं, बल्कि दुख भी प्रकट कर रहा हूं। नीतीश ने कहा कि मेरा मकसद सिर्फ शिक्षा के बाद जनसंख्या वृद्धि में आ रहे परिवर्तन को बताना था। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीतीश के बयान को भद्दा बताया।

## बर्तन फैक्ट्री में करते थे काम, अब खुद बने कारोबारी



**पटना।** धनतेरस पर सोने-चांदी के साथ बर्तन खरीदने की प्रथम है। बाजारों में बर्तन की खूब डिमांड रहती है। ऐसे में दुकानदार बर्तन खरीदारी करने के लिए पहले दूसरे राज्य जाते थे। लेकिन अब बिहार के बेतिया में बर्तन की फैक्ट्री खुली जाने से दुकानदारों को अपने राज्य और जिले में ही आसानी से बर्तन की खरीदारी कर पा रहे हैं। जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर के दूरी पर स्थित चनपटिया स्टार्टअप जॉन में विगत 3 सालों से एक मजदूर बर्तन की फैक्ट्री डाले हुए हैं और 24 घंटे उत्पादन में जुटे है। दिन-रात काम कर दुकानदारों तक बर्तन पहुंच रहे हैं। बर्तन की बाजारों में भारी मांग को देखते हुए बड़े पैमाने पर बर्तन निर्माण का कार्य चल रहा है। बर्तन कारोबारी आनंद कुमार ने बताया कि वह पहले दिल्ली में रहकर एक बर्तन फैक्ट्री में कारीगर के काम करते थे। लॉकडाउन में घर लौट के बाद उन्होंने जिला प्रशासन की मदद से 2020 में चनपटिया स्टार्टअप जोन में अपना बर्तन फैक्ट्री लगाया और वह अब अपने अंदर में 35 से 40 आदमी को कम दिए हुए हैं, दिन-रात उनका काम चलता है। उन्होंने बताया कि पहले हुए 35 हजार रुपए के महीने पर काम करते थे अब पर मंथ उनका बचत चार से पांच लाख रुपए होता है। आनंद ने बताया कि पहले हमारे चंपारण के दुकानदार दूसरे राज्य में जाकर बर्तन की खरीदारी करते थे। राज्य के अन्य जिलों के भी दुकानदार दूसरे राज्यों से बर्तन आदि थे लेकिन अब दूसरे राज्य के लोग आकर हमसे बर्तन खरीदारी कर रहे हैं पूरे बिहार की दुकानदार यहां से आकर बर्तन ले जा रहे हैं साथ ही असाम, बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ , उत्तर प्रदेश, नेपाल सहित बिहार के सभी जिलों में जा रहा है। आनंद ने बताया कि वह 99 बाजार से लेकर लोकल बाजारों में भी देने के लिए बर्तन बना रहे हैं। उनके पास 3 रूपए के चम्मच से लेकर 25 रूपए के थाली तक मिलता है। जो रेट दूसरे प्रदेश के बर्तन फैक्ट्री में मिलता है उससे कम रेट पर इनके पास बर्तन मिल रहा है।

# भाजपा नेता मुरेठा खोलता है कि बांधकर ही नहाता है

### ललन का सम्राट पर तंज, गोपाल मंडल ने कहा था-चर्म रोग छिपाने के लिए बांधते हैं





**पटना।** बीजेपी के नेता बड़का-बड़का टोपी लगाकर घूमते हैं। एक नेता तो बड़का मुरेठा बांधकर घूमता है। जहां जाता है मुरेठा में जाता हे, ये नहाता है तो खोल कर नहाता है या मुरेठा बांध कर ही नहाता है। जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी पर तंज कसा है। इससे पहले जेडीयू विधायक गोपाल मंडल भी सम्राट चौधरी की पगड़ी को लेकर बयान दे चुके हैं। उन्होंने 2 नवंबर को मीडिया से बात करते हुए कहा था कि उन्हें चर्म रोग है, जिसे छिपाने के लिए मुरैठा बांधते हैं। बता दें कि सम्राट चौधरी ने राजनीतिक संकल्प लिया है कि जब तक नीतीश कुमार को पद से हटा नहीं देते, पगड़ी नहीं खोलेंगे। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने अपनी पगड़ी को लेकर एक संकल्प लिया है। मानसून सत्र के दौरान सम्राट चौधरी ने कहा था कि जब सीएम को पद से हटाएंगे, तब ही पगड़ी खोलेंगे। 12 जुलाई 2023 को विधान परिषद में कार्यवाही के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नेता प्रतिपक्ष सम्राट चौधरी के सिर पर बंधी पगड़ी को लेकर सवाल किया था। इस पर सम्राट चौधरी ने जवाब दिया कि यह संकल्प है। आपको मुख्यमंत्री के पद से हटाने के बाद ही पगड़ी खोलूंगा। इसमें आपका भी आशीर्वाद चाहिए। बाद में मीडियो से बात करते हुए उन्होंने कहा था कि भाजपा जब तक नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद से नहीं हटाएगी, तब तक चैन से नहीं बैठेगी। भागलपुर के गोपालपुर विधानसभा सीट से जदयू के विधायक गोपाल मंडल ने 2 नवंबर को सम्राट चौधरी को लेकर बयान दिया था। बोला था कि नीतीश कुमार के सामने बिहार प्रदेश के भाजपा नेता सम्राट चौधरी अभी काफी बच्चे हैं। उनके पिताजी कुछ मुख्यमंत्री के बारे में बोलते तो वो कोई बात होती। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी के सिर पर चर्म रोग (दिनाय) हो गया है। इसीलिए सिर को मुरेठा बांध कर ढक कर रखता है, और चारों तरफ घूम-घूम कर नीतीश कुमार को कुर्सी पर से हटाने की बात करता है। ललन सिंह ने ये भी कहा कि बीजेपी वालों ने बस वादा किया, लेकिन उसे पूरा नहीं किया। इनका कहना था सबका साथ-सबका विकास। साथ तो सबका लिया, लेकिन सबको ठगा और विकास बस अपना किया। जेडीयू अध्यक्ष ने आगे कहा कि नीतीश सरकार ने जो भी वादा जनता से किया है, वो सब पूरा हो रहा है। जेडीयू सांसद ने ये बातें मुंगेर के कौड़ीया गांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। मुंगेर में तीन दिवसीय दौरे के तीसरे दिन बुधवार को हवेशी खड़गपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का ललन सिंह ने दौरा किया। जनसभा को संबोधित करते हुए ललन सिंह ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिसको काम नहीं करना है, अपनी पीठ खुद थपथपानी है, उसका क्या करिएगा। ऐसे ठग और जालसाज लोगों से बच के रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अब आपके यहां भी चुनाव का टाइम आ रहा है। भाजपा वाले हर जगह जाएंगे लेकिन आपलोगों से हम हाथ जोड़कर विनती करते हैं कि जब वो लोग आए तो उनसे दो सवाल जरूर पूछिएगा कि 2014 में मोदी जी ने दो करोड़ रोजगार का वादा किया था और अबतक आपने कितना दिया। दूसरा काला धन लाएंगे और हर गरीब के खाते में 15 लाख रुपया देंगे। किसके खाता में पहुंचाए जरा वो लिस्ट हमको दे दीजिए, हमसब लोग आपको वोट दे देंगे। उन्होंने कहा कि हमने वादा किया कि बिहार में हर साल 20 लाख रोजगार देंगे लेकिन हमारी गठबंधन की सरकार में एक लाख 20 हजार शिक्षकों की बहाली की गई, 71 हजार पुलिस सेवा मे बहाली हुई है और अब 70 हजार शिक्षकों की बहाली निकाली गई है। उन्होंने कहा की 2025 होते-होते नीतीश कुमार ने अगर 20 लाख नौकरी देने का वादा किया है, तो 20 लाख 100 होगा लेकिन 20 लाख से एक भी कम नहीं होगा।

## तेज रफ्तार बस ने महिला को रौंदा, मौत



**वैशाली** । गोरौल थाना क्षेत्र के गोढियां के पास हाजीपुर-मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग नेशनल हाईवे 22 पर तेज रफ्तार यात्री बस ने एक महिला की सड़क पार करने के दौरान रौंद दिया है। जिससे वृद्ध महिला की मौत घटना स्थल पर ही हो गई है। मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने नेशनल हाईवे पर शव को रख कर जाम कर दिया है। NH जाम कर देने से दोनों तरफ गाड़ियों का लंबी लाइन लग गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही गरौल थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने घटना स्थल पुलिस बल साथ पहुंचकर लोगों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया है। मृतका महिला की पहचान भगवानपुर थाना क्षेत्र के गोढियां चमन गांव निवासी स्वर्गीय शिवचन्द्र झा की 65 वर्षीय पत्नी सावित्री देवी के रूप में हुई है। मृतका गोढियां हाट से सब्जी खरीदकर अपने घर लौट रही थी, तभी इसी दौरान मुजफ्फरपुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार यात्री बस ने उसे टक्कर मार दिया। उक्त महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी और आरोपी बस चालक मौके से फरार हो गया। घटनास्थल पर गरौल सीओ ब्रजेश कुमार, बीडीओ उदय कुमार घटना स्थल पर पहुंचकर ठ्ल 22 को जाम कर रहे लोगों को समझा बुझा एवं मुआवजे से सम्बंधित आश्वासन दिये जाने के बाद लोगों ने जाम हटाया गया है। जिसके बाद पुलिस ने महिला की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया है।

## संक्षिप्त डायरी

### शराब की बोतलों से भरी स्कॉर्पियो जब्त



**गया** । डोभी थाना क्षेत्र के धिरजा पूल के समीप झारखंड के हंटरगंज से विदेशी शराब की खेप लेकर आ रहे स्कॉर्पियो वाहन को जब्त कर लिया गया है। हालांकि मौके से किसी की गिरफ्तारी टीम नहीं कर सकी है। इस संबंध में सहायक उत्पाद आयुक्त प्रेम प्रकाश ने देर रात जानकारी दी है। उन्होंने बताया डोभी थाना क्षेत्र अंतर्गत धिरजा पूल के समीप से वाहन चेकिंग के दौरान स्कॉर्पियो वाहन संख्या जेएच-09-एक्यू से झारखंड निर्मित 25 कार्टन विदेशी शराब को बरामद किया गया है। शराब कि बोतलों की गिनती की गई तो उसमें 576 बोतल ब्रांडेड शराब मिले हैं। हालांकि स्कॉर्पियो की सीट पर बैठा चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया। सहायक उत्पाद आयुक्त प्रेम प्रकाश ने बताया। उत्पाद विभाग की कार्रवाई में इंस्पेक्टर प्रभात विद्यार्थी, एएसआई विक्की कुमार एवं एएसआई उत्तम कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। सहायक उत्पाद आयुक्त प्रेम प्रकाश ने यह कहा कि शराबबंदी को सफल बनाने के लिए शराब माफियाओं और तस्करों के विरुद्ध इस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। स्कॉर्पियो वाहन रजिस्ट्रेशन के आधार पर शराब तस्करी कर ला रहे चालक समेत वाहन मलिक की पहचान की जा रही है। उन्हें जल्दी ही गिरफ़्तार कर लिया जाएगा।

### शराब पीने से मना किया तो पंखे से झुला पति, पत्नी बोली- सारा पैसा नशे में बर्बाद कर देते हैं



**भोजपुर** । बुधवार को पत्नी ने पति रुदल महतो (40) को शराब पीने से मना किया तो, उसने पंखे से लटककर फांसी लगाकर खुदकुशी करने का प्रयास किया। परिजन उसे फंदे से लटका देख, उतारकर आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंचे, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया। पूरा मामला भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के सुरौंधा कॉलोनी गांव का है। रुदल महतो की पत्नी सविता देवी (37) ने बताया कि रुदल प्रतिदिन शराब पीते हैं और घर में खर्च के लिए पैसा नहीं देते हैं। इसको लेकर हमेशा घर में झगड़ा होता रहता था। घर में तीन बेटे बिरजू, विशाल, आजाद और एक बेटी बेबी कुमारी है। इधर चार बच्चों को पालनझ्रपोषण में हमेशा दिक्कत का सामना करना पड़ता है। जब कमाने के लिए बोलते है, तभी गालीझ्रगलौज और मारपीट करते हैं। जब कमाकर घर वापस आते हें, तब सारा पैसा नशा में उड़ा देते हें। बुधवार को भी इसी बात को लेकर दोनों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। इसके बाद वह अपने कमरे में गए और पंखे से लटक गए। पत्नी के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसझ्रपास के लोग घर में आए और कमरे का दरवाजा तोड़ उसे पंखे से नीचे उतारा। इसके बाद गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। वहीं ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने बताया कि गला दबने से रुदल की स्थिति नाजुक थी, इमरजेंसी में प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर हालत में पटना रेफर कर दिया गया।

### आलू को लेकर सड़क पर प्रदर्शन



**पूर्णिया** । आलू किसानों को लाखों का चूना लगा है। लाखों का चुना लगने के बाद दर्जनों किसान प्रदर्शन किया है। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीनगर पेट्रोल पंप के समीप की है। यहां बुधवार को दर्जनों की संख्या में किसानों ने एक आलू बीज कंपनी के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया। किसानों का सीधा आरोप है कि जालंधर के एक आलू बीज कंपनी ने 34 रुपया किलो की दर से 600 पैकेट आलू ट्रक पर लोड कर भेज दिया और जब उसे अनलोड किया जा रहा था तो आधे से अधिक आलू के बीज सड़े हुए थे। इतना देखने के साथ ही उपस्थित सभी किसान आग बबूला हो गए और जमकर प्रदर्शन करने लगे । इस संबंध में किसान अनंत यादव, रूपेश यादव, अमित यादव, पंचानन यादव, अशोक यादव, प्रकाश चौहान आदि किसानों ने कहा कि जालंधर की एक आलू बीज कंपनी जिसका नाम टेक्निको एग्रीकल्चर साइंस लिमिटिड है। उसे कंपनी के एजेंट अलख निरंजन ने हम लोगों के घर पर आकर बढ़िया व गुणवत्तापूर्ण आलू के बीज देने की बात कह कर हम लोगों से एडवांस रुपया भी ले लिया और जब आज आलू का बीज ट्रक से यहां पर पहुंचा तो हम लोगों ने जब बीज के पैकेट को खोला तो देखा कि लगभग आधे बीज सारा हुआ था। इसके बाद हम लोगों ने इस कंपनी के एजेंट व कंपनी के अधिकारी को मौके पर बुलाया और उन्हें भी यह चीज से वाकिफ कराया। किसानों का कहना है कि पिछले वर्ष भी इसी कंपनी के द्वारा हम लोगों को आलू का बीज दिया गया था तभी भी 50% बीज गड़बड़ निकला था। इसको बाद में आकर उन लोगों ने मुआवजा भी दिया था। यह कह कर हम लोगों को आश्वसत किया था कि अगले साल बढ़िया भेज देंगे। लेकिन इस बार भी हम लोगों के साथ ठगी करने का काम इस कंपनी के द्वारा किया गया। वहीं किसानों ने कहा कि हम लोगों को भोला भाला किसान समझकर कंपनी के लोगों के द्वारा बेवकूफ बना दिया जाता है। उन लोगों के द्वारा यह कहा जाता है कि हमारे बीच में ज्यादा से ज्यादा उपज होगा जिससे आपको काफी मुनाफा भी होगा। लेकिन हम लोगों को बीज मिलने के साथ ही आंख में धूल झोंका जाता है इसलिए हम लोग उक्त कंपनी के अधिकारी व कंपनी पर कार्रवाई करने की मांग जिला पदाधिकारी व कृषि पदाधिकारी से करते हैं ।

## स्कॉर्पियो और ट्रक में भीषण टक्कर, 1 की मौत



**मुजफ्फरपुर** । गुरुवार रात भीषण सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, पांच लोग घायल हो गए। इसमें दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है की स्कॉर्पियो से 6 लोग बारात में शामिल होने जा रहे थे। इसी बीच वह ट्रक से टकरा गई। सभी को दरभंगा के मेडिकल में भेजा गया है। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी की स्तिथि बन गई। पूरा मामला गायघाट थाना क्षेत्र के बरुआरी के समीप की है। जहा ट्रक और स्कॉर्पियो में भीषण टक्कर हो गई। स्कॉर्पियो और ट्रक के परखच्चे उड़ गए। मौके पर स्थानीय लोगो की भीड़ जुट गई। लोगों ने मामले की जानकारी गायघाट थाने के पुलिस को दी। सूचना पर गायघाट थानेदार मोनू कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल की जांच की। घायलों को इलाज के लिए दरभंगा के उ्दउ्ल में भेजा। जबकि, एक मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घायलों के परिजनों से संपर्क साधा जा रहा है। थानेदार ने बताया की ट्रक और स्कॉर्पियो को जब्त किया गया है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। मृतक में मो. कफील (30) है। जबकि, घायलों में विकाश कुमार, सफदर,राजा, आरिफ, रब्बानी शामिल है। सभी सीतामढ़ी के रुन्नी सैदपुर के रहने वाले है। दो की हालत नाजुक है। जांच में पता चला की स्कॉर्पियो में ड्राइवर समेत 6 लोग सवार थे। सभी समस्तीपुर की ओर बारात जा रहे थे। इसी दौरान अचानक से ट्रक और स्कॉर्पियो में टक्कर हो गई है। घायलों के परिजनों से संपर्क साधा जा रहा है। ताकि आगे की कार्रवाई की जाएगी। जांच की जा रही है।

# अयोध्या में पहली बार हुई योगी कैबिनेट बैठक

संवाददाता

**अयोध्या।** 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा होनी है। इससे पहले यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में पहली कैबिनेट बैठक की है। लोकसभा चुनाव 2024 भी करीब है। बता दें कि 9 नवंबर 1989 को श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के लिए शिलान्यास हुआ था। सुप्रीम कोर्ट में सालों चले राम जन्मभूमि विवाद का फैसला भी 9 नवंबर 2019 को ही रामलला के पक्ष में आया था। आज अयोध्या में हुई पहली कैबिनेट बैठक में 14 प्रस्ताव पास हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, "आज उत्तर प्रदेश के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ा है। यूपी सरकार की पूरी कैबिनेट अयोध्या धाम आई है। केंद्र और राज्य सरकार की 30,500 करोड़ रुपए से ज्यादा की 178 योजनाएं पहले से ही अयोध्या में चल रही हैं। आज अयोध्या धाम तीर्थ विकास परिषद के गठन का फैसला किया है। इसके साथ ही अयोध्या के सभी मेलों का खर्च अब सरकार उठाएगी।" उत्तर प्रदेश में अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की स्थापना की जाएगी। यूपी को एक्सपोर्ट हब बनाने में मदद मिलेगी। अयोध्या को काशी होकर कोलकाता से जलमार्ग से जोड़ा जा सकेगा। गंगा, यमुना, सरयू में क्रूज चलाएंगे। रामलला का मंदिर बनने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में



इजाफा हो रहा है। इसलिए अयोध्या तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद की स्थापना की जाएगी। इसके तहत तीर्थ यात्रियों को ठहरने से लेकर खाने तक की सुविधा मिलेगी। इससे लोगों को रोजगार भी मिलेगा। देवीपाटन धाम तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के प्रस्ताव भी पास किया है। रामायण शोध संस्थान बनाया जाएगा। नई ड्रोन पॉलिसी लागू की है। अब ड्रोन का रजिस्ट्रेशन कराना होगा। अयोध्या के माझा जमथरा गांव में भारतीय मंदिर वस्तुकला संग्रहालय बनाने के लिए 25 एकड़ भूमि दिए जाने का प्रस्ताव भी पास किया है। मुजफ्फरनगर के शुक्रताल धाम तीर्थ विकास परिषद के गठन का प्रस्ताव भी पास किया गया है। इनलैंड वाटर-वे प्राधिकरण के गठन के संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। हाथरस में दाऊजी लक्खी मेला, अयोध्या के सभी मेला, बुलंदशहर में गंगा मेला, देव दीपावली आयोजन के खर्च सरकार द्वारा उठाने का प्रस्ताव भी पास हुआ है। प्रदेश में महिला स्वयंसेवी समूहों को उनके ही ब्लॉक में प्लांट लगाने के संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। 28 नवंबर शीतकालीन सत्र होगा। यह सत्र एक सप्ताह का होगा। कैबिनेट के साथ किए रामलला के दर्शन अयोध्या में पहली कैबिनेट बैठक से पहले सीएम योगी ने रामलला के दर्शन-पूजन किया। साथ में, 18 कैबिनेट मंत्री भी मौजूद रहे। यहां योगी, अपने मंत्रियों के साथ इलेक्ट्रिक बस में बैठकर पहुंचे थे। इस दौरान, खिड़की से हाथ हिलाकर उन्होंने अभिवादन स्वीकार किया। इससे पहले उन्होंने हनुमान गढ़ी में भी दर्शन के लिए पहुंचे थे।

## बच्चों ने केक काटकर अग्ग महापण्डित भदंत ज्ञानेश्वर का मनाया जन्मदिन



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** बुद्ध स्थली स्थित म्यांमार बुद्ध बिहार परिसर में स्थित श्री चंद्रमणि निःशुल्क प्राइमरी पाठशाला में भिक्षु ज्ञानेश्वर के जन्म दिवस पर विविध प्रतियोगिता आयोजित की गई और भिक्षु के जन्मदिन के उपलक्ष्य में केक काटकर उन्हें शिक्षकों और बच्चों ने उनके दीघार्यु की कामना की और उनका आशिर्बाद लिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेश यादव की देखरेख में छात्र - छात्राओं ने चित्रकला, सामान्य ज्ञान, दौड़, कबड्डी आदि प्रतियोगिता में भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को इस अवसर पर भन्ते ज्ञानेश्वर ने पुरस्कृत कर आशिर्बाद दिया। शिक्षकों और बच्चों ने पूज्य भन्ते का स्वागत फूलों की वर्षा कर किया और अंगवस्त्र, पुष्प देकर उनका शुभाशीष लिया। इस दौरान शिक्षक ओमप्रकाश यादव, प्रेमनाथ वर्मा, राम नगीना, हरिवंश यादव, पूनम शर्मा, सुनीता सिंह, भन्ते उपाली, भन्ते नन्दका, भन्ते विश्वकीर्ति, सहयोगी अवनेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## रैली निकालकर ग्रामीणों को विधिक साक्षरता के लिए किया जागरूक



संवाददाता

**हापुड़।** विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर गांव मुरादपुर स्तिथ प्राथमिक पाठशाला में विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल शिक्षिकाओं द्वारा स्कूली बच्चों ने गांव में रैली निकालकर ग्रामीणों को विधिक साक्षरता के लिए जागरूक किया। स्कूल अध्यापिका शायरा बानो ने बताया कि विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर बृहस्पतिवार को जनपद के समस्त तहसीलों, ब्लॉक स्तर एवं विद्यालय स्तर पर रैलियों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में स्कूली बच्चों द्वारा गांव में रैली निकालकर ग्रामीणों को विधिक साक्षरता के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर एडवोकेट सत्यवीर सिंह, अध्यापिका बबिता रानी, पूनम रानी व शिक्षामित्र रानी मौजूद रहीं।

## प्रदेश अध्यक्ष को दी भावभिनि श्रद्धाजंलि



संवाददाता

**हापुड़।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था हापुड़ यूनिट के द्वारा, महिला बिग्रेड की पश्चिमी प्रदेश अध्यक्ष सुमन त्यागी जी के निवास कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष स्व. कैप्टन सुरेश चन्द त्यागी को उनकी तेहरवीं पर गायत्री मंत्र उच्चारण के साथ पुष्प अर्पित कर नम आंखों से सैल्यूट, जय हिंद के नारो साथ भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई,श्रदांजलि अर्पित करने वालों में संस्था की प्रदेश अध्यक्षा श्रीमती सुमन त्यागी,हापुड़ यूनिट के जिला वरिष्ठ संयोजक हरिराज सिंह त्यागी, संरक्षक शंशाक मुनि त्यागी, जिला उपाध्यक्ष मुकेश त्यागी, जिला सचिव मुकेश प्रजापति, तहसील अध्यक्ष सतबीर सिंह, युवा कमांड के जिला अध्यक्ष तरूण ध्यानी, जिला सचिव गौरव त्यागी, प्रशासनिक सदस्य गुलशन त्यागी, महिला विंग की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती मुनेश त्यागी, जिला युवा कमांड की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती नताशा त्यागी, सहप्रवक्ता श्रीमती लोकेश त्यागी,प्रशासनिक सदस्य श्रीमती दीपिका त्यागी, रामवीर सिंह व खुशबू आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**बस्ती ।** सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटवाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है, जिसके तहत विकास खंड साउघाट के ग्राम पंचायत मूडाडीहा में एक करोड़ की बेशकीमती सरकारी तालाब की भूमि पर हुए अवैध कब्जे पर प्रशासन ने बुलडोजर चलवाकर उसे कब्जे से मुक्त करा दिया। एसडीएम सदर गुलाब चंद्र ने बताया कि ग्राम सभा के मंगरु पुत्र शिव रतन और इंद्रजीत पुत्र राम दवन ने तालाब की सरकारी भूमि पर झोपड़ी, बॉउंड्री वॉल इत्यादि बनाकर कब्जा कर लिया था। इसके चलते गांव में जलजमाव व जलनिकासी की समस्या उत्पन्न हो गई थी। बताया कि पहले भी इन्हें अवैध कब्जा हटाने के लिए निर्देशित किया गया था। कहा कि लेखपाल द्वारा बताया गया कि उक्त अतिक्रमणकारियों को इसे हटाने के लिए नोटिस भी दिया गया था।

## भन्ते ज्ञानेश्वर के जन्मदिन पर स्व0 फूलमती देवी इंटरमीडिएट कालेज का शिलान्यास

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर ।** बौद्ध धर्मगुरु भदंत ज्ञानेश्वर के 88 वें जन्मदिन के अवसर स्व0 फूलमती देवी इंटरमीडिएट कालेज का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास समारोह के मुख्य अतिथि म्यांमार के राजदूत ऊ मोचो आऊ जी ने कहा कि भारत और म्यांमार के सम्बंध बहुत ही प्राचीन हैं। दोनों देशों में धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक और संस्कृतिक सम्बन्ध काफी प्रगाढ़ है। पूज्य गुरु जी ज्ञानेश्वर ने कुशीनगर में शिक्षा की ज्योति जलाई है। पूर्व गृह मंत्री नेपाल देवेंद्र राज कंडेल ने भन्ते के दीघार्यु की कामना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। कहा कि बुद्ध के उपदेशों में विश्व



को शांति का संदेश मिलता है। भारत नेपाल का सम्बंध आदि काल से रोटी बेटी, भाई भाई का है। कुशीनगर एयरपोर्ट से उड़ान शुरू कराया जाय तो लाभ दोनों देशों को मिलेगा। नपाप अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल ने नेपाल, म्यांमार से आये अतिथियों के प्रति आभार जताया। विद्यालय के अध्यक्ष शील प्रकाश, पूर्व राज्यमंत्री भन्ते महेंद्र, भन्ते नन्द रतन, भन्ते अशोक पूर्व एमएलसी राम अवध यादव, नेपाल से आये मेयर उमेश चन्द यादव ने अपने विचार रखे। बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। अतिथियों ने छात्र - छात्राओं द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। आभार व अशीर्बचन भदंत ज्ञानेश्वर, अतिथियो का स्वागत प्रबन्धक दिनेश कुमार यादव, अध्यक्षता माता जी दा ता तेन व संचालन सुनील कुमार दुबे ने किया। इस दौरान नेपाल के पूर्व गृहमंत्री की पत्नी मंजू कंडेल, प्रधानाचार्या गीता पाठक, शिक्षक अमानत खान, किरन सिंह, रामजीत सिंह, मुंकेश्वर गुप्ता, प्रभुनाथ सिंह, अमलेश कुमार, मुकेश गुप्ता, फुलकेश्वर सिंह, वीरेंद्र यादव, सचिन पासवान, कमल किशोर सिंह, मनीष पासवान, सूर्य प्रताप सिंह, धनन्जय सिंह, दुर्गेश कुमार, बिजली गोंड आदि मौजूद रहे।

## किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संगठन ने मंडी के गेटों को किया बंद





संवाददाता

गाजियाबाद। 9 नवम्बर को भारतीय किसान संगठन ने गोविंद पुरम मंडी के गेटों को बंद किया। विषय - किसानों की फसलों का उचित मूल्य न मिलना व किसानों की फसलों को रखने के प्लेट फार्म (टीन शेड) पर आढ़तियों द्वारा अवैध कब्जा करना। इस समस्या का समाधान का आस्वासन सिटी मजिस्ट्रेट जी ने दिया तथा मंडी सचिव को भी ज्ञापन सौंपा। और उन्होंने ने उचित कार्यवाही का आस्वासन दिया। और आज फसलों के रेट भी बढाये। आज भारतीय किसान संगठन के जिला अध्यक्ष लोकेश नागर जी, मनोज यादव जी, नितिन प्रधान , टीकम नागर , राजेश यादव , बिरेंद्र यादव, नरेंद्र, बोबी, महेंद्र प्रधान , सचिन शर्मा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले का अपहरण

संवाददाता

**लखनऊ ।** नगर निगम और एफसीआई में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वालों का पीड़ितों ने फिल्मी स्टाइल में अपहरण कर लिया। जिसके बाद लखीमपुर ले जाकर गन्ने के खेत में बंधक बना जमकर पीटा और पत्नी को फोन कर ठगे गए बीस लाख रुपये फिरौती में मांगे। पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर सर्विलांस और मुखबिर तंत्र की मदद से अपहरण में शामिल पांचों लोगों को गिरफ्तार घर घटना का खुलासा किया। डीसीपी साउथ विनीत कुमार जायसवाल ने बताया कि अलखनंदा अपार्टमेंट प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले प्रखर सेठ सात नवंबर को संदिग्ध हालात में लापता हो गए। उनकी पत्नी रिचा सेठ ने थाने पर आकर बताया कि प्रखर घर से किसी के मिलने को कह कर निकले थे। वापस घर लौटकर नहीं आये, उनका मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ आ रहा। पुलिस तलाश



कर ही रही थी कि उन्होंने थाने पर सूचना दी कि देर रात उनको एक युवक ने फोन पर प्रखर के अपहरण करने की बात कही है। साथ ही उनको जीवत छोड़ने के बदले बीस लाख की मांग की। जिसकी जानकारी होते ही चार टीमें गठित कर प्रखर सेठ की तलाश शुरू कर दी गई। सर्विलांस और मुखबिर की मदद से 24 घंटे के अंदर अपहरण में शामिल लखीमपुर के रहने वाले पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार ओयल निवासी विकास बाबू, आमिर खान, मैलानी के विनोद कुमार, गुलजारनगर के शाबान और सरईया ओयल निवासी जमशेद ने अपहरण करने की बात कबूल की है। उनका कहना है कि प्रखर ने उनसे नगर निगम और एफसीआई में नौकरी दिलाने के नाम पर करीब बीस लाख रुपये ठग लिए थे। नौकरी न लगने पर कई बार तगादा करने के बाद भी पैसे न वापस करने पर यह कदम उठाया। आरोपियों के पास से एक लाइसेंसी पिस्टल, कारतूस, अपहरण में प्रयुक्त कार बरामद हुई है। प्रखर के मोबाइल से ही मांगी फिरौती प्रखर की पत्नी रिचा ने बताया कि प्रखर के फोन से एक युवक ने फोन पर कहा कि तुम्हारे पति का अपहरण कर लिया है। उनको देखना चाहती हो तो 20 लाख का इंतजाम करो। साथ ही उन्होंने कहा कि तुम्हारे पति ने नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी से 20 लाख रुपए हड़प लिये हैं जब तक ये 20 लाख रुपए नहीं देंगें तब तक उनके पति को नहीं छोडेंगे। ज्यादा होशियारी की तो तुमको और तुम्हारे बच्चों को भी मार देंगे। जिसके बाद फोन काट दिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि प्रखर सेठ से रुपये वापस लेने के लिए सुनियोजित तरीके से लूलू मॉल पर बुलाकर जबरन स्विफ्ट डिजायर गाडी में बिठाकर लखीमपुर ले गए। उसकी स्कूटी व मोबाईल विकास अलग रास्ते से लेकर लखीमपुर पहुंचा। वहीं प्रखर को पहले जमशेद के दोस्त के गन्ने के खेत में बने कमरे में बंधक बनाकर रखा।

## संक्षिप्त डायरी

### डॉ0 डीएस तिवारी व पत्रकार अजय शुक्ल ने पौधरोपण कर बच्चों को दिया भेंट




संवाददाता

**कुशीनगर।** नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा गुरुवार को पडरौना विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय पिपरा तिवारी के बच्चों को शिक्षण सामग्री जैसे कॉपी, पेंसिल, रबर, कटर, बॉक्स इत्यादि वितरित कर उन्हें पढ़ने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बच्चों को पर्यावरण का ख्याल रखते हुए दीपावली का पर्व मनाने का सुझाव देते हुए उन्हें मिट्टी का दीया, तेल, बाती भी भेंट किया गया। बच्चों ने भी पटाखों जैसे हानिकारक चीजों से दूर रहने की बात कही। इस दौरान बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर के पूर्व प्राचार्य डॉ0 डीएस तिवारी व पत्रकार अजय शुक्ल ने जन्मदिन पर पौधरोपण भी किया। संस्था अध्यक्ष प्रो0 सीमा त्रिपाठी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ लिखकर आप किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए खूब मन से पढ़ें और अपने माता - पिता, देश व समाज का नाम रौशन करें। संचालन संस्था सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र ने किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष इंद्र कुमार मिश्र, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्राथमिक संवर्ग के मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ल, डा0 मृत्युंजय ओझा, अनिल पाठक, प्रधानाध्यापक ब्रजिन्दर प्रसाद, अरविंद कुमार तिवारी, हरिंद्र किशोर तिवारी, सुशीला देवी, फेकनी देवी, किशवंती देवी, अशोक, जितेंद्र शुक्ल, प्रभाकर सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।


### श्रीलंका बुद्ध बिहार में कठिन चीवरदान 12 नवम्बर को



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** कुशीनगर स्थित मुकुट बन्धन चैत्य के समीप श्रीलंका बुद्ध बिहार के धम्म हाल में 12 नवम्बर दिन रविवार को सुबह 9 बजे से एक बजे के बीच कठिन चीवरदान का कार्यक्रम आयोजित है। श्रीलंका बुद्ध बिहार के प्रमुख भन्ते डा0 नन्द रतन की अध्यक्षता में बैठक कर कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। अपने संबोधन में भन्ते नन्द रतन ने कहा कि इस अवसर पर दीप प्रज्वलन, त्रिशरण पंचशील और भन्ते गण द्वारा परित्रायण पाठ आयोजित होगा। बुद्ध धर्म की परंपरा के अनुसार सूत काटना, वस्त्र बनाना और वर्षावास की समाप्ति के बाद उपासकों द्वारा भिक्षुओं को कठिन चीवरदान किया जाता है। इस दौरान भन्ते आलोक, भन्ते विनय शील, भन्ते धर्मबीर, भन्ते तेजेन्द्र, भन्ते कुन्चुक लामा, आनन्द भन्ते सहित उपासक सत्य नारायण, शंभु राम कृपाल, अशोक, ओमप्रकाश कुशवाहा, राम नगीना, संतोष, धम्म बोधि, सुमित, अवनीश, राजन, आदित्य आदि भिक्षु व उपासक मौजूद रहे।

### विदेश की धरती पर संस्कृति एवं सभ्यता : गायिका डॉ जान्हवी पांडेय



संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** जनपद की मूल निवासिनी लोक गायिका जान्हवी पांडेय विदेश में जाकर भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता का लोगों को बना रही है मुरीद भारतीय पारंपरिक परिधान में ही शारजा, अजमान एवं दुबई में जाने पर जगह जगह हर कोई मिलने जुलने वाले आम और खास कर रहे स्वागत, भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता से भी हो रहे परिचित भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता पर आधारित एक पुस्तक राजस्थानी फड़ संगीत का चित्रात्मक अध्यन विमोचन के सिलसिले में लोक गायिका जान्हवी पांडेय गई है। दुबई और शारजा पहुंचने पर अंतर्राष्ट्रीय शायर इस्तेफाक मिर्जा एवं अन्य सम्भ्रांत जनों की अगुवाई में एयरहोस्टेज एवं व्यायज ने किया लोक गायिका जान्हवी पांडेय का जोशीला स्वागत व उत्पादन राष्ट्रीय पुस्तक न्याय शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के सहायक निदेशक एस आर विनेश एवं दुबई में लोक गायिका जान्हवी पांडेय ने किया भारतीय संस्कृति सभ्यता पर आधारित पुस्तक राजस्थानी फड़ संगीत विमोचन लोक गायिका जान्हवी पांडेय कहती है कि भारत की संस्कृति को आज हम शारजा में भी प्रस्तुत करके आए जैसे भारत सरकार के प्रधानमंत्री जी देश-विदेश तक छाए हुए हैं। उसी प्रकार हमारी भारतीय संस्कृति की पुस्तक आज शारजा व दुबई में विमोचन करके भारत की संस्कृति एवं सभ्यता से लोगों को अधिक परिचय कराने का अवसर मिला।

## पारख महा संघ नशा मुक्ति अभियान की कार्यक्रम का हुआ आयोजन

संवाददाता

**हापुड़ ।** पारख महासंघ, पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रभारी एडवोकेट अरूण ढाका जी द्वारा आयोजित नशा मुक्त समाज "अभियान कौशल का" के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता माननीय श्री कौशल किशोर जी केंद्रीय मंत्री भारत सरकार, राष्ट्रीय अध्यक्ष पारख महासंघ ने सेलिब्रेशन हॉल में उपस्थित सभी साथियों को नशे के खिलाफ जागरुक किया और आगामी दिसंबर में होने वाली महिला मैराथन का संदेश सभी साथियों को दिया था इस अवसर पर पारख महासंघ के पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रभारी अरूण ढाका जी ने कहा की जिस समाज में हम जन्मे उस समाज को नशा मुक्त बनाना हमारी जिम्मेदारी है।

भारत अपनी मां है, मां की हम पर कर्जदरी है, आओ सब खाओ कसम की घर-घर तक नशा मुक्त भारत का दीप जलायेगे, गांव की अंतिम झोपडी तक, हर परिवार, नशा मुक्त परिवार बनायेगें, मुंशी लाल जयंत जी, कार्यकारणी सदस्य अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि नशा युवा



पीढ़ी को खराब कर रहा है और अनुसूचित जाति समाज के सदस्य मजदूरी करने के कारण और गरीब होने के कारण सबसे ज्यादा नशे का सेवन करते हैं जिससे उनके परिवार में समस्या हमेशा खड़ी रहती है इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश के प्रभारी सन्तोष जी और अन्य साथियों ने नशे के खिलाफ अपने विचार रखें और सम्मेलन में उपस्थित सभी साथियों ने जीवन में कभी नशा नहीं करना और हर एक व्यक्ति को नशे नशा मुक्त करने के लिए माननीय मंत्री जी के साथ शपथ ग्रहण की कार्यक्रम के समापन के पश्चात माननीय मंत्री श्री कौशल किशोर जी ने अरुण ढाका जी के गृह निवास गणेशपुरा में जलपान लिया साथ मे सदर विधायक विजयपाल आड़ती जी, संतोष पासवान, हरियाणा प्रभारी, नवदीप वर्मा, प्रतिनिधि डीजीपी हरियाणा,नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुधा देवी, श्री राजप्रताप जी, श्री भोपाल सिंह, पूर्व डी एम,यू प्रधान संजीव कुमार, हेमंत कुमार जिला अध्यक्ष, शारदा रानी, ज़िला अध्यक्ष मेरठ , डोनिश, विनोद, अंजू रानी, सीमा सैनी, बिजेंद्र सिंह,अमरजीत भार्गव विधान सभा अध्यक्ष, सतीश , रोहित शर्मा, विनय भार्गव,पत्रकार संजय तवर आदि सैकड़ो साथी उपस्थित रहे।

# इतनी भी क्या जल्दी

बिहार में कास्ट सर्वे रिपोर्ट का दूसरा हिस्सा सार्वजनिक किए जाने के ठीक बाद जिस तरह से आरक्षण सीमा बढ़ाने की मांग हुई और तत्काल कैबिनेट ने नए कोटा बिल को मंजूरी दे दी, वह अप्रत्याशित तो नहीं है, लेकिन उसे उचित भी नहीं कहा जा सकता। यह सही है कि कास्ट सर्वे रिपोर्ट से जुड़े शिक्षा और आर्थिक सर्वेक्षण वाले हिस्से ने भी कई चौंकाने वाले तथ्य जाहिर किए हैं। राज्य के कुल 2.76 करोड़ परिवारों में से 63.74 फीसदी ऐसे पाए गए, जिनकी मासिक कमाई 10,000 रुपये भी नहीं है। यह बात भी अब आधिकारिक तौर पर स्पष्ट हो गई है कि इस आर्थिक रूप से कमजोर हिस्से का बड़ा भाग रउ/रळ, डइउ तबकों से आता है। लेकिन इसके बावजूद जिस हड़बड़ी में इन समुदायों के लिए 65 फीसदी आरक्षण का प्रस्ताव आगे बढ़ा दिया गया है, वह आगे चलकर कई तरह की जटिलताओं को जन्म दे सकता है। सामान्य स्थितियों में यह बात सही है कि शिक्षा संस्थानों में और सरकारी तंत्र में भी आबादी के सभी हिस्सों का समुचित प्रतिनिधित्व होना चाहिए। लेकिन यह लक्ष्य ऐसा नहीं है, जिसे किसी जादू की छड़ी के जरिए चटपट हासिल कर लिया जाए। किसी भी समाज के वहां तक पहुंचने की प्रक्रिया जटिल होती है और उसमें समय भी लगता है। अगर आरक्षण को ही लिया जाए तो मौजूदा राजनीतिक नेतृत्व के एक हिस्से ने इसे हर बीमारी का इलाज मान लिया लगता है। हालांकि इसके साइड इफेक्ट हमें महाराष्ट्र समेत तमाम राज्यों में दिखते रहे हैं, जहां नए-नए और अपेक्षाकृत ताकतवर समूह भी खुद को वंचितों की श्रेणी में रखते हुए आरक्षण की मांग करने लगते हैं। इन मांगों का फायदा उठाना अलग बात है और समाज का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने की दिशा में आगे बढ़ना बिल्कुल अलग। राजनीतिक नेतृत्व अगर इन दोनों के बीच फर्क करते हुए आगे बढ़ सके तो यह दूरगामी नजरिए से सबके हित में होता है। अफसोस की बात है कि बिहार में जिस तरह की हड़बड़ी दिखाई गई, उसके पीछे चुनावी लाभ हासिल करने की मंशा ही ज्यादा लगती है। यह बात सभी जानते हैं कि आरक्षण पर 50 फीसदी की अधिकतम सीमा की सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक अभी लागू है। ऐसे में बिहार विधानसभा से प्रस्ताव पारित करने का व्यवहार में कोई अर्थ नहीं है सिवाय इसके कि मतदाताओं के बीच खास तरह का संदेश भेज दिया जाए। चुनावी हितों से अलग कसौटियों पर देखें तो कास्ट सर्वे से निकले आंकड़ों को नीति का आधार बनाने से पहले कई और स्तरों पर परखे जाने की जरूरत है। उदाहरण के लिए, नीति आयोग का मल्टी डाइमेंशनल पॉवर्टी इंडेक्स (टढक) बिहार में गरीबी का प्रतिशत 51.91 बताता है। यह कास्ट सर्वे के आंकड़े (63.74 फीसदी) से इस मायने में भी अलग है कि इसमें कई इंडिकेटर्स को आधार बनाया गया है जबकि कास्ट सेंसस डेटा सिर्फ मंथली इनकम पर आधारित है।

# कैसे रुके प्रदूषण

उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में प्रदूषण से हुआ बुरा हाल दुखद है। प्रदूषण से स्थिति इतनी खराब हो गई है कि दिल्ली सरकार ने बुधवार को सभी स्कूलों में 18 नवंबर तक के लिए अवकाश की घोषणा कर दी है। वैसे निचली कक्षाएं तो 3 नवंबर से ही नहीं लग रही हैं। इसे शीतकालीन छुट्टियां कहा जा रहा है, पर वास्तव में ये प्रदूषणकालीन छुट्टियां हैं। राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण लगातार ह्यगंभीरह्ण श्रेणी में बना हुआ है। दीपावली तक प्रदूषण घटने की कोई उम्मीद नहीं है, इसके बाद ही प्रदूषण-रोधी नियमों को ठीक से लागू किया जाएगा और पराली जलाने की घटनाओं में भी कमी आएगी। हालांकि, ज्यादातर स्कूल ऑनलाइन कक्षाएं चलाएंगे और यह जरूरी भी है। कोरोना और लॉकडाउन ने ऑनलाइन पढ़ाई की क्षमता विकसित कर दी है और इसका लाभ लेने में कोई हर्ज नहीं है। अवकाश प्रदूषण से बचने-बचाने के लिए मंजूर हुए हैं, पर इसका मतलब यह नहीं कि बच्चे पढ़ना और शिक्षक पढ़ाना छोड़ दें। स्कूलों को सुनिश्चित करना होगा कि पढ़ाई में नुकसान न हो। शिक्षा केवल भविष्य से जुड़ा विषय नहीं है, यह रोजगार से भी जुड़ा क्षेत्र है, अतः प्रदूषण व अवकाश का कम से कम असर शिक्षा पर पड़ना चाहिए। दिल्ली और उसके आसपास के शहरों में जो धुआं व्याप्त है, उसमें एक तिहाई योगदान पराली का बताया जा रहा है। क्या पंजाब या हरियाणा में भी बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है? वहां शायद दिल्ली की तरह पढ़ाई प्रभावित नहीं हो रही है, पर वहां लोगों का स्वास्थ्य तो खतरनाक रूप से प्रभावित हो रहा होगा। क्या वहां के लोग इस बारे में सोच रहे हैं? क्या वहां की सरकारें लोगों के स्वास्थ्य के प्रति पर्याप्त रूप से जागरूक हैं? मोटे तौर पर हवा में प्रदूषण की मात्रा सुरक्षित सीमा से सात से आठ गुना अधिक हो गई है। कुछ पैमानों पर तो दिल्ली में हवा सुरक्षित सीमा से 30 से 40 गुना अधिक है। गंगा के मैदानी इलाकों के कई शहरों में हवा की गुणवत्ता खतरनाक बनी हुई है। यह बात बार-बार दोहराने की जरूरत है कि यह प्रदूषण सामान्य नहीं, जानलेवा है। ध्यान रहे, करोड़ों लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई है, सुबह-शाम गुलजार रहने वाले उद्यान सूने पड़ गए हैं, लोगों का बाहर टहलना तक बंद हो गया है। ऐसे में, जीवन शैली से जुड़ी अन्य बीमारियों को भी मौका मिलेगा। अच्छी बात है, एक बार फिर सर्वोच्च न्यायालय ने प्रदूषण का संज्ञान लिया है और तमाम सरकारों को फटकारते हुए उचित ही कहा है कि इस मुद्दे पर हर समय राजनीतिक लड़ाई नहीं हो सकती।

# मिलावटी मिठाइयों के बिना दिवाली मनायें

ANALYSIS



आर.के. सिन्हा

**जो इंसान मिठाई नहीं पसंद करता या फिर डाक्टरी सलाह पर इसका सेवन नहीं करता, वह भी दिवाली पर तो कम से कम एक-दो डिब्बे मिठाई के खरीद ही लेता है। इसकी वजह यह है कि लक्ष्मी पूजन के वक्त मिठाई का प्रसाद लक्ष्मी-गणेश को अर्पित करके वितरित किया जाना है। पर यह भी मानना होगा कि दिवाली पर जिस मात्रा में मिलावटी मिठाइयां बाजार में मिलने लगी है, उसके चलते मिठाई का आनंद लेने से पहले हर इंसान कई बार सोचने लगा है। सच में इस कारण घनघोर मिठाई प्रेमी भी अब मिठाई खाने से कतराने लगे हैं। वर्ना एक दौर था जब दिवाली से पहले हिंदू परिवारों में मिठाइयों पर विस्तृत चर्चा होती थी। पर मिलावटी मिठाइयों की बिक्री ने लोगों को मिठाई से दूर सा कर दिया है। युवा पीढ़ी तो अब वैसे भी मिठाई को लेकर कोई बहुत उत्साह नहीं दिखाती है। इस स्थिति के लिए उन हलवाइयों को ही दोषी मानना होगा जो चंद सिक्कों की खातिर मिठाइयां बनाते हुए भरपूर मिलावट करते हैं। मिलावटी मिठाइयां तो किसी की भी सेहत को खराब करने की गारंटी देती हैं। आप दीपावली से पहले इस तरह की खबरें जरूर ही पढ़ रहे होंगे कि मिठाई की दुकानों पर छापा मारा गया और वहां से मिलावटी मिठाई मिली।**



दीपावली और स्वादिष्ट मिठाइयों का चोली-दामन का साथ है। मिठाई के बिना दीपोत्सव का आनंद अधूरा है। जो इंसान मिठाई नहीं पसंद करता या फिर डाक्टरी सलाह पर इसका सेवन नहीं करता, वह भी दिवाली पर तो कम से कम एक-दो डिब्बे मिठाई के खरीद ही लेता है। इसकी वजह यह है कि लक्ष्मी पूजन के वक्त मिठाई का प्रसाद लक्ष्मी-गणेश को अर्पित करके वितरित किया जाना है। पर यह भी मानना होगा कि दिवाली पर जिस मात्रा में मिलावटी मिठाइयां बाजार में मिलने लगी है, उसके चलते मिठाई का आनंद लेने से पहले हर इंसान कई बार सोचने लगा है। सच में इस कारण घनघोर मिठाई प्रेमी भी अब मिठाई खाने से कतराने लगे हैं। वर्ना एक दौर था जब दिवाली से पहले हिंदू परिवारों में मिठाइयों पर विस्तृत चर्चा होती थी। पर मिलावटी मिठाइयों की बिक्री ने लोगों को मिठाई से दूर सा कर दिया है। युवा पीढ़ी तो अब वैसे भी मिठाई को लेकर कोई बहुत उत्साह नहीं दिखाती है। इस स्थिति के लिए उन हलवाइयों को ही दोषी मानना होगा जो चंद सिक्कों की खातिर मिठाइयां बनाते हुए भरपूर मिलावट करते हैं। मिलावटी मिठाइयां तो किसी की भी सेहत को खराब करने की गारंटी देती हैं। आप दीपावली से पहले इस तरह की खबरें जरूर ही पढ़ रहे होंगे कि मिठाई की दुकानों पर छापा मारा गया और वहां से मिलावटी मिठाई मिली। मिलावटी मिठाई बेचने वाले हलवाइयों पर क्या कार्रवाई हुई, यह तो बाद की बात है पर इन खबरों को पढ़कर मिठाई खाने वाले दूर भागने लगते हैं। मुझे याद है कि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहरी वाजपेयी के घर में अतिथियों को दिल्ली की मशहूर दुकानों की मिठाइयां पेश की जाती थीं। वे खुद भी मिठाई प्रेमी थे। इंदिरा गांधी जी भी मेहमानों को स्वादिष्ट मिठाइयां खिलवाती थीं। अगर ये नेता अब होते तो इन्होंने भी अपने मित्रों और मिलने वालों का मुंह मीठा करवाना बंद कर दिया होता। मैं भी अब अपने मेहमानों को घर में बने खजूर गुड़ के लड्डू पेश करता हूँ। अपनी गौशाला की देसी गायों का शुद्ध बिलोया हुआ घी तो है ही। चने के बेसन के अलावा बाजरा, कंगनी, कुटकी और सांवा के आटे के लड्डू भी अद्भुत स्वादिष्ट होते हैं। बेशक पर्वों व खास अनुष्ठानों में मिठाई का बहुत महत्व होता है। दैनिक जीवन में मिठाई का सेवन भोजन के बाद किया जाता है। कुछ राज्यों में भोजन के पूर्व ही मिठाई पेश करने का रिवाज है। कुछ मिठाइयों को खाने का समय भी तय होता है जैसे जलेबी सुबह के समय खाई जाती है, तो रबड़ी रात में। कुछ मिठाइयां पर्वों से संबंधित होती हैं, जैसे गुझिया उत्तर भारत में होली पर बिकती है और पूर्वी भारत में तीज के पर्व पर हर घर में बनाई जाती है। उत्तर भारत में कलाकंद, काजू कतली, कालाजाम, गुलाब जामुन, घेवर, चमचम, जलेबी, बफी, तिलकुट, दाल हलवा, नारियल बफी, मिल्क केक, परवल की मिठाई, पेठा, पेड़ा, फिरनी वगैरह मिलती हैं। बताइये कि कौन इंसान होगा जिन्हें ये मिठाइयां पसंद न हो? इनका नाम सुनते ही मुंह से लार टपकने लगता है। पर दीपावली के मौके पर ये कितनी शुद्ध रूप से बनाई जाती हैं इसकी कोई गारंटी नहीं है। किसे नहीं पता कि दिवाली पर हमारे यहां मिलावट का बाजार खूब फलता-फूलता है। बाजारों में आपको खाने पीने की चीजों में सबसे ज्यादा मिलावट मिलेगी। दीपोत्सव पर मिलावटी मावा और मिलावटी मिठाइयों का बड़ा बाजार भी तैयार हो जाता है। दिल्ली के बाजार में ही इतना मावा या खोवा आ जाता है, जितना देशभर में उत्पादित दूध नहीं बना सकते! इसी कारण से बहुत सारे लोग मिलावट के चलते आजकल दिवाली पर मिठाई की जगह चॉकलेट्स, ड्राई फ्रूट या फिर नमकीन और कुकीज के गिफ्ट हैंपर देने लगे हैं। लेकिन, पूजा के लिए तो मिठाई लानी ही पड़ती है। ऐसे में मिठाई खरीदने से पहले ही आप भी नकली मिठाई की पहचान कर सकते हैं। मिठाई बनाते समय इसमें इस्तेमाल में होने वाले दूध, मावा, चांदी के वर्क, चीनी या तेल तक में भरपूर मिलावट की जाती है। जैसे चांदी के वर्क में एल्यूमीनियम प्रचुर मात्र में मिला दिया जाता है। दूध में यूरिया, रंग, वाशिंग पाउडर मिला देते हैं। घी में जानवरों की चर्बी मिला दी जाती है। मावा भी पूर्णतः मिलावटी होता है। मावा में सबसे ज्यादा मिलावट की जाती है। इसकी पहचान करने के लिए फिल्टर पर आयोडीन की दो ड्रॉप डालें। अगर रंग काला हो जाए तो मान लें कि इसमें मिलावट है। अगर खोया बहुत दानेदार है तो समझो इसमें भी किसी तरह की मिलावट की गई है। शुद्ध खोया एकदम चिकना होता है। इसी तरह से मिठाई में कलर की भी खूब मिलावट बेशर्मी से की जाती है। इसलिए रंग-बिरंगी मिठाई खाने-खरीदने से बचें। जान लें कि कलर वाली मिठाई को हाथ में लेकर चेक करें। अगर हाथ में रंग नहीं लग रहा तो रंग की मिलावट नहीं है। आपके लिए एक ये भी सलाह है कि मिठाई खरीदने से पहले चख लें। इस दौरान आपके बहुत सारे आपके शुभचिंतक आपको सही ही कहने लगते हैं कि आप मिठाइयों का सेवन कम या न करें। मतलब दीपावली पर भी मिष्ठान न खाएं। मिष्ठान हर भारतीयों की कमजोरी है। ये इस तरह की कमजोरी है जिससे किसी को हानि नहीं होती, यदि शुद्धता बरती जाये। कहीं न कहीं कमी तो सरकारी महकमों की भी है जो मिलावट खोरों पर पूरी तरह शिकंजा नहीं कस पाते। एक बार जब मैंने इस विभाग के वरिष्ठ पदाधिकारी से पूछा तो उन्होंने इसका कारण फूड इंस्पेक्टरों की कमी बताया। यदि कमी है पूरी करो। निर्दोष जनता को क्यों मारते हो? भारतीय मिष्ठान शक्कर, अन्न, दूध और घी के अलग-अलग प्रकार से पकाने और मिलाने से बनती हैं। खीर और हलवा सबसे सामान्य मिठाइयां हैं जो प्रायः सभी के घरों में बनती हैं। इसके अतिरिक्त लड्डू, पेड़े, बर्फी और गुजिया भी घरों में बनती है। पर ज्यादातर मिठाइयां बाजार से ही खरीदी जाती हैं। भारत की संस्कृति के ही अनुसार यहां हर प्रदेश की मिठाई में भी विभिन्नता है। उदाहरण के लिए बंगाली मिठाइयों में छेने या पनीर की प्रमुखता है तो पंजाबी मिठाइयों में खोये की। उत्तर भारत की मिठाइयों में दूध की प्रमुखता है तो दक्षिण भारत की मिठाइयों में अन्न और नारियल की। यकीन मानिए कि कभी-कभी मन उदास हो जाता है कि दिवाली पर अधिकतर देशवासियों को शुद्ध मिठाइयां नहीं मिल पाती है। यह एक निराशा की स्थिति है। सरकार को मिलावट खोरों के खिलाफ सख्त से सख्त एक्शन लेना चाहिए। उनकी लापरवाही से अच्छा भला सेहतमंद व्यक्ति मिलावटखोरों की चंगुल में फंसकर स्थायी रूप से बीमार हो रहा है। उन सरकारी अफसरों पर भी करवाई होनी चाहिए जो मिलावटखोरों पर एक्शन नहीं ले पाते। कई तो मिलावटखोरों की घूस खाकर मोटे होते जा रहे हैं। आखिर देश की संसद मिलावटखोरों को मौत या उम्र कैद की सजा देने के बिन्दु पर क्यों नहीं विचार करती?

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# नीतीश के हैरान करने वाले अशिष्ट बोल

स्त्री शिक्षा के फायदे गिनाते-गिनाते नीतीश कुमार भाषा की मयार्दा इस कदर भूल गए कि याद भी नहीं रहा कि वे लोकतंत्र के मंदिर में बोल रहे हैं? अक्सर माननीयों के बिगड़े बोल सामने आते रहते हैं, लेकिन जिस तरह से नीतीश ने हाथ मटका कर, अजीब भाव भंगिमा के साथ मंगलवार को विधानसभा में जो शब्द बोले वो ज्यों के त्यों लिखे भी नहीं जा सकते। नीतीश ने जिस तरह से सेक्स शिक्षा पर बयान दिया उससे बवाल तय था। सवाल यह भी है कि क्या एक परिपक्व राजनेता को जो देश के प्रधानमंत्री का ख्वाब भी पाले हुए है, इतना भान नहीं था कि वो क्या बोल रहे हैं? कहां बोल रहे हैं? उसके मायने क्या निकलेंगे? माना कि मेडिकल साइंस की भाषा में उन्होंने गलत नहीं कहा लेकिन जिस जगह कहा वह ऐसा स्थान नहीं था जहां उस भाषा में कहा जाना था, जिसका उपयोग उन्होंने किया। जिस समय नीतीश बोल रहे थे उस समय सदन में कई महिला नेत्री भी बैठी हुईं थीं। कुछ शर्म से सिर झुकाए हुए थीं तो एक ने नाराजगी जताते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया। उनके समर्थन में शुरू-शुरू में आए लोगों ने अपने ही तर्क देने शुरू किए लेकिन जब बुधवार को नीतीश ने सार्वजनिक तौर पर माफी मांग ली तो उनके बयान से उठा तूल थमने के बजाए अलग ही रंग में दिखा। उनका कहना ह्लमैं खुद पर शर्म महसूस करता हूं, मेरी बात किसी को गलत लगी तो इसके लिए माफी मांगता हूं और अपना बयान वापस लेता हूं। इसके लिए दुख प्रकट करता हूं।ह्व लेकिन सवाल यही कि क्या बुरा बोलकर माफी मांग लेना ही पर्याप्त है? क्या भारतीय राजनीति में इसे परिपाटी माना जा सकता है? शायद नहीं, कभी नहीं। ऐसा भी नहीं है कि नीतीश देश के पहले राजनेता हैं जिनके बोल बिगड़े हों। हाँ ये बात जरूर है कि उन्होंने जिस तरह से कहा वो देश में पहली बार सुना और देखा गया है। हो सकता है कि दुनिया में भी सदन में पहली बार किसी ने कहा हो। आखिर नीतीश को इस तरह से बोलने की क्या जरूरत थी? सवाल तो बहुत से हैं लेकिन जवाब शायद किसी के पास नहीं होगा। सदन लोक प्रतिनिधित्व की पावन जगह है। यह कोई मयखाना या नशेड़ियों का अड्डा नहीं जो भी मन में आए बोल दिया। भले ही कोई मेडिकल साइंस की या जन्म दर के आंकड़े की दुहाई दे लेकिन सच तो यही है कि इस तरह की भाषा या शब्दावली के मायने चिकित्सा शिक्षा में अध्ययन या चिकित्सा के वक्त सामान्य होंगे। वहां भी इसके बोलने, समझाने का शिष्ट तरीका है। बाकी समय ऐसी भाषा नहीं बोली जाती है। यह भी सही है कि सुशासन बाबू के नाम से भी अपनी अलग पहचान रखने वाले नीतीश कुमार की अलग छवि रही। नीतीश कुमार को कभी विकास कुमार भी कहा गया। जनचर्चा है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि अपनी नई पहचान बनाने की पिनक में उन्होंने जो कहा वो नई पहचान के लिए तो नहीं? क्योंकि दोनों ही सदन में कहना इसे चूक नहीं कह सकते। इसे जुबान फिसलना भी नहीं कह सकते क्योंकि कोई एक-दो शब्द होते तो माना भी जा सकता था यहां तो उन्होंने बड़े तरतीब से बेहद अश्लील शब्दों में अपनी बात कही। उनकी कही गई बात सच में दुनिया के किसी भी सभ्य समाज को नागवार गुजरना था, जो गुजरा भी। जो कहा वो पूरा का पूरा या ज्यों का त्यों लिखा भी नहीं जा सकता। देश में तो इसका विरोध हो ही रहा है दुनिया में भी शुरू हो गया है। अफ्रीकी-अमेरिकी अभिनेत्री और गायिका मैरी मिलबेन ने भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राज्य विधानसभा में जनसंख्या नियंत्रण पर बोलते वक्त शिक्षा और महिलाओं की भूमिका को समझाने के लिए अपमानजनक भाषा के किए इस्तेमाल पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि आज भारत एक निर्णायक स्थिति का सामना कर रहा है। ऐसे में बिहार में जहां महिलाओं के मूल्य को चुनौती दी जा रही है? मेरा मानना है कि इस चुनौती का केवल एक ही उत्तर है वो ये कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की टिप्पणियों के बाद, किसी साहसी महिला को आगे आकर बिहार के मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी दावेदारी की घोषणा करनी चाहिए। यदि मैं भारत की नागरिक होती तो बिहार जाती और मुख्यमंत्री पद के लिए चुनाव लड़ती। मेरा मानना है कि बिहार में महिला नेतृत्व को और सशक्त बनाना चाहिए तभी महिला सशक्तिकरण और विकास और प्रतिक्रिया की सच्ची भावना होगी। निश्चित रूप से अभी तो और भी कई तीखी प्रतिक्रियाएं आनी बाकी हैं। यकीनन नीतीश ने जिस भी मकसद से अस्वीकार्य भाषा का इस्तेमाल किया वो तो वही जानें। लेकिन उनके एक बयान से पूरे देश में सियासत को नई हवा जरूर मिल गई है। निश्चित रूप से इण्डिया गठबंधन भी हक्का-बक्का होगी। विपक्ष को बैठे बिठाए वह भी पाँच राज्यों के चुनाव के दौरान बड़ा मुद्दा मिल गया। सबसे बड़ी बात यह भी कि नैतिकता का पाठ पढ़ाने वाले खुद ही अनैतिक हो जाएं तो उन पर नियंत्रण कौन करेगा? उससे भी बड़ा यह कि सर्वोपरि सदन में ऐसी भाषा बोलने की हिमाकत को साधारण नहीं कहा जा सकता। ये बाद की बात है कि इसे कार्यवाही से निकाल दिया जाए। लेकिन इस पर भी सोचना होगा कि दोबारा ऐसी कोई भी घटना न पाए। नीतीश को उनके इस बोल की क्या कीमत चुकानी होगी यह वक्त ही बताएगा। माफी मांगें या शर्मिन्दगी महसूस करें लेकिन अपने घर में भी नीतीश क्या सिर उठा कर परिवार वालों से नजरें मिला पाते होंगे? नीतीश अपने इस बयान के लिए कौन-सी सजा के हकदार होंगे, नहीं पता लेकिन निश्चित रूप से इस अभद्र बोल से राजनीति भी बुरी तरह से शर्मसार हुई है। बस यही इल्तिजा है कि सदन, सार्वजनिक स्थलों पर ऐसे बोल पहले और आखिरी हों।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने कल विधानसभा में महिलाओं के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर अपने मानसिक दिवालियापन का परिचय दिया है ' मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर बैठे एक व्यक्ति का ऐसा दुर्भाग्यपूर्ण वक्तव्य अति निंदनीय और महिलाओं के प्रति भाषाई हिंसा को बढ़ावा देने वाला है।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**



साल 2018 में एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम कानून में संशोधन के विरुद्ध किये भारत बंद के दौरान झारखण्ड के युवाओं पर राज्य की पूर्ववर्ती सरकार द्वारा षड्यंत्र के तहत मुकदमे दर्ज किए गए थे जिसे आपकी झारखण्डी सरकार द्वारा वापस लिया गया। उसी को लेकर आज आभार यात्रा में शामिल युवाओं के प्रतिनिधिमंडल से रांची आवास में मिला। आपका हौसला मेरी ताकत है।

**(मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**



देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री आदरणीय श्री लाल कृष्ण आडवाणी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी जी से आपके निरोगी और सुदीर्घ जीवन की कामना करता हूं।

**(पूर्व सीएम रघुवर दास के ट्विटर अकाउंट से)**

# देवताओं को अमृतपान कराकर अमर किया था धन्वंतरि ने

दिवाली से दो दिन पूर्व 'धनतेरस' नामक त्योहार मनाया जाता है, जो इस वर्ष 10 नवंबर को मनाया जा रहा है। धनतेरस का इतिहास बहुत पुराना माना जाता है। यह त्योहार कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को मनाया जाता है तथा इस दिन आरोग्य के देवता भगवान धन्वन्तरि एवं धन व समृद्धि की देवी लक्ष्मी का पूजन किया जाता है। धन्वंतरि को आयुर्वेद का देवता और देवताओं का चिकित्सक माना गया है, इसलिए धनतेरस चिकित्सकों के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। मान्यता है कि समुद्र मंथन के समय इसी दिन धन्वंतरि आयुर्वेद और अमृत लेकर प्रकट हुए थे। धनतेरस मनाए जाने के संबंध में जो प्रचलित कथा है, उसके अनुसार कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी के दिन देवताओं और असुरों द्वारा मिलकर किए जा रहे समुद्र मंथन के दौरान समुद्र से निकले नवरत्नों में से एक धन्वंतरि ऋषि भी थे, जो जनकल्याण की भावना से अमृत कलश सहित अवतरित हुए थे। धन्वंतरि ऋषि ने समुद्र से निकलकर देवताओं को अमृतपान कराया और उन्हें अमर कर दिया। यही वजह है कि धन्वंतरि को ह्यआरोग्य का देवताह्ण माना जाता है और आरोग्य तथा दीघार्यु प्राप्त करने के लिए ही लोग इस दिन उनकी पूजा करते हैं। इस दिन मृत्यु के देवता यमराज के पूजन का भी विधान है और उनके लिए भी एक दीपक जलाया जाता है, जो ह्ययम दीपकह्ण कहलाता है। धार्मिक ग्रथों में यमराज के पूजन के संबंध में एक कथा प्रचलित है। एक बार यमराज ने अपने दूतों से प्रश्न किया कि क्या प्राणियों के प्राण हरते समय तुम्हें कभी किसी प्राणी पर दया भी आई? यह प्रश्न सुनकर सभी यमदूतों ने कहा, ह्यह्यमहाराज, हम सब तो आपके सेवक हैं और आपकी आज्ञा का पालन करना ही हमारा धर्म है। अतः दया और मोह-माया से हमारा कुछ लेना-देना नहीं है।ह्लह्ल यमराज ने उनसे जब निर्भय होकर सच-सच बताने को कहा, तब यमदूतों ने बताया कि उनके साथ एक बार वास्तव में ऐसी एक घटना घट चुकी है। यमराज ने विस्तार से उस घटना के बारे में बताने को कहा तो यमदूतों ने बताया कि एक दिन हंस नाम का एक राजा शिकार के लिए निकला और घने जंगलों में अपने साथियों से बिछुड़ कर दूसरे राज्य की सीमा में पहुंच गया। उस राज्य के राजा हेमा ने राजा हंस का राजकीय सत्कार किया और उसी दिन हेमा की पत्नी ने एक अति सुन्दर पुत्र को जन्म दिया लेकिन ज्योतिषियों ने भविष्यवाणी की कि विवाह के मात्र चार दिन बाद ही इस बालक की मृत्यु हो जाएगी। यह दुःखद रहस्य जानकर हेमा ने अपने नवजात पुत्र को यमुना के तट पर एक गुफा में भिजवा दिया और वहीं पर उसके लालन-पालन की शाही व्यवस्था कर दी गई और बालक पर किसी युवती की छाया भी नहीं पड़ने दी लेकिन विधि का विधान तो अडिग था। एक दिन राजा हंस की पुत्री घूमते-घूमते यमुना तट पर निकल आई और राजकुमार की उस पर नजर पड़ गई। उसे देखते ही राजकुमार उस पर मोहित हो गया। राजकुमारी की भी यही दशा थी। अतः दोनों ने उसी समय गंधर्व विवाह कर लिया लेकिन विधि के विधान के अनुसार 4 दिन बाद राजकुमार की मृत्यु हो गई। यमदूतों ने यमराज को बताया कि उन्होंने ऐसी सुन्दर जोड़ी अपने जीवन में इससे पहले कभी नहीं देखी थी। वे दोनों कामदेव और रति के समान सुन्दर थे। इसीलिए राजकुमार के प्राण हरने के बाद नवविवाहिता राजकुमारी का करुण विलाप सुनकर उनका कलेजा कांप उठा। घटना का पूर्ण वृतांत सुनने के बाद यमराज ने यमदूतों से कहा कि कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी के दिन धन्वंतरि ऋषि का पूजन करने तथा यमराज के लिए दीप दान करने से इस प्रकार की अकाल मृत्यु से बचा जा सकता है। ऐसी मान्यता है कि उसके बाद से ही इस दिन धन्वंतरि ऋषि और यमराज का पूजन किए जाने की प्रथा आरंभ हुई। धनतेरस के दिन घर के टूटे-फूटे बर्तनों के बदले तांबे, पीतल अथवा चांदी के नए बर्तन तथा आभूषण खरीदना शुभ माना जाता है। कुछ लोग नई झाड़ू खरीदकर उसका पूजन करना भी इस दिन शुभ मानते हैं।

# नो पॉलिटिक्स प्लीज

चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने पंजाब सरकार की ओर से दायर एक याचिका की सुनवाई करते हुए राज्यपालों की भूमिका पर जो कुछ कहा, वह सभी संबंधित पक्षों के लिए चेतावनी की तरह है। भले ही सुप्रीम कोर्ट ने अभी उन सबको आत्मावलोकन की सलाह भर दी हो, लेकिन यह स्थिति सचमुच चिंताजनक है कि राज्यपालों से सामान्य जिम्मेदारी का निर्वाह कराने के लिए भी राज्य सरकारों को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ता है। आखिर विधानसभा में पारित विधेयकों को मंजूरी देना राज्यपाल का संवैधानिक दायित्व है। उसकी प्रक्रिया भी पहले से तय है। राज्यपाल या तो उसे राज्य सरकार को दोबारा विचार के लिए लौटा सकते हैं या फिर उसे राष्ट्रपति के पास भेज सकते हैं। किसी भी स्थिति में उन बिलों को लटकाए रखने का भला क्या औचित्य हो सकता है। और यह अकेले पंजाब का मामला नहीं है। इसी साल अप्रैल में तेलंगाना की सरकार भी राज्यपाल के खिलाफ ऐसी ही शिकायत लेकर सुप्रीम कोर्ट आई थी। केरल और तमिलनाडु दो और राज्य हैं, जो इसी कतार में खड़े नजर आते हैं। केरल की ओर से सीनियर एडवोकेट केके वेणुगोपाल ने सीजेआई की बेंच के सामने अर्जेंट लिस्टिंग की अर्जी डाल रखी है जबकि तमिलनाडु के मामले पर इसी महीने की 10 तारीख को सुनवाई होनी है। गौर करने की बात यह है कि इन सभी राज्यों में गैर बीजेपी दलों की सरकार है। स्वाभाविक ही पहला संदेह यही होता है कि कहीं राज्यपालों की इस भूमिका के पीछे राजनीतिक समीकरणों की तो कोई भूमिका नहीं है। यह भूमिका हो या न हो, ऐसा विवाद पैदा होना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस तरह के मामलों में तो सभी पक्षों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए ताकि गलती से भी यह संकेत न जाए कि देश में संवैधानिक संस्थाओं के कामकाज में राजनीति आड़े आ रही है। साफ है कि इस कसौटी पर शासन तंत्र अपेक्षित जिम्मेदारी नहीं दिखा पा रहा। हालांकि इसके लिए किसी भी एक पक्ष पर पूरा दोष नहीं डाला जा सकता। अगर पंजाब की ही बात करें तो बिलों को मंजूरी मिलने में हुई देरी का सवाल अपनी जगह जायज हो सकता है, लेकिन विधानसभा की बैठकों के बीच तीन महीने के अंतराल का भला क्या औचित्य हो सकता है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# एसएंडपी ने चालू वित्त वर्ष में भारत का वृद्धि दर अनुमान 6 फीसदी बरकरार रखा

**नई दिल्ली ।**

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत का वृद्धि दर अनुमान चालू वित्त वर्ष में छह प्रतिशत बरकरार रखा है। एसएंडपी ने एशिया-प्रशांत साख परिदृश्य-2024 में एक रिपोर्ट में कहा कि पूंजी की गहनता में सुधार, अनुकूल जनांकिकी और उत्पादकता वृद्धि सुधार के आवश्यक कारक हैं। एसएंडपी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था वृद्धि का रिकॉर्ड मजबूत है। हमें उम्मीद है कि यह गति जारी रहेगी और वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की अर्थव्यवस्था छह प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। वित्त वर्ष 2024-2025 और 2025-26 में वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहेगी। इसमें कहा गया कि भारत की आर्थिक वृद्धि काफी हद तक दिख रही है। अमेरिका स्थित रेटिंग एजेंसी के अनुसार वृद्धि बाजार के भरोसे व राजस्व सृजन का समर्थन करती है। उसका मानना है कि ब्याज दरों की स्थिति अगले कुछ साल में भारत के ऋण के रुख के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। वृद्धि के अगले चरण को खोलने की चुनौतियों में श्रम बल की भागीदारी, जलवायु जुझारूपन तथा कारोबारी माहौल में और सुधार शामिल हैं। एसएंडपी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था सेवा उद्योग की मजबूत वृद्धि पर निर्भर है। अर्थव्यवस्था में सेवाओं का प्रभाव समय के साथ बढ़ा है, जबकि कृषि तथा अन्य प्राथमिक उद्योगों ने आर्थिक हिस्सेदारी कम कर दी है। इसमें कहा गया कि हमें उम्मीद है कि अर्थव्यवस्था में सेवाओं की हिस्सेदारी और बढ़ेगी क्योंकि तुलनात्मक रूप से लाभ अब भी उस क्षेत्र में है।




# इस साल के शुरुआती 9 महीनों मे दोगुने बिके लग्जरी घर

**नई दिल्ली:**

बुधवार को जारी रियल एस्टेट कंसल्टेंसी सीबीआरई की एक रिपोर्ट से पता चला है कि भारत में 4 करोड़ रुपए या उससे अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की बिक्री पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 2023 के पहले नौ महीनों में 97 प्रतिशत बढ़ी है।


भारत के शीर्ष सात शहरों में इस साल 9,200 लक्जरी घर बेचे गए, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 4,700 था। कंसल्टेंसी ने अपने इंडिया मार्केट मॉनिटर क्त्र3 2023 में कहा कि इस साल त्योहारी सीजन में घरों की बिक्री तीन साल में सबसे ज्यादा होने की उम्मीद है। 2021 में 114,500 इकाइयों और 2022 में 147,300 इकाइयों की तुलना में, इस साल घरेलू बिक्री 150,000 इकाइयों से अधिक होने की उम्मीद है।

**दिल्ली-एनसीआर, मुंबई और हैदराबाद टॉप शहर**

रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली-एनसीआर, मुंबई और हैदराबाद बिक्री पर हावी होने वाले शीर्ष तीन बाजारों के रूप में उभरे हैं, जो शीर्ष सात शहरों में कुल लक्जरी आवास बिक्री का लगभग 90 प्रतिशत है। दिल्ली-एनसीआर 37 प्रतिशत (3,409 यूनिट) की हिस्सेदारी के साथ शीर्ष पर रहा।

इसके बाद मुंबई, हैदराबाद और पुणे का स्थान रहा, जिनकी हिस्सेदारी क्रमशः 35 प्रतिशत (3,252 इकाई), 18 प्रतिशत (1,660 इकाई) और 4 प्रतिशत (332 इकाई) थी। जनवरी-सितंबर के दौरान बिकीं 230,000 से अधिक इकाइयां जनवरी-सितंबर के दौरान सभी मूल्य श्रेणियों में घरों की कुल बिक्री 230,000 इकाइयों से अधिक हो गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करती है। घरों की बिक्री में मध्य-अंत परियोजनाओं का वर्चस्व रहा, जो कुल बिक्री का लगभग आधा हिस्सा था, इसके बाद उच्च-अंत और किफायती परियोजनाएं थीं।

# डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने भारत में खोए 28 लाख ग्राहक




**नई दिल्ली।**

डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने 30 सितंबर को समाप्त तिमाही में 2.8 मिलियन ग्राहक खो दिए हैं। डिज्नी के सीईओ बॉब इगर ने कहा है कि इसके बावजूद वे भारतीय बाजार में बने रहना चाहेंगे। डिज्नी प्लस हॉटस्टार के पास तीसरी तिमाही में 37.6 मिलियन ग्राहक थे, जो इस साल भारत में दूसरी तिमाही में 40.4 मिलियन से कम है। बुधवार देर रात तिमाही नतीजों के बाद विश्लेषकों के साथ बातचीत में, इगर ने कहा कि भारत में, हमारा लीनियर व्यवसाय वास्तव में काफी अच्छा है। इगर ने विश्लेषकों को बताया, मैं जानता हूं कि मैंने यह पहले भी कहा है, इससे मुझे हमेशा परेशानी होती है। लेकिन हम अपने विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। हमारे पास अपना हाथ मजबूत करने का अवसर है। यह अब शायद दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है या शायद अभी भी चीन के बाद दूसरे स्थान पर है और उनसे आगे निकलने वाला है। उन्होंने कहा कि कंपनी भारतीय बाजार में बने रहना चाहेगी। उन्होंने कहा, लेकिन हम यह भी देखना चाह रहे हैं कि क्या हम अपना हाथ मजबूत कर सकते हैं और जाहिर तौर पर अंतिम परिणाम में सुधार कर सकते हैं। विज्ञापन के संदर्भ में, हम वास्तव में पा रहे हैं कि लीनियर हमारी अपेक्षा से थोड़ा अधिक मजबूत है। सीईओ ने कहा, यह अभी भी एक चुनौती है, लेकिन यह उतना बुरा नहीं है जितना पहले था।

इसलिए, हमने कुछ मामूली सुधार देखे है। दरअसल, टेक सेक्टर अभी भी कुछ हद तक कमजोर है। लेकिन सामान्य तौर पर कुल मिलाकर विज्ञापन में सुधार हुआ है। 2023 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप की स्ट्रीमिंग के साथ डिज्नी प्लस हॉटस्टार भारत में चल रहे त्योहारी तिमाही में अधिक ग्राहक बनाने के लिए तैयार है। वैश्विक स्तर पर तिमाही और वर्ष के दौरान वॉल्ट डिज्नी कंपनी के राजस्व में 5 प्रतिशत और 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। डिज्नी प्लस ने इस तिमाही में लगभग 7 मिलियन कोर ग्राहक जोड़े।

# वैश्विक बाजार में चीनी की कीमत 12 साल के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चीनी की कीमत 28 सेंट प्रति पाउंड से बढ़कर 12 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। भारत से निर्यात में भारी गिरावट और ब्राज़ील में लॉजिस्टिक समस्याओं के कारण चीनी की आपूर्ति में कमी देखी जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चीनी की कीमत लगातार कई वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच रही है।अंतर्राष्ट्रीय चीनी संगठन द्वारा अनुमानित 15-दिवसीय औसत कीमत हाल के हफ्तों में 26 सेंट से ऊपर रही है। भारत ने चीनी पर निर्यात प्रतिबंध बढ़ा दिया है। यहां भाव बढ़ने के बाद ऐसा किया गया है। सरकार चाहती है कि कीमत नियंत्रण में रहे, खासकर त्योहारी सीजन के दौरान। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश है और निर्यात में कटौती का असर वैश्विक बाजार पर पड़ता है। भारत ने मिलों को 2022-2023 सीज़न के दौरान केवल 6.2 मिलियन टन चीनी निर्यात करने की अनुमति दी थी, जो 30 सितंबर को समाप्त हुआ।देश में इस साल 2018 के बाद से सबसे कमजोर मानसून देखा गया है और चालू सीजन में गन्ने के उत्पादन में गिरावट की आशंका है, जिससे कीमत बढ़ने का असर मुद्रास्फीति पर पड़ सकता है। व्यापार अनुमान के अनुसार, भारत में चीनी की कीमत दूसरी तिमाही में साल-दर-साल 5-8 प्रतिशत बढ़ी है। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (आईएसएमए) के अनुसार, 2023-24 विपणन वर्ष में भारत का चीनी उत्पादन 8 प्रतिशत गिरकर 33.7 मिलियन मीट्रिक टन होने की संभावना है। इस बात को भी ध्यान में रखना जरूरी है कि कुछ चीनी को इथेनॉल बनाने के लिए उपयोग किया जाता है। चीनी मिलों ने पिछले विपणन वर्ष में इथेनॉल उत्पादन के लिए 4.1 मिलियन टन चीनी का उपयोग किया था और इस वर्ष भी इतनी ही मात्रा आवंटित की जा सकती है। इससे व्यापार जगत में यह आशंका पैदा हो गई है कि घरेलू कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए सरकार चालू सीजन में चीनी का निर्यात बंद भी कर सकती है।अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीनी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है क्योंकि दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक ब्राजील लॉजिस्टिक समस्याओं का सामना कर रहा है। वहां के बंदरगाह एक अड़चन बनकर उभरे हैं। जहाजों को लोड करने का समय बढ़ गया है और बंदरगाहों पर स्टॉक जमा हो रहा है।

उधर सोया की फसल भी आने से समस्या और भी बदतर हो गई है क्योंकि रेलवे और बंदरगाह दोनों ही बुनियादी ढांचे खेप को संभालने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

# भारत-जापान चिप्स, रेयर-अर्थ और एआई में सहयोग कर सकते हैं : आरबीआई गवर्नर

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को टोक्यो में कहा कि सेमीकंडक्टर और मजबूत सप्लाई चेन, रेयर अर्थ एक्सट्रैक्शन, स्पेस टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग में भारत और जापान के बीच सहयोग के कई अवसर हैं। दास ने टोक्यो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में अपने संबोधन में कहा, मानव संसाधन के क्षेत्र में भी हमारी साझेदारी संभावित रूप से मजबूत हो सकती है। मुझे यकीन है कि भविष्य पूरी दुनिया के लाभ के लिए हमारी भागीदारी को गहरा करने की असीमित संभावनाएं प्रदान करता है। भारत अपनी युवा जनसांख्यिकी, भौतिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे में सुधार और सबसे बढ़कर, एक सक्षम नीति वातावरण के साथ वैश्विक विकास का नया इंजन बन गया है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में जापान और भारत स्वाभाविक साझेदार बने रहेंगे। दास ने कहा, हम जापानी आर्थिक चमत्कार को एक सीखने के अवसर के रूप में देखते हैं। हम भारत के विकास पथ को ऊपर उठाने के लिए जमीन तैयार कर रहे हैं। जापान ने कई सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की साझेदारियों से भारत में बुनियादी ढांचे के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, भारत हमारे दोनों देशों के लिए विकास और समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत के लिए जापान को एक करीबी भागीदार के रूप में देखता है। भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत पर प्रकाश डालते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा कि देश की विकास दर पटरी पर बनी हुई है, मुद्रास्फीति नरमी की राह पर है, हालांकि यह अभी भी टारगेट से ऊपर है। बैंकों और कॉरपोरेट्स की बैलेंस शीट लंबे समय में सबसे स्वस्थ हैं और सरकार द्वारा सार्वजनिक निवेश को बढ़ावा देने के साथ, वे निवेश में निरंतर पुनरुद्धार के लिए अनुकूल स्थितियां बनाते हैं। कंज्यूमर कांफिडेंस महामारी के बाद से बढ़ रहा है। हम सेवा क्षेत्र में निर्यात के अवसरों का लाभ उठा रहे हैं; हमारा चालू खाता घाटा पूरी तरह से लिमिट के अंदर है; और हमने संभावित परिस्थितियों से निपटने के लिए अपने विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाया है।

# वॉलमार्ट भारत से करेगी 10 अरब डॉलर का निर्यात

**नई दिल्ली:**

अमेरिका की प्रमुख रिटेल कंपनी वॉलमार्ट भारत को दुनिया के लिए सोर्सिंग का प्रमुख केंद्र बनाने की संभावनाएं तलाश रही है। इसी क्रम में कंपनी अगले साल 14 और 15 फरवरी को नई दिल्ली में मेगा सेलर्स समिट यानी विक्रेताओं के सम्मेलन की मेजबानी करने के लिए तैयार है। यह वॉलमार्ट का अमेरिका के बाहर दूसरा और भारत में पहला वार्षिक कार्यक्रम होगा। करीब एक दशक तक कंपनी अपने वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन अमेरिका में करती रही थी, मगर पिछले अप्रैल में उसने मैक्सिको में इस कार्यक्रम का आयोजन किया था। वॉलमार्ट की कार्यकारी उपाध्यक्ष (सोर्सिंग) एंड्रीया अल्ब्राइट ने कहा कि भारत में आयोजित होने वाला कार्यक्रम अमेरिका और मैक्सिको के कार्यक्रमों के मुकाबले काफी बड़ा होगा। निर्यात के लिए तैयार आपूर्तिकर्ताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए कंपनी अपने दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत वैलेंटाइन डे पर करेगी। इस दौरान भारतीय कंपनियों और वॉलमार्ट के 50-60 अमेरिकी व्यापारियों को साथ लाने की योजना है।



# रिलायंस रिटेल का पहला स्वदेश स्टोर हैदराबाद में खुला

**हैदराबाद ।** रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और चेयरपर्सन नीता अंबानी ने हैदराबाद में रिलायंस रिटेल के पहले स्वदेश स्टोर का हाल ही में उदघाटन कर` दिया है। कंपनी के अनुसार हैदराबाद के जुबली हिल्स में 20,000 वर्ग फुट में फैली यह दुकान भारतीय कला और शिल्प को समर्पित है। नीता अंबानी ने कहा कि रिलायंस रिटेल के स्वदेश स्टोर, भारत की सदियों पुरानी कला को दुनिया के सामने रखने का मंच बनने के साथ-साथ कारीगरों और शिल्पकारों के लिये आमदनी का जरिया भी बनेंगे। स्वदेश दुकान में हस्तशिल्प के अलावा हस्त निर्मित खाद्य वस्तुएं व कपड़े जैसे उत्पाद भी खरीदारी के लिए उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि स्वदेश भारत की पारंपरिक कला और कारीगरों को बचाने और उन्हें आगे बढ़ाने की एक अच्छी पहल है। इसमें मेक इन इंडिया की भावना निहित है और यह हमारे कुशल कारीगरों और शिल्पकारों के लिए सम्मान के साथ जीविका चलाने का साधन बनेगा। वे वास्तव में हमारे देश का गौरव हैं और स्वदेश के माध्यम से हम उन्हें वह वैश्विक पहचान दिलाने की कोशिश करेंगे, जिसके वे हकदार हैं। उन्होंने कहा कि हम भारत के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका और यूरोप में भी स्वदेश का विस्तार करने का प्रयास करेंगे।

# एचपीसीएल अगले वर्ष से दूसरी कंपनियों से डीजल खरीदी बंद करेगी

**नई दिल्ली ।**

हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) आंध्र प्रदेश में अपनी विशाखापत्तनम रिफाइनरी का विस्तार पूरा करने और अगले वित्त वर्ष में राजस्थान में एक नई रिफाइनरी की स्थापना करने के बाद रिलायंस और नायरा एनर्जी जैसी कंपनियों से डीजल खरीदना बंद कर देगी। कंपनी के एक वे रिष्ठ अधिकारी ने कहा कि देश में करीब एक-चौथाई पेट्रोल पंप एचपीसीएल के हैं लेकिन उसके पास पेट्रोल तथा डीजल का उत्पादन करने के लिए पर्याप्त तेल शोधन क्षमता नहीं है। इसलिए इसकी भरपाई के लिए वह मेंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल), गुजरात में रिलायंस इंडस्ट्रीज की जामानगर इकाइयों और नायरा की वाडिनार रिफाइनरी से उत्पाद खरीदती है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में परिसंपत्तियों की गुणवत्ता तथा क्षमता को मजबूत करने में पूंजीगत व्यय पर कंपनी के ध्यान देने के अब परिणाम आना शुरू हो गए हैं। कंपनी पहले ही अपनी मुंबई रिफाइनरी की क्षमता को 75 लाख टन से बढ़ाकर 95 लाख टन प्रति वर्ष कर चुकी है। विशाखापत्तनम इकाई का विस्तार करके उसकी क्षमता अगले साल तक 1.5 करोड़ टन तक की जाएगी।




# दिग्गज कंपनियों के शेयर में गिरावट से लाल निशान पर बंद हुआ बाजार

## महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में रही तेजी


**मुंबई ।**

रिलायंस, एचयूएल, टेक महिंद्रा, टीसीएस और इंफोसिस के शेयरों में गिरावट और ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले रुझानों के बीच गुरुवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद घरेलू शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुए। दोनों फ्रंटलाइन इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। गुरुवार के कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 143 अंक कमजोर हुआ। वहीं, निफ्टी (निफ्टी) में भी 42 अंक की गिरावट देखी गई। व्यापक बाजारों में, बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में क्रमशः 0.26 प्रतिशत और 0.11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स (सेंसेक्स) 143.41 अंक की गिरावट के साथ 64,832.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 65,046.56 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 64,768.76 तक आया। वहीं, दूसरी ओर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी (निफ्टी) में भी 42.30 अंक की गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी दिन के अंत में 19,401.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 19,463.90 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 19,378.35 तक आया। गुरुवार के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में 13 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स और एलएंडटी सेंसेक्स के टॉप 5 गेनर्स रहे। सबसे ज्यादा मुनाफा महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों को हुआ। इसके शेयर 4.09 फीसदी चढ़ गए। वहीं, दूसरी ओर सेंसेक्स के शेयरों में 17 शेयर लाल निशान पर बंद हुए। एचयूएल, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, रिलायंस और बजाज फाइनेंस सेंसेक्स के टॉप 5 लूजर्स साबित हुए। सबसे ज्यादा नुकसान एचयूएल के शेयरों को हुआ। इसके शेयर 1.56 फीसदी गिर गए। इसके अलावा टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईटीसी, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, नेस्ले इंडिया, विप्रो, एचडीएफसी बैंक, एसबीआई और एक्सिस बैंक के शेयरों में लगभग 0-1 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।




# भारत में गिटहब पर जेनरेटिव एआई प्रोजेक्ट बनाने वाले अब 13.2 मिलियन डेवलपर्स


**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के स्वामित्व वाले एआई-पावर्ड प्लेटफॉर्म गिटहब के भारत में 13.2 मिलियन डेवलपर्स हैं। जिसमें से 3.5 मिलियन इस साल इस प्लेटफॉर्म से जुड़े हैं। भारत में डेवलपर्स वैश्विक स्तर पर गिटहब जेनरेटिव एआई परियोजनाओं में दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता हैं। इस निरंतर और महत्वपूर्ण वृद्धि के साथगिटहब का अनुमान है कि भारत 2027 तक कुल डेवलपर आबादी में अमेरिका से आगे निकल जाएगा। गिटहब में एपीएसी के उपाध्यक्ष शैरिन नेपियर ने कहा, भारत का बढ़ता डेवलपर समुदाय एक नवाचार पावरहाउस के रूप में देश की स्थिति के केंद्र में है। भारतीय डेवलपर्स को गिटहब पर जेनेरिक एआई परियोजनाओं में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए देखना रोमांचक है, जो एआई परिदृश्य में भारत के बढ़ते महत्व को उजागर करता है, साथ ही देश के डेवलपर्स सीधे दुनिया भर में एआई नवाचार के भविष्य को आकार दे रहे हैं। गिटहब की स्टेट ऑफ द ऑक्टोवर्स रिपोर्ट के 2023 संस्करण से पता चला है कि जेनरेटिव एआई 148 प्रतिशत साल-दर-साल वृद्धि के साथ जेनरेटर एआई परियोजनाओं में व्यक्तिगत योगदानकर्ताओं में एक महत्वपूर्ण और वैश्विक वृद्धि ला रहा है। विशेष रूप से, अमेरिका, भारत और जर्मनी डेवलपर समुदायों के बीच अग्रणी हैं, जबकि यूके, जापान, हांगकांग और फ्रांस सहित अन्य क्षेत्र इसके बाद हैं। भारत के डेवलपर समुदाय ने साल-दर-साल लगातार वृद्धि का अनुभव किया है, जिसमें 2023 में 36 प्रतिशत की वृद्धि भी शामिल है। भारत अपने और अन्य देशों के लिए डिजिटल भुगतान और ईकॉमर्स सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए सॉफ्टवेयर कोड से लेकर एआई मॉडल तक खुली सामग्रियों के साथ अपने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है।



# वेदांत रिसोर्सेस की 2.5 अरब डॉलर तक जुटाने की योजना

**मुंबई।**

वेदांत रिसोर्सेस 2.5 अरब डॉलर तक जुटाने की योजना पर काम कर रही है। कंपनी इसके लिए पश्चिम एशिया के विदेशी निवेशकों को तरजीही शेयर जारी करने और अधिक ब्याज वाले पुराने कर्ज को चुकाने के लिए नए कर्ज लेने पर` विचार कर रही है। एक बैंकर का कहना है` कि समूह की होल्डिंग कंपनी वेदांत रिसोर्सेस रकम जुटाने के लिए वेदांत लिमिटेड में अपनी 63.71 फीसदी हिस्सेदारी बेचने पर भी विचार कर रही है। इस महीने घोषित होने वाले ऋण और इक्विटी लेनदेन से समूह को उन बॉन्डों का अग्रिम नकद भुगतान करने में मदद मिलेगी जो अगले साल परिपक्व होने वाले हैं। वेदांत के एक अरब डॉलर के विदेशी बॉन्ड अगले साल 21 जनवरी को परिपक्व हो जाएंगे और इसके बाद 8 अगस्त को 95.1 करोड़ डॉलर के बॉन्ड परिपरक्व होंगे। मार्च 2025 में 1.2 अरब डॉलर और अप्रैल 2026 में 60 करोड़ डॉलर मूल्य के बॉन्ड परिपक्व होने वाले हैं। बैंकरों ने कहा कि वीआरएल के सुरक्षित ऋणदाताओं ने बॉन्ड पुनर्गठन के दौरान अपनी सुरक्षित स्थिति को दिखाते हुए बेहतर पैकेज की तलाश के लिए असुरक्षित ऋणदाताओं से एक अलग समूह बनाया है।समूह की ट्विन स्टार होल्डिंग्स (टीएसएचएल) और वेल्टर ट्रेडिंग ने जनवरी 2021 और मार्च 2025 की गारंटी दी है। इसके अलावा वीआरएल ने भी गारंटी दी है। ये बॉन्ड वेदांत लिमिटेड के शेयरों के जरिए सुरक्षित हैं जबकि अगस्त 2024 के बॉन्ड असुरक्षित हैं।




# टाटा पावर का दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 9त्न बढ़कर हुआ 1,017 करोड़ रुपये

**मुंबई।** टाटा पावर ने बुधवार को चालू वित्तवर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 8.8 प्रतिशत बढ़कर 1,017 करोड़ रुपये होने की घोषणा की, जबकि पिछले साल की समान अवधि में शुद्ध लाभ 935 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कहा कि उसने जाम्बिया में अपने पनबिजली संयंत्र की टैरिफ समस्या का समाधान कर लिया है और उसे जाम्बिया बिजली आपूर्ति निगम से 10.2 करोड़ डॉलर के लंबित बकाए का कुछ हिस्सा मिल गया है। टाटा पावर का स्वच्छ ऊर्जा पोर्टफोलियो दूसरी तिमाही के दौरान 5,500 मेगावाट तक विस्तारित हो गया है और अब यह इसकी कुल स्थापित उत्पादन क्षमता का 38 प्रतिशत है।



## फिटनेस




# रोज सुबह बिस्तर में ही करें ये 2 एक्सरसाइज



हेल्दी रहने के लिए सुबह समय पर जागना और रात को समय पर सोना जरूरी है। इसके साथ ही दिन की शुरूआत आप किस तरह से कर रही हैं, इसका भी आपकी फिटनेस पर असर होता है। अक्सर लोग फिटनेस पर तब ध्यान देते हैं, जब इसके खराब होने की वजह से सेहत से जुड़ी परेशानियां होने लगती हैं। फिट रहने, मोटापा कम करने और बीमारियों से बचाव करने के लिए एक्सरसाइज करना जरूरी है। लेकिन ज्यादातर लोग अपने बिजी शिड्यूल की वजह से एक्सरसाइज के लिए टाइम नहीं निकाल पाते हैं। यहां हम आपको 2 ऐसी एक्सरसाइज के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको रोज सुबह बिस्तर में ही सिर्फ 5 मिनट करना है और कुछ ही दिनों में आपको आपकी फिटनेस और एनर्जी लेवल में सुधार नजर आएगा। यह जानकारी दिलराज प्रीत कौर दे रही हैं। वह इंटरनेशनल योगा टीचर हैं। साथ ही उत्तराखंड सरकार की योगा ब्रांड एंबेसडर भी हैं।

### एक्सरसाइज 1

सबसे पहले बिस्तर पर बैठ जाएं। पालती मार कर बैठ जाएं। दोनों पैरों को इसी पोजिशन में एक-दूसरे से थोड़ा दूर करें। तकिये को वर्टिकल पोजिशन में अपने आगे रखें। दोनों हाथों को सामने की तरफ रखते हुए तकिए की ओर झुकें। फिर वापिस पुरानी पोजिशन में आ जाएं।

ऐसा 5-7 बार करें।

क्या होंगे फायदे?: इससे रीढ़ की हड्डी को मजबूती मिलती है। पेट की मांसपेशियों को आराम मिलता है।



### एक्सरसाइज 2

बिस्तर पर बैठ जाएं। पैरों को आगे की तरफ फैलाएं।

अपने हाथों को घुटनों पर रखें। अब धीरे-धीरे अपने तलवों को तरफ झुकें। फिर पुरानी पोजिशन में वापिस आ जाएं। ऐसा 5-7 बार करें।

क्या होंगे फायदे?: इससे पेट की चर्बी कम होगी। गर्दन, कंधे और पीठ का लचीलापन बढ़ेगा। इमोशनल बैलेंस बढ़ता है। पेट की मांसपेशियों पर दवाब बढ़ेगा। पेट आसानी से साफ होगा।

## ब्यूटी

# आपके हर मूड के लिए अलग-अलग लुक्स



यदि आप उनमें से हैं, जो अपने अलग-अलग रूपों को अलग-अलग लुक्स के साथ सेलिब्रेट करती हैं। तो आपको यह आर्टिकल जरूर देखना चाहिए। हम यहां आपके हर मूड के लिए एक नया लुक बता रहे हैं।

### नाजुक परी

सादगीभरा सर्वश्रेष्ठ लुक। कम से कम शेड्स से तैयार यह लुक आपको शालीन दिखाएगा। मैट फि निश बेस सेट करें। आइलिड्स पर ग्लॉसी पिंक आइशैडो लगाएं। क्रीज से बाहरी किनारों तक शेड को फैलाएं। ग्लॉसी पिंक लिपस्टिक लगाएं और मेसी बीच वेव्स बनाकर लुक को पूरा करें। एम्बेलिश्ड केप जैकेट, मिश्रु; ब्रालेट, फ़्लेयर बाय काजल शाह; नेकपीस ऐंड क्वॉट्र्ज.स्टोन रिंग, अनाका ज्वेल्स; गोल्ड प्लेटेड ब्रास रिंग, साक्षी झुनझुनवाला ज्वेलरी

### आई क्रीम को करें अप्लाई

यदि मन बंजारा हो, लेकिन दिल परियों-सा, तो यह अनूठा रोमैंटिक अंदाज खास आपके लिए है। नमीयुक्त बेस सेट करें। चीकबोन्स, नाक और ठोढ़ी को हाइलाइट करें। आइलिड्स पर वाइट विंग्ड लाइनर लगाएं। लैशेस पर मस्कारा के ढेरों कोट्स और होंठों पर क्रीमी न्यूड लिपस्टिक लगाएं। फि शटेल चोटी बनाकर उसे थोड़ा मेसी और ढीला-ढाला इफेक्ट दें। चोटी के ऊपरी हिस्से से लेकर नीचे तक छोटे-छोटे खूबसूरत फूल लगाकर लुक को पूरा करें।

### बोल्ड ऐंड ब्यूटिफुल

प्रयोग करना हमेशा ही मजेदार रहता है। लुक के साथ थोड़ा-सा प्रयोग करने का जोखिम उठाएं और पाएं ड्रमैटिक लुक। बोल्ड और चटक लुक पाने के लिए केवल मेकअप नहीं, बल्कि बालों के साथ भी प्रयोग करें। चेहरे को कॉन्टूर और हाइलाइट करें। स्मोकी आइज तैयार करें और लैशेस को ढेर सारा वॉल्यूम दें। होंठों पर चटक शेड की लिपस्टिक लगाएं। साइड पार्टिंग करके बालों को एक ओर कर लें। लो पोनीटेल बनाएं और खुले बालों को बैक्कोम करके टीज करें। हेयर स्प्रे से हेयरस्टाइल को फि निश करें। सीक्वेन्ड लहंगा चोली, मिश्रु; स्टोन स्टेटमेंट ईयरिंग्स, साक्षी झुनझुनवाला ज्वेलरी, गोल्ड-प्लेटेड रिंग, शेज

### शाही सज्जा

किसी राजकुमारी-सी नजर आने के लिए यह लुक अपनाएं। मैट फि निश वाला बेस सेट करें। तराशा हुआ लुक पाने के लिए चेहरे को कॉन्टूर और हाइलाइट करें। आइलिड पर रोज गोल्ड शेड का आइशैडो लगाएं। आंखों के भीतरी कोने में हाइलाइटर लगाकर हाइलाइट करें। आइब्रोज को संवारें और लैशेस पर मस्कारा लगाकर आइ मेकअप को पूरा करें। होंठों पर हल्का गुलाबी लिप ग्लॉस लगाएं। मेसी बन बनाकर लुक को और भी दिलकश बनाएं। पेस्टल लहंगा, पिंक पीकॉक कुतूर; नेकपीस, साक्षी झुनझुनवाला ज्वेलरी; फ़्लावर रिंग और क्रिस्टल स्टडेड ब्रेस्लेट, शेज

### रेट्रो रानी



यदि आपको ह्य80 के दशक का ग्लैमर पसंद हो और चटक रंगों से प्यार भी, तो यह स्टाइलिश लुक आपके कॉकटेल ईवनिंग को ग्लैमरस बना देगा। नमीयुक्त बेस बनाएं। आइलिड पर मेटैलिक कॉपर शेड लगाएं। आइब्रोज को अच्छी तरह संवार लें और लैशेस को डिफाइन करने के लिए मस्कारा लगाएं। होंठों को चटक लाल शेड की लिपस्टिक से भरें। सामने की ओर क्लासिक स्लीक वेव्स तैयार करें, वहीं पीछे के बालों का बन बना लें।

# आपके शहर के करीबी वीकएंड सैरगाह








यदि आप हफ़्तेभर की गतिविधियों से थक गए हैं तो दोबारा नए उत्साह से भरने के लिए अपने शहर के करीबी वीकएंड डेस्टिनेशन्स की ओर निकल लें। गंगा के किनारे बसा गढ़मुक्तेश्वर आपके शहर दिल्ली से महज ९४ किलोमीटर दूर है। यहां कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाला गंगा स्नान पर्व बड़ा मेला माना जाता है। शिवपुराण के अनुसार, यहां पर शापित शिवगणों की पिशाच योनि से मुक्ति हुई थी, इसलिए यह तीर्थ गढ़मुक्तेश्वर यानी गणमुक्तेश्वर (गणों को मुक्त करनेवाले ईश्वर) नाम से जाना जाता है। मिनी बनारस कहे जाने वाले हिंदुओं के इस पावन शहर में गंगा मंदिर, मीराबाई की रेती, मुक्तेश्वर महादेव मंदिर और नहुष कूप जैसे कई दर्शनीय स्थल हैं। गंगा में डुबकी लगाने के बाद आप नौका विहार पर भी जा सकते हैं। मुंबई की व्यस्त ज़िंदगी से कुछ समय के लिए खुद को अलग करना चाहते हैं तो शहर से करीब ८५ किलोमीटर दूर स्थित हिल स्टेशन माथेरान का रुख करें। यह एक छोटा, लेकिन मुंबई वालों के पसंदीदा हिल स्टेशन्स में एक है। माथेरान में कुल ३८ पॉइंट्स हैं, जहां से इस हिल स्टेशन की सुंदरता को निहारा जा सकता है। उनमें सबसे मशहूर है पेनोरमा पॉइंट, जहां से संपूर्ण क्षेत्र का ३६० डिग्री का दृश्य देखा जा सकता है। इस स्थान से देखे सूर्योदय और सूर्यास्त को देखकर आप मुग्ध हो जाएंगे। लुईस पॉइंट, हार्ट पॉइंट, मंकी पॉइंट, और वन ट्री हिल पॉइंट अन्य प्रसिद्ध पॉइंट्स हैं। यदि आप यहां आराम फरमाने जा रहे हैं तो चारलोट झील के आसपास ठहरें। पुरानी ब्रिटिश वास्तुकला से प्रेरित इमारतों और स्मारकों से भरा माथेरान यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत घोषित किया गया है। ईसा के ७५० वर्ष पहले बसा यह प्राचीन शहर देसी पर्यटकों के बीच खासा लोकप्रिय है। यहां आने के बाद रानी की वाव देखने जरूर जाएं। सीढ़ियों वाली यह बावड़ी अपने आप में अनूठी है। इसे यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत का दर्जा मिला हुआ है। इस शहर में आकर आप प्राचीन काल के वैभव को महसूस कर सकते हैं। आप न केवल मानसिक शांति का अनुभव करेंगे, बल्कि अपनी समृद्ध विरासत को देखकर आनंद से भी भर जाएंगे। यदि आप खरीददारी के शौकीन हैं तो खूबसूरत पोल्का डॉट साड़ी खरीदे बिना यहां से विदा न लें। सड़क के रास्ते पुणे से महज कुछ ही घंटे की दूरी पर स्थित कामशेत महाराष्ट्र में पैराग्लाइडिंग की सबसे लोकप्रिय जगहों में एक है। इसके अलावा यह ट्रेकिंग के शौकीनों का भी स्वर्ग है। पास ही हैं कार्ला, बेडसे और भाजा की गुफाएं, जो सैलानियों को आकर्षित करती हैं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। आत्मचिंतन करे। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-5-7-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते है। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-5-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-2-5-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-1-3-5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): बुरी संगति से बचे। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। यात्रा का योग बन रहा है। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-6-7-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंग। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा। शुभांक-1-4-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-4-6-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-4-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-5-7-9

## काकुरो पहेली - 3000




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणतः**

1 2 3 5 (11) ; 1 2 4 (7)

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो -2999 का हल



## हंसी के फूव्वारें

मां: स्कूल कैसा लगा मुन्नी?

मुन्नी: अच्छा तो लगा, पर वहां मास्टर साहब मुझसे वे ही सवाल पूछते हैं जिनका मुझे जवाब मालूम नहीं होता.

अध्यापक(राजेश से): गर्मियों में होने वाला कौन-सा फल खट्टा, मीठा और चटपटा होता है.

राजेश: सर, परीक्षाफल.

वकील: तो तुम जानते हो कि तुमने श्याम लाल के कान पर छुरा मारा था.

अभियुक्त: सरकार, कान पर तो भूल से लग गया मैं तो उसे उसके गले पर मारना चाहता था.

एक दोस्त: यार, इस मोटे लैंस के चश्में में तुम बिलकुल उल्लू दिखाई देते हो.


दूसरा: अगर मैं चश्मा उतार दूं तो तुम मुझे बिलकुल गधे दिखाई दोगे.

एक बच्चे ने अपनी मां से जाकर पूछा- आखिर तुम मुझे स्कूल क्यों भेजती हो?

तुम जैसे नटखट बच्चों को इंसान बनाने के लिए, मां ने कहा.

बच्चा झट से बोला-लेकिन मास्टरजी तो मुर्गा बनाते हैं.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3000



**बायें से दायें:-**

१. सैफअली खान, रानी मुखर्जी की 'सांसों को सांसों में ढलने दो' गीत वाली फिल्म-२,२
४. 'रंग भरे मौसम से रंग चुराके' गीत वाली जैकी श्रॉफ, जूही चावला की फिल्म-३
७. गोविंदा, मनीषा की 'ठहरो तो सही सोचो तो जरा' गीत वाली फिल्म-४
८. 'संडे की रात थी' गीत वाली गोविंदा, रवीना की फिल्म-३
१०. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या भारती की 'तेरी उम्मीद तेरा इंतजार' गीत वाली फिल्म-३
११. फिल्म 'मनोरंजन' में शम्मीकपूर के साथ नायिका कौन थी-३
१४. सलमान, सोमी की 'दिल मेरा यहां' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'कब के बिछड़े हुए' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
१७. अमजद खान, बिंदिया गोस्वामी की 'दिल के टुकड़े टुकड़े' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'मेरे खयालों की मलिका' गीत वाली शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या, प्रिया की फिल्म-२
१९. सुनील शेट्टी, रंभा की 'कहां गये ममता' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'तुम भी चलो' गीत वाली अमिताभ, विनोद खन्ना, सायरा बानो की फिल्म-३
२५. अमिताभ, अरशद वारसी, करिश्मा, विजय शांति की फिल्म-४
२६. 'ये दपनियावाले' गीत वाली देवानंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२९. धर्मेन्द्र हेमा की 'दुनिया जब' गीत वाली फिल्म-२
३०. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. नसीरूद्दीनशाह, जैकीश्रॉफ, नगमा की फिल्म-२
२. करणनाथ, मनीषा नतान्यासिंह की 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली फिल्म-२
३. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
४. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की 'बदली है ना बदलेगी' गीत वाली फिल्म-४
५. देवानंद, मधुबाला की फिल्म-३
६. 'बनाकेक्यूं बिगाड़ा रे' गीत वाली फिल्म-३
९. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षयखन्ना, अमृता राव की फिल्म-३
११. 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'खाई है रे हमने' गीत वाली राजेंद्र, शर्मिला की फिल्म-३
१३. फिल्म 'सपने साजन के' की नायिका-३
१४. राजकपूर, दिलीपकुमार, नर्गिस की 'झूम झूम के नाचो आज' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'हैलो हैलो बोल के' गीत वाली फिल्म-३
१८. सनी देओल, सुष्मिता सेन की 'मैं अपना नाम भूला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'मेरे तो गिरधर गोपाल' गीत वाली फिल्म-२
२२. मनोजकुमार, साधना की फिल्म-४
२३. 'जो उनकी तमन्ना है' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
२६. 'सुना था देखा ना था' गीत वाली आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
२७. अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२८. 'फूलों से जो खुशबू आए' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 2999



## सूडोकु -3000

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -2999 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## शब्द पहेली - 3000




**बाएँ से दाएँ**

1.अत्यावश्यक-6
5.कारागार,जेल-4
8.पानी,नीर-2
9.मीन,मत्स्य-3
10.लक्ष्मी,कमला-2
11.कलाकार,फनकार-4
12.मर्द,मादा का विलोम-2
14.हसरत,मुराद-4
15.कैद में,अवरुद्ध,रुका-2
17.भूमि,धरती-3
19.मतवासा,मदहोश-4
21.फिल्मी दुनिया-3,3
24.दुर्भाग्यशाली-5
27.ठोकर लगना,भिड़ना-4
29.दौंडी पीटना-3
31.सांप,सर्प-2
32.दाल-4
33.हूर,अप्सरा-2
35.गाड़ी चलाने वाला-4
36.पिता का छोटा भाई-2
38.पुत्र,बेटा-3
39.टौंटी,नलका-2
40.ललचाना,तड़फाना-4
41.टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**

1.ईश्वर,अनश्वर-3,3
2.तेलहन-2
3.सुखद वस्तु, वर देना-4
4.करधनी,कमर पेटी-5
5.गलीचा-3
6.दिन-2
7.समस्या का हल-4
11.धरोहर,थाती-4
13.मिट्टी,धूल-2
16.चमकना-4
18.वायुसेना का एक विमान-3
19.इतराना-4
20.परत-2
22.जाप करना-3
23.किवाड़,द्वार-2
25.उदाहरणतः-4
26.परवरिश-3,3
28.राग छेड़ना-5
29.भेंट,मेल-मिलाप-4
30.दिया,दीपक-2
32.औषधालय, दवाखाना-4
34.खाली होना-3
37.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.नया,नवीन-2

### शब्द पहेली -2999 का हल



# ऑस्ट्रेलिया की महिला कप्तान मेग लैनिंग ने संन्यास की घोषणा की






**मेलबर्न ।**



ऑस्ट्रेलिया की महिला कप्तान मेग लैनिंग ने दुनिया को उस वक्त चौंका दिया जब उन्होंने तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। दो आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी और पांच आईसीसी महिला टी20 विश्व कप खिताब की विजेता लैनिंग ने अपने देश के लिए सभी प्रारूपों में 8000 से अधिक रन बनाने के बाद 31 साल की उम्र में खेल से संन्यास ले लिया। लैनिंग ने कहा, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से दूर जाने का निर्णय लेना कठिन था, लेकिन मुझे लगता है कि अब मेरे लिए सही समय है। मैं 13 साल के अंतर्राष्ट्रीय करियर का आनंद लेने के लिए अविश्वसनीय रूप से भाग्यशाली रही हूं, लेकिन मुझे पता है कि अब मेरे लिए कुछ नया करने का सही समय है। टीम की सफलता के कारण ही आप खेल खेलते हैं, मैं जो करने में सक्षम हूं उस पर मुझे गर्व है और रास्ते में टीम के साथियों के साथ साझा किए गए क्षणों को संजोकर रखूंगी। उन्होंने कहा, मैं अपने परिवार, अपने साथियों, क्रिकेट विक्टोरिया, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स एसोसिएशन को मेरे पसंदीदा खेल को उच्चतम स्तर पर खेलने की अनुमति देने में उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। मैं उन सभी प्रशंसकों को भी बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने मेरे पूरे अंतर्राष्ट्रीय करियर में मेरा समर्थन किया है। लैनिंग का पहला आईसीसी खिताब 2012 में श्रीलंका में टी20 विश्व कप था और इसके बाद 2013 में भारत में 50 ओवर का विश्व कप खिताब जीता। लैनिंग ने 2014 की शुरुआत में जोड़ी फील्ड्स से कप्तानी की बागडोर ली और इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने 182 मौकों पर आत्मविश्वास के साथ अपने देश का नेतृत्व कर स्वर्णिम दौड़ के दौरान ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के लिए पांच आईसीसी खिताब जीते। लैनिंग को 2014 में आईसीसी महिला टी20आई क्रिकेटर ऑफ द ईयर नामित किया गया था और अगले वर्ष आईसीसी महिला वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था। लैनिंग की निगरानी में ऑस्ट्रेलिया ने और भी खिताब जीते और इस खतरनाक कप्तान ने अपने देश को बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक भी दिलाया। लैनिंग ने अपना करियर कुल 17 अंतर्राष्ट्रीय शतकों के साथ समाप्त किया जिनमें से 15 वनडे क्रिकेट में आए और 2017 में ब्रिस्टल में श्रीलंका के खिलाफ करियर की सर्वश्रेष्ठ 152* रन की पारी भी खेली। 15 शतकों की यह संख्या महिला वनडे क्रिकेट में सबसे अधिक है। लैनिंग का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच तब था जब उन्होंने इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका में अपने देश को टी20 विश्व कप खिताब दिलाया था। छह टेस्ट मैचों में लैनिंग ने 31.36 की औसत से 345 रन बनाए जिसमें 93 का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर और दो अर्धशतक शामिल हैं। 103 वनडे मैचों में उन्होंने 53.51 की औसत से 4,602 रन बनाए। लैनिंग ने 102 पारियों में 15 शतक और 21 अर्द्धशतक बनाए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 152* था। अंत में 132 टी20आई में लैनिंग ने 121 पारियों में 36.61 की औसत और 116 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से 3,405 रन बनाए। उन्होंने 133* के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ दो शतक और 15 अर्द्धशतक भी बनाए।

एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप

# परनीत ने ज्योति को हराकर जीता स्वर्ण

**बैंकॉक**



अठारह वर्षीय परनीत कौर ने गुरुवार को एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप 2023 में महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में अनुभवी तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम को हराकर स्वर्ण पदक जीता। पांच सेटों की समाप्ति पर दोनों तीरंदाज 145 पर बराबरी पर थीं , जिसके बाद परनीत ने शूट-ऑफ में ज्योति को 9-8 से हरा दिया। क्वालीफाइंग राउंड में चौथे स्थान पर रही परनीत ने पहले कजाकिस्तान के लियान विक्टोरिया को 147-145 से हराया था, जबकि ज्योति ने चीनी ताइपे के हुआंग आई-जौ को 148-145 से हराकर फाइनल में जगह बनाई । मौजूदा दोहरी विश्व तीरंदाजी चैंपियन अदिति गोपीचंद स्वामी क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहीं लेकिन तीसरे दौर में उन्हें उलटफेर का सामना करना पड़ा। हालांकि परनीत, ज्योति और अदिति की तिकड़ी ने फाइनल में चीनी ताइपे की वांग लू-यून, चेन यी ह्सान, हुआंग आई-जौ पर 234-233 की जीत के साथ महिलाओं की कंपाउंड टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।अदिति ने अंडर-21 विश्व चैंपियन प्रियांश के साथ मिश्रित कंपाउंड टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता।

भारतीय जोड़ी ने रोमांचक स्वर्ण पदक मैच में थाईलैंड के कनोकनापस केवचोम्फू और लेर्टुरांगसिल्प नवायुत को 156-151 के स्कोर से हराकर जीत हासिल की। पुरुषों की कंपाउंड स्पर्धा में एशियाई खेल 2023 के रजत पदक विजेता अभिषेक वर्मा ने कांस्य पदक जीता। उन्होंने सेमीफाइनल में कजाकिस्तान के आंद्रे ट्युटुन से हारने के बाद कांस्य पदक मुकाबले में दक्षिण कोरिया के जू जाहून पर 147-146 की मामूली जीत दर्ज की। भारत ने गुरुवार को पांच पदक जीते, जिससे एशियाई चैंपियनशिप में अंतिम पदकों की संख्या सात हो गई। जिसमें तीन स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य शामिल हैं।

इससे पहले टूर्नामेंट में भारतीय महिला रिकर्व और पुरुष कंपाउंड टीमों ने बुधवार को कांस्य पदक जीते थे।एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप 2023 भी भारतीय रिकर्व तीरंदाजों के लिए एक ओलंपिक क्वालीफायर था, जिसमें प्रति जेंडर स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम ने तीरंदाजी में पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा अर्जित किया था।भारत किसी भी कोटा स्थान को सुरक्षित करने में विफल रहा क्योंकि पुरुष और महिला दोनों रिकर्व टीमें स्वर्ण पदक जीतने में विफल रहीं। एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप के बाद 9 से 12 नवंबर तक उसी स्थान पर तीरंदाजी के लिए एशियाई व्यक्तिगत ओलंपिक क्वालीफायर होंगे। प्रत्येक पुरुष और महिला रिकर्व तीरंदाजी स्पर्धा में व्यक्तिगत क्वालीफायर के पास दो ओलंपिक कोटा (प्रति देश एक) होंगे।

# विराट का मजाक उड़ाने पर वॉन ने मोहम्मद हफीज को दिया जवाब

**नई दिल्ली ।**



पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद हफीज ने भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर अप्रत्यक्ष रूप से कटाक्ष किया, लेकिन इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन ने इसका जवाब देते हुए पुराने` दिन याद` दिलाकर कोहली का कद ऊंचा कर` दिया। बुधवार को महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में नीदरलैंड बनाम इंग्लैंड मैच के दौरान बेन स्टोक्स ने शतक बनाकर थ्री लायंस को 339 के स्कोर तक पहुंचाया। 84 गेंदों में उनकी 108 रन की पारी ने खेल की दिशा तय कर दी, जिससे इंग्लैंड को जीत मिली थी। दबाव में असाधारण प्रदर्शन करने के लिए स्टोक्स की सराहना करते हुए, साथ ही दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में विराट के शतक को स्वार्थी दृष्टिकोण बताते हुए परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए हफीज ने एक्स पर पोस्ट किया कि जहाज के रक्षक बेनस्टोक्स, दबाव में पारी की शुरुआत करना अच्छा है। अंत में टीम को जीत दिलाने के लिए अधिकतम रन बनाने के लिए आक्रामक इरादे की आवश्यकता है। स्वार्थी बनाम निःस्वार्थ दृष्टिकोण को अलग करने का सरासर उदाहरण है। इधर जैसे ही हफीज का यह ट्वीट आया, वॉन ने इस पर कमेंट करने में देर नहीं लगाई। वॉन ने एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें विराट कोहली गेंदबाजी करते नजर आ रहे हैं और वह हफीज को बोल्ड आऊट करने का जश्न मनाते दिख रहे हैं। यह मुकाबला 2012 का है जब भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने सामने थीं। वॉन ने फोटो के साथ लिखा कि मुझे लगता है मोहम्मद हफीज आपको विराट कोहली ने बोल्ड किया है, क्या यही कारण है कि आप लगातार उस पर गुस्सा करते हैं। बता दें कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विराट की पारी काफी खास थी क्योंकि उन्होंने अपने 35वें जन्मदिन पर अपना 49वां वनडे शतक बनाया था। इसी शतक के साथ उन्होंने सचिन तेंदुलकर के सर्वाधिक वनडे शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी की।

# बोल्ट विश्व कप में 50 विकेट लेने वाले न्यूजीलैंड के पहले गेंदबाज बने

**बेंगलुरु।**



ट्रेंट बोल्ट गुरुवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ खेलते हुए विश्व कप में 50 विकेट लेने वाले न्यूजीलैंड के पहले गेंदबाज बन गए। टिम साउदी 38 विकेट के साथ इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। बोल्ट अब ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क के बाद विश्व कप इतिहास में 50 या अधिक विकेट लेने वाले तीसरे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं, जो 19.74 पर 59 विकेट के साथ चार्ट में सबसे आगे हैं। स्टार्क के उनसे आगे निकलने से पहले पाकिस्तान के पूर्व गेंदबाज वसीम अकरम के नाम यह रिकॉर्ड था। अकरम ने 23.83 की औसत से 55 विकेट लिए। इस बीच बोल्ट बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों के इस विशिष्ट क्लब में शामिल होने के लिए चामिंडा वास (49) को पीछे छोड़ गए। बोल्ट 50 से अधिक वनडे विश्व कप विकेट लेने वाले कुल छठे गेंदबाज भी बन गए। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा 18.19 की औसत से 71 विकेट के साथ सबसे आगे हैं। श्रीलंका के स्पिन जादूगर मुथैया मुरलीधरन 19.63 की औसत से 68 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं। लसित मलिंगा के नाम 56 विकेट हैं जबकि, स्टार्क के नाम 59 विकेट हैं। अकरम 55 विकेट के साथ सूची में पांचवें और बोल्ट 52 विकेट के साथ छठे स्थान पर हैं। मौजूदा विश्व कप में बोल्ट ने अब तक 9 मैच खेलते हुए 11 विकेट लिए हैं।

# भारत पर उलटफेर भरी जीत हासिल कर सकते हैं : तेजा निदामानुरु

**पुणे,**



हालांकि नीदरलैंड 2023 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप से बाहर हो गया है, लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज तेजा निदामानुरु का मानना है कि उनकी टीम रविवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले मुकाबले में भारत पर उलटफेर भरी जीत हासिल कर सकती है। उन्होंने कहा कि मजेदार बातें खेल में हुई हैं।इंग्लैंड से 160 रनों की हार के बाद नीदरलैंड्स की सेमीफाइनल की उम्मीदें खत्म हो गईं और अब वह अंक तालिका में सबसे नीचे है। उन्हें शीर्ष आठ में जगह बनाने के लिए रविवार को बेंगलुरु में भारत पर जीत की जरूरत है, जो इस समय प्रतियोगिता में अजेय है, और यह जीत 2025 चैंपियंस ट्रॉफी क्वालीफिकेशन के लिए जरूरी है।यह क्रिकेट का खेल है। इसलिए, यह संभव हो सकता है। हम अपने ब्रांड का क्रिकेट खेलते हैं। हम वही करते हैं जो हम अच्छा करते हैं। हमारे पास गेंद के कुछ बेहतरीन पैंतरे हैं। हमारे पास ऐसे लोग हैं जो स्पिन को अच्छी तरह से खेल सकते हैं। हमारे पास ऐसे लोग भी हैं जो विकेट ले सकते हैं। यह वास्तव में स्पष्ट है कि आपको थोड़े से भाग्य की आवश्यकता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे एक बहुत मजबूत टीम हैं और वे बहुत अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं। लेकिन खेल में मजेदार चीजें हुई हैं। यकीनन कॉम्प में सर्वश्रेष्ठ टीम से खेलने के लिए मौका मिलना कुछ ऐसा है जिससे हम बहुत उत्साहित हैं और यह हमारे लिए एक और अवसर है। निदामनुरु ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हर बार जब हम पार्क में कदम रखते हैं, तो हम अपने कौशल का प्रदर्शन करने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे होते हैं, विशेष रूप से विश्व कप में और उस यात्रा के दौरान जो हमने किया है। हम किसी भी मैच को अपने ऊपर नहीं लेते हैं। मैं निश्चित रूप से भारत के खिलाफ रविवार को वहां पहुंचने के लिए उत्सुक हूं। नीदरलैंड ने भी बेन स्टोक्स का मौका गंवा दिया, जब उन्हें 41 रन पर आर्यन दत्त की गेंद पर लोगान वैन बीक ने फाइन लेग पर जीवनदान दिया। इंग्लैंड के करिश्माई ऑलराउंडर ने अंततः 84 गेंदों पर 108 रन बनाए और जीत का आधार तैयार किया। जब बड़े मैच की बात आती है और उन आधे मौकों को भुनाने की बात आती है, तो हम निश्चित रूप से एक क्षेत्ररक्षण इकाई के रूप में ऐसा करने पर गर्व करते हैं और हम उनका बहुत अभ्यास भी करते हैं। इसलिए, हमारे लिए, यह थोड़ा निराशाजनक है, लेकिन फिर, मुझे नहीं लगता कि आप इसे केवल एक अवसर तक सीमित रख सकते हैं।

## कमाई में भी अव्वल हैं मैक्सवेल



**नई दिल्ली ।** अफगानिस्तान के खिलाफ आतिशी पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाने वाले ऑस्ट्रिलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल कमाई में भी आगे हैं। मैक्सवेल ने अपने दोहरे शतक से टीम को रोमांचक जीत दिलायी थी। तेजी से रन बनाने की तरह ही मैक्सवेल पैसे भी कमाते हैं। मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह से उन्हें भारी कमाई होती है. उन्होंने अपने अब तक के सफर में जमकर संपत्ति बनायी है। मैक्सवेल की आय ऑस्ट्रेलिया की क्रिकेट टीम, आईपीएल और विज्ञापनों से होती है। इसके अलावा उनके पास काफी अचल संपत्ति है। वह निवेश से भी हैं कमाई करते हैं। इस प्रकार उनकी कुल कमाई करीब 98 करोड़ रुपये है। उनकी मासिक आय करीब 1.5 करोड़ रुपये है। वहीं, उनकी सालाना आय 18 करोड़ रुपये के करीब है। हर एकदिवसीय मैच के लिए उन्हें 8.5 लाख रुपये मिलते हैं। हर टी-20 मैच 5.6 लाख रुपये और टेस्ट मैच के लिए 11 लाख रुपये मिलते हैं। मैक्सवैल ने आईपीएल के 14 सीजन में 63 करोड़ रुपये कमाए हैं। आईपीएल में उन्होंने कई अलग फ्रेंचाइजी से खेला है। इनमें मुंबई इंडियन्स, दिल्ली डेयरडेविल्स, किंग्स इलेवन आदि हैं। आईपीएल 2022 में बेंगलुरु की टीम ने 11 करोड़ रुपये देकर उन्हें रिटेन किया था। उनके पास 10 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति है। उनके पास कई देशों में रियल एस्टेट प्रॉपर्टी है। वह ऑस्ट्रेलिया में एक लग्जरी घर में रहते हैं। उनके पास 7 करोड़ रुपये की कार हैं। वह 2016 में सालाना 6 करोड़ रुपये कमा रहे थे और 2023 तक उनकी सालान कमाई बढ़कर 18 करोड़ रुपये हो गई।

## मैक्सवेल की पारी याद कर टूर्नामेंट में आगे बढ़ती रहे ऑस्ट्रेलियाई टीम : रिकी पोंटिंग



**पुणे।** दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि वह चाहते हैं कि ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान के खिलाफ ग्लेन मैक्सवेल की 128 गेंदों में नाबाद 201 रनों की आश्चर्यजनक पारी से भरपूर विश्वास ले और इसे अपनी छठी जीत के लिए एक प्रेरणादायक क्षण के रूप में उपयोग करे।वानखेड़े स्टेडियम में 292 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया 91/7 रन पर संकट में था, जब मैक्सवेल ने पैट कमिंस के साथ मिलकर 202 रन की मैच जिताऊ अविजित साझेदारी की।कप्तान ने केवल 12 रनों का योगदान दिया, जबकि मैक्सवेल ने केंद्र स्तर पर कदम रखा, हैमस्ट्रिंग से जूझते हुए अकेले ही सर्वकालिक महान एकदिवसीय पारी खेलकर मैच जीत लिया। आईसीसी ने पोंटिंग के हवाले से कहा, ÷उनके पास बड़े क्षणों को जीतने में सक्षम होने की क्षमता है और आज एक बड़ा क्षण था क्योंकि वे अब विश्व कप सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं और उम्मीद है कि वे आगे और ऊपर जाएंगे। मुंबई में मैक्सवेल ऑस्ट्रेलिया के पहले गैर-सलामी बल्लेबाज और वनडे में दोहरा शतक बनाने वाले पहले व्यक्ति भी बने।

संक्षिप्त समाचार



## शतक से ज्यादा खुशी तो बेन स्टोक्स को इंग्लैंड की जीत से मिली

**पुणे ।** इंग्लैंड को दूसरी जीत दिलाने वाले हरफनमौला खिलाड़ी बेन स्टोक्स का कहना है कि उन्हें शतक बनाने से ज्यादा खुशी तो इंग्लैंड की जीत से हुई। गौरतलब है कि नीदरलैंड के खिलाफ 84 गेंद में 108 रन की आक्रामक पारी खेल कर आईसीसी वनडे विश्व कप में बेन स्टोक्स इंग्लैंड को दूसरी जीत दिलाई है। बेन स्टोक्स ने बुधवार को यहां कहा कि उन्हें अपनी शतकीय पारी से टीम के जीत की राह पर लौटने की खुशी है। गत चैम्पियन इंग्लैंड की यह लगातार 5 हार के बाद पहली जीत है। खिताबी दौड़ से पहले ही बाहर होने के बाद भी टीम के लिए इस जीत के काफी मायने है क्योंकि विश्व कप की तालिका में शीर्ष 8 स्थान पर रहने वाली टीमें चैम्पियन्स ट्रॉफी 2025 के लिए क्वालीफाई करेंगी। इस मुकाबले से पहले इंग्लैंड 10वें स्थान पर था लेकिन नीदरलैंड पर 160 रन की जीत से टीम 7वें पायदान पर पहुंच गई। इंग्लैंड ने 339 रन बनाने के बाद नीदरलैंड को 179 रन पर आउट कर दिया। मैच समाप्त होने के बाद मैन ऑफ द मैच स्टोक्स ने कहा कि मुझे शतक से ज्यादा इस बात की खुशी है कि टीम जीत की राह पर लौटी है। हमारे लिए यह विश्व कप मुश्किल रहा लेकिन इस जीत और शतक को देखकर अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा कि यह पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी। मुझे पता था कि यहां गेंद को टेनिस बॉल की तरह उछाल मिलती है। मेरी योजना आखिरी ओवरों तक बल्लेबाजी करने की थी। इंग्लैंड को इस मैच में सलामी बल्लेबाज डाविड मलान ने 10 चौके और 2 छक्के की मदद से 74 गेंद में 84 रन की पारी खेल तेज शुरुआत दिलाई। इसके बाद स्टोक्स को आखिरी ओवरों में क्रिस वोक्स (45 गेंद में 51 रन ) का अच्छा साथ मिला। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 81 गेंद में 129 रन की आक्रामक साझेदारी की।

## रऊफ इंग्लैंड के खिलाफ खेलेंगे



**कोलकाता ।** पाकिस्तान टीम प्रबंधन के अनुसार तेज गेंदबाज हारिस रऊफ को पिछले मैच में खिंचाव आ गया है, पर वह इसके बाद भी इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले मैच तक फिट हो जाएंगे। पाक को विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम ग्रुप लीग मैच खेलना है। पाकिस्तान के मीडिया मैनेजर उमर फारूक ने कहा, 'हारिस की पसली का एमआरआई किया गया और उनकी रिपोर्ट सही है। यह परीक्षण इसलिए किया गया क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु में खेले गए पिछले मैच के बाद उनकी बाईं पसली में दर्द उठा था। रऊफ ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दर्द के बाद भी पूरे 10 ओवर किए थे जिसमें उन्होंने 85 रन देकर एक विकेट लिया था। पाकिस्तान ने डकवर्थ लुईस पद्धति के आधार पर यह मैच 21 रन से जीत कर सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदें जीवंत रखी। उमर ने कहा कि सिर में चोट लगने के कारण पिछले दो मैचों से बाहर रहे ऑलराउंडर शादाब खान के बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। उनकी जांच के बाद ही तय होगा कि वह खेलेंगे या नहीं ।



## भारत- पाक में हो सकता है सेमीफाइनल : गांगुली

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि विश्वकप मे भारत और पाकिस्तान के बीच सेमीफाइनल हो सकता है। पाक ने लगातार 4 मैच हारने के बाद वापसी की है और वह अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। गांगुली को उम्मीद है कि भारत और पाक ही विश्वकप के सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगी। गांगुली ने कहा, मुझे उम्मीद है कि पाक टीम भी भी सेमीफाइनल में जगह बना लेगी क्योंकि ये सबसे बड़ा मैच होगा। गांगुली ने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की प्रशंसा करते हुए कहा, विराट महान खिलाड़ियों में से एक है। ईडन गॉर्डन में उनका 49 वां शतक देखकर खुशी हुई। वहीं हालात पाक के खिलाफ नजर आते हैं क्योंकि नेट रन रेट में न्यूजीलैंड की टीम पाक से काफी आगे चल रही है। ऐसे में पाक के लिए सेमीफाइनल की राह आसान नहीं है। इस समय पाकिस्तान का नेट रन रेट 0.036 है जबकि न्यूजीलैंड 0.398 नेट रन रेट के साथ ही काफी आगे है। वहीं अगर न्यूजीलैंड टीम श्रीलंका के खिलाफ जीत दर्ज करती है तो पाक इंग्लैंड के खिलाफ 130 रन से जीत की जरुरत होगी जो आसान नहीं है। वहीं अगर दोनों टीमें जीत जाती है तो फिर नेट रन रेट के अनुसार सेमीफाइनल का फैसला होगा। वहीं पाक और न्यूजीलैंड की टीम अगर अपने अगले मुकाबले में हार जाती है और अफगानिस्तान अपना अगला मुकाबला दक्षिण् अफ्रीका के खिलाफ जीत जाती है तो वह अफगानिस्तान की टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लेगी।

## महुआ के संसद से निष्कासन की सिफारिश

**-एथिक्स कमेटी के 6 सदस्यों ने पक्ष में और 4 ने विपक्ष में किया वोट**



नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा मामले में एथिक्स कमेटी की 9 नवंबर को बैठक हुई। बैठक में मौजूद 10 सदस्यों में से 6 सदस्यों ने महुआ के संसद से निष्कासन की सिफारिश के पक्ष में वोट किया जबकि 4 सदस्यों ने इसके विपक्ष में वोट किया है। अब यह रिपोर्ट 10 नवंबर को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। गौरतलब है कि कैश फॉर क्वेरी यानी पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने वाले मामले को लेकर महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। गुरुवार 9 नवंबर को इस मामले में एथिक्स कमेटी की विशेष बैठक संपन्न हुई। बैठक में कमेटी के कुल 10 सदस्य मौजूद थे, जिनमें से 6 सदस्यों ने महुआ को लोकसभा से निष्कासित करने वाली सिफारिश के पक्ष में वोट किया। वहीं 4 सदस्यों ने इसके विपक्ष में वोट किया है। अब यह रिपोर्ट शुक्रवार 10 नवंबर को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को सौंपी जाएगी।

## सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों को तेजी से निपटाए हाईकोर्ट

नई दिल्ली । सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों के निपटारे में तेजी लाने के निर्देश सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालयों को दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि वे खुद इसतरह के मामले दर्ज करें और उनकी मॉनिटरिंग करें। खासतौर पर उन मामलों को प्राथमिकता दें, जिसमें उम्रकैद या फिर फांसी तक की सजा का प्रावधान हो। अदालत ने कहा कि हाई कोर्ट इसके लिए स्पेशल बेंच भी बना सकते हैं। हत्या के मामलों में दोषी ठहराए जाने पर उम्रकैद से लेकर हत्या तक की सजा का प्रावधान है। अदालत ने कहा कि इसतरह के मामलों की सुनवाई करने वाली स्पेशल बेंच का नेतृत्व खुद हाई कोट्र्स के चीफ जस्टिस को करना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि यदि किसी मामले में मौत या फिर उम्रकैद की सजा हो सकती हो तब उन्हें प्राथमिकता सुना जाना चाहिए। चीफ जस्टिस की बेंच ने कहा कि हाई कोट्र्स को उन मामलों की लिस्ट बनानी चाहिए, जिनका ट्रायल रुक गया है। इसतरह के सभी मामलों में तेजी लानी चाहिए ताकि समय पर उनका निपटारा हो सके। अदालत ने एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय की अर्जी पर यह आदेश दिया, जिसमें मांग की गई थी कि अदालत मौजूदा एवं पूर्व सांसदों और विधायकों के खिलाफ चल रहे मामलों में तेजी लाए। अदालत में सुनवाई के दौरान यह बात भी सामने आई कि देश भर में मौजूदा एवं पूर्व सांसदों और विधायकों के खिलाफ 5,175 केस लंबित हैं। इसमें से 2,116 यानी करीब 40 फीसदी केस हैं, जो 5 साल से ज्यादा वक्त से लंबित हैं। इनमें सबसे ज्यादा 1377 केस उत्तर प्रदेश के ही हैं। इसके बाद दूसरे नंबर पर बिहार है, जहां 546 केस लंबित हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र में 482 केस अभी लंबित हैं। इससे पहले 2014 में एक मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ आरोप तय होने के एक साल के अंदर मामलों का निपटारा हो जाना चाहिए।

## पुलिस ने कुमार विश्वास के दावों को बताया गलत, विश्वास ने मामले से झाड़ा पल्ला

गाजियाबाद । मशहूर कवि और आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व नेता कुमार विश्वास के ट्वीट ने पुलिस महकमे तक में हलचल पैदा कर दी। कुमार विश्वास ने दावा किया कि गाजियाबाद में उनके काफिले पर हमला कर सुरक्षाकर्मियों से मारपीट की गई। लेकिन कुछ ही देर बाद सामने आए एक जख्मी डॉक्टर ने खुद को पीड़ित बताकर कहा कि साइड नहीं देने पर उन्हें पीटा गया है। गाजियाबाद पुलिस ने भी शुरुआती जांच के बाद कुमार विश्वास के आरोपों को गलत बताया तब कवि ने पूरे मामले से पल्ला झाड़ लिया है। गाजियाबाद पुलिस ने बयान जारी कर साफ किया कि कुमार विश्वास के काफिले पर हमला नहीं हुआ था, जैसा कि कवि ने दावा किया था। पुलिस ने लिखा, आज संज्ञान में आए प्रकरण में कुमार विश्वास के काफिले पर किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा हमले के संबंध में प्रारंभिक जांच के क्रम में आरोप सिद्ध नही हुए हैं, थाना इंदिरापुरम पुलिस आगे की जांच और कार्रवाई कर रही है। चेहरे से टपकते खून के साथ डॉक्टर की ओर से लगाए मारपीट के आरोप और पुलिस के बयान के बाद सोशल मीडिया पर कुमार विश्वास की घेराबंदी शुरू हो गई।

## ज्ञानवापी-काशी विश्वनाथ मंदिर विवाद की सुनवाई 1 दिसंबर तक स्थगित

वाराणसी । इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी-काशी विश्वनाथ मंदिर विवाद मामलों की सुनवाई एक दिसंबर तक के लिए स्थगित की है। मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर की पीठ ने दोनों पक्षों के वकीलों की सहमति से यह आदेश पारित किया। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष यह केस मस्जिद समिति द्वारा दायर याचिकाओं से संबंधित हैं, जिसमें पूजा स्थलों (विशेष प्रावधान) द्वारा वर्जित ज्ञानवापी मस्जिद में पूजा के अधिकार की मांग करने वाले हिंदू उपासकों द्वारा दायर मुकदमों की स्थिरता को चुनौती दी गई है। अधिनियम 1991 इसके पहले, 3 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी मस्जिद विवाद से संबंधित मामलों को किसी अन्य न्यायाधीश की पीठ से अपनी पीठ में स्थानांतरित करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश दिवाकर द्वारा पारित आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था।

## कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला को सुप्रीम कोर्ट से मिली बड़ी राहत, गिरफ्तारी पर लगी रोक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला के खिलाफ 23 साल पुराने मामले में वाराणसी की एक एमपी/एमएलए अदालत द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) पर पांच सप्ताह के लिए रोक लगा दी, जिसमें कांग्रेस नेता आरोपी हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) धनंजय वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी द्वारा मामले का तत्काल उल्लेख करने का अनुरोध करने के बाद सुरजेवाला को वारंट रद्द करने के लिए चार सप्ताह में ट्रायल कोर्ट में पेश होने की अनुमति दी। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि हम याचिकाकर्ता को चार सप्ताह के भीतर एनबीडब्ल्यू रद्द करने के लिए ट्रायल कोर्ट में जाने की अनुमति देते हैं। वारंट को पांच सप्ताह की अवधि तक निष्पादित नहीं किया जाएगा। मामले में सुरजेवाला की उपस्थिति की मांग करने वाली विशेष एमपी/एमएलए अदालत के प्रमुख वाराणसी के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वारा 7 नवंबर को वारंट जारी किया गया था। सिंघवी ने अदालत को बताया कि न्यायाधीश को एनबीडब्ल्यू जारी करने की कोई जल्दी नहीं थी क्योंकि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सुरजेवाला द्वारा अगस्त 2000 में उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर 30 अक्टूबर को आदेश सुरक्षित रख लिया था।

## पाकिस्तानी रेंजर्स ने बेवजह कर दी फायरिंग, भारतीय जवान घायल

जम्मू। पाकिस्तान संघर्ष विराम के नियमों को नहीं मानता। आए दिन इनका उल्लंघन कर ताबड़तोड़ फायरिंग करता है। अभी एक महीना भी नहीं हुआ कि पाकिस्तानी रेंजर्स ने तीसरी बार सीजफायर का उल्लंघन कर सीमा पर जबरदस्त गोलीबारी कर दी। इसमें बीएसएफ का एक भारतीय जवान जख्मी हो गया है। इससे पहले 17 अक्टूबर को अरनिया सेक्टर में पाकिस्तान रेंजर्स की ओर से बिना उकसावे के की गई गोलीबारी में बीएसएफ के दो जवान घायल हो गए थे। 25 फरवरी, 2021 को दोनों पक्षों द्वारा युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद से यह कुल मिलाकर युद्ध विराम का छठा उल्लंघन है। वहीं गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सुबह सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' से जुड़ा एक आतंकवादी मारा गया।

# रिश्ता निभाने से बनता है, वरना मामा तो कंस भी हैं : प्रियंका गांधी

**-चित्रकूट में जनसभा के दौरान कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव ने किया विकास का वादा**



**चित्रकूट/रीवा (एजेंसी)।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने शिवराज सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि रिश्ता निभाने से बनता है, वरना मामा तो कंस भी है। प्रियंका गांधी ने गुरुवार को मध्यप्रदेश पहुंचकर सतना के चित्रकूट में चुनावी सभा को संबोधित किया। इसके बाद वह रीवा भी पहुंची। चित्रकूट में प्रियंका ने कहा कि एमपी सरकार रिश्वतखोरी से चल रही है। सीएम कहते हैं कि हम मामा हैं। रिश्ता निभाने से बनता है, वरना कंस भी मामा है। मुझे मतलब नहीं कोई अपने आपको फकीर बोले, मामा बोले। देश की संपत्ति गिने-चुने लोगों को सौंप दी। मेरे लिए तो आप भ्रष्ट हो। प्रियंका ने कहा कि हमें पांच साल दे दो, भारी बहुमत से जिताओ, ताकि कोई हमारी सरकार को फिर से चोरी न कर पाए, ताकि आपको फकीरों से छुटकारा हो, मामा जी से छुटकारा हो और जो आपकी सेवा करता हो, वैसा नेता आपको मिले। कांग्रेस ने हमेशा आपकी हिफाजत की है।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि ये लोग काम कुछ नहीं करेंगे, केवल धर्म के नाम पर वोट मांग लेंगे। 18 साल से मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार है। इसीलिए इनके मन में ये बात बैठ गई है कि हम काम क्यों करें। धर्म के नाम पर वोट मांग लेंगे। आप लोग सोचते हैं धार्मिक इंसान हैं, इसी को वोट देंगे। भाजपा के जिस मंत्री ने किसानों को कुचला, उसे मंच पर बैठाया। ये लोग अडानी-अंबानी के हजारों करोड़ के कर्ज माफ करने के लिए नहीं कहते हैं। लेकिन, किसानों से कर्ज चुकता करने के लिए कहते हैं। किसान जब आंदोलन कर रहे थे, तब इनके एक मंत्री ने किसानों को कुचल दिया। बाद में वही मंत्री इनके साथ मंच पर बैठा रहा। ये किसानों से मिलने तक नहीं गए।

प्रियंका ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि मीडिया को कब्जे में ले रखा है। उन्होंने कहा कि ये जो आप टीवी पर देखते हैं, मोदी जी-शिवराज जी ने बहुत काम किया, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं है। ये तो आपको भी दिख रहा है कि आपकी कोई समस्या का हल नहीं निकल रहा। फिर कैसे काम हो रहा है। इन्होंने तो मीडिया को अपने कब्जे में ले रखा है कि केवल हमें ही दिखाएं। मप्र में इतने सालों में एक भी विवि और उद्योग नहीं खुले। छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ दी। कभी नोटबंदी, कभी जीएसटी कभी कुछ। किसान एक दिन का 27 रुपए कमा रहा है।

प्रियंका ने शिवराज को घोषणावीर बताते हुए कहा कि शिवराज ने 22 हजार घोषणाएं कीं लेकिन 22 ही पूरी हुई होंगी। पट्टे आपको इंदिरा जी ने दिए, वो जानती थीं कि जमीन पर काम करने वाले आप हैं। शिक्षा आपको कांग्रेस ने दी। आपके लिए भोजन का अधिकार बनाया। कांग्रेस की ये पुरानी परंपरा है। शिवराज सरकार ने 22 हजार घोषणाएं की होंगी, केवल 22 ही पूरी कीं। कर्मचारियों से प्रियंका ने कहा कि जहां कांग्रेस सरकारें, वहां पुरानी पेंशन लागू हो चुकी हैं, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में हम किसानों के कर्ज माफ कर रहे हैं और यहां भी सरकार बनते ही हम किसानों के कर्ज माफ करेंगे। उन्होने रीवा की जनसभा में भी भाजपा पर जमकर अपनी भड़ास निकाली।

## भाजपा कर सकती है ओबीसी सर्वे का ऐलान, गृह मंत्री अमित शाह ने दिया संकेत

नई दिल्ली । इस बार के लोकसभा चुनावों में जाति का मुद्दा बुरी तरह से हावी होने वाला है। विपक्ष ने जहां जातिगत जनगणना का दांव चलाया है तो भाजपा ने भी विपक्ष की जाति जनगणना की काट निकाल ली है। विगत दिनों बिहार के मुजफ्फरपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पार्टी की रणनीति में बदलाव के संकेत दिए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति की एक नवंबर की बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि भगवा पार्टी एक बड़ी घोषणा करेगी, जिसमें पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सर्वेक्षण की बात होगी। इस बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। इसमें अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई बड़े नेता शामिल हुए। बैठक के अगले ही दिन ओबीसी आउटरीच पर एक उच्च स्तरीय बैठक में इस पर मुहर लगा दी गई। इस पर जानकार लोगों ने कहा कि तौर-तरीकों पर अभी काम किया जाना बाकी है, लेकिन केंद्र सरकार जल्द ही इसको लेकर घोषणा कर सकती है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि कांग्रेस हिंदू वोटों को विभाजित करने के एकमात्र उद्देश्य से जाति जनगणना के वादे को दोहराती रहती है। हम ओबीसी सर्वेक्षण की घोषणा करके उस रणनीति को भी कुंद कर देंगे। भाजपा ने बताया है कि जब जाति सर्वेक्षण की घोषणा की गई थी तब वह बिहार में सरकार का हिस्सा थी। मंगलवार को जब नीतीश कुमार की अध्यक्षता वाली कैबिनेट ने आरक्षण को 75 प्रतिशत तक बढ़ाने का ऐलान किया तो भाजपा ने भी इसका समर्थन किया। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद अमित शाह ने सबसे पहले छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक संवाददाता सम्मेलन में यह मुद्दा उठाया। पार्टी ने कहा कि हम वोटों के लिए तुष्टिकरण की राजनीति नहीं करते हैं। हम पार्टी के भीतर चर्चा करने के बाद जातीय जनगणना पर उचित निर्णय लेंगे। भाजपा ने कभी भी जाति जनगणना का विरोध नहीं किया, लेकिन इस पर बहुत सोच-विचार कर निर्णय लेना होगा। अमित शाह ने बिहार की रैली के दौरान कहा कि वे महागठबंधन से मिलकर इस रिपोर्ट के साथ खुद को ओबीसी के चैंपियन के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन नीतीश कुमार को याद रखना चाहिए कि जब जाति सर्वेक्षण कराने का निर्णय लिया गया था, तब भाजपा राज्य सरकार का हिस्सा थी।

# जीतन राम मांझी पर भड़के नीतीश, कहा- मेरी मूर्खता के कारण बना सीएम, पूर्व सीएम का पलटवार



**पटना (एजेंसी)।** चल रहे विधानसभा सत्र के बीच, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा नेता जीतन राम मांझी पर जमकर बरसे। आरक्षण संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान कुमार पूर्व मुख्यमंत्री पर अपना आपा खो बैठे। विधानसभा में बोलते हुए कुमार ने कहा कि मांझी को उनकी मूर्खता के कारण राज्य का मुख्यमंत्री बनने का मौका मिला है। हंगामा तब हुआ जब मांझी बिल पर अपना संबोधन दे रहे थे। बिल पर चर्चा के दौरान पूर्व सीएम ने कहा कि उन्हें बिहार में हुई जातीय जनगणना पर भरोसा नहीं है। मांझी ने पूछा कि दावा किया गया है कि हर 10 साल पर आरक्षण की समीक्षा की जाएगी, लेकिन क्या बिहार सरकार ने आरक्षण की समीक्षा की है? अब तक 16 फीसदी आरक्षण होना चाहिए था लेकिन अब तक सिर्फ 3 फीसदी ही है। आरक्षण बढ़ाना अच्छी बात है, लेकिन ज़मीन पर क्या है?


**भड़के नीतीश**

मांझी का भाषण बिहार के मुख्यमंत्री को पसंद नहीं आया और उन्होंने अपना आपा खो दिया। उन्होंने कहा, 'वह (मांझी) मेरी मूर्खता के कारण मुख्यमंत्री बने...क्या उन्हें कोई ज्ञान है? वह अब राज्यपाल बनना चाहते हैं...पहले भी वह आपके (भाजपा) पीछे भागते थे, कृपया उन्हें राज्यपाल बना दें।' नीतीश ने कहा कि यह मेरी गलती थी कि मैंने इस व्यक्ति को मुख्यमंत्री बना दिया था... दो महीने में ही मेरी पार्टी के लोग कहने लगे कि कुछ गड़बड़ है इन्हें हटाओ... फिर मैं (सीएम) बन गया... वे (जीतन राम मांझी) कहते रहते हैं कि वह भी मुख्यमंत्री थे... वह मेरी मूर्खता के कारण मुख्यमंत्री बने। इससे पहले गुरुवार को बिहार विधानसभा में आरक्षण संशोधन विधेयक सर्वसम्मति से पारित हो गया।

**पूर्व सीएम का पलटवार**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयान पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि मुझे आश्चर्य है कि ये वही नीतीश कुमार हैं जो आज से कुछ दिनों पहले थे। मुझे लगता है कि कहीं न कहीं उनके दिमाग में कुछ कमजोरियां हैं, जिस वजह से वे ऐसी बात कर रहे हैं... वे (नीतीश कुमार) 1985 में विधायक बनें, मैं 1980 से विधायक हूं... वे अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं।

## अब डीपफेक का शिकार हुई सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा, वायरल हुई तस्वीरें



**मुंबइ (एजेंसी)।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डीपफेक का शिकार हुई एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का मॉर्फ्ड वीडियो सामने आया तो वहीं अब पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर की तस्वीर सामने आई है, जो फेक बताई जा रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीर में सारा तेंदुलकर के साथ भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल भी नजर आ रहे हैं। बता दें कि आए दिन सारा और शुभमन की कथित डेटिंग की खबरें सामने आती रहती हैं। हालांकि सारा की वायरल हो रही इस तस्वीर में कोई सच्चाई नहीं है। वायरल हो रही सारा तेंदुलकर और शुभमन गिन की मॉर्फ्ड तस्वीर 26 अक्टूबर को सोशल मीडिया पर वायरल होना शुरू हुई। इस तस्वीर को देखकर हर कोई भ्रमित हो गया और लोगों को लगा कि सारा और शुभमन ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल कर दिया है। लेकिन आपको बता दें कि यह तस्वीर एआई डीप फेक के जरिए बनाई गई है। सारा की यह फोटो उनके इंस्टाग्राम से ली गई है और सारा के साथ बैठा शख्स शुभमन नहीं बल्कि उनके भाई अर्जुन तेंदुलकर हैं। सारा ने अपने भाई अर्जुन के साथ इस फोटो को 24 सितंबर को इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था। इसके ठीक एक महीने बाद इसे एडिट कर ट्विटर पर वायरल कर दिया गया। असल तस्वीर में अर्जुन तेंदुलकर कुर्सी पर बैठे हुए हैं और उन्होंने भाई को प्यार से गले लगाया हुआ है।

## आतंकवाद की तरफ कदम बढ़ाते युवक को एटीएस ने दबोचा, हुए कई चौंकाने वाले खुलासे

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड के कई युवाओं में आतंकवाद के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है। जिसके चलते आए इस तरह के मामलों का खुलासा हो रहा है। हाल ही में झारखंड एटीएस ने आईएसआईएस के एक और मॉडयूल को उजागर किया है। इससे पहले एनआईए द्वारा लोहरदगा और हजारीबाग के आतंकियों को गिरफ्तार किया गया था। अब एटीएस को अब झारखंड एटीएस को गोड्डा जिले में आतंकी मॉड्यूल की जानकारी मिलते ही एक्शन हुआ और मोहम्मद आरिज हसनैन को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी गोड्डा जिले के महमूद नगर का रहने वाला है आतंकी संगठन से लोगों को जोड़ने का प्रयास कर रहा था और साथ ही राष्ट्र विरोधी गतिविधियां भी संचालित कर रहा था। सूचना मिलने के बाद एटीएस ने कार्रवाई करते हुए आरीज हसनैन को गिरफ्तार किया। आरीज हसनैन ने पूछताछ में आतंकी संगठन आईएसआईएस एवं अन्य प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से जुड़े होने की बात स्वीकार की है। उसके मोबाइल में टेलीग्राम के संदिग्ध चैट भी पाये गये। इसके बारे में पूछने पर उसके द्वारा बताया गया कि हजारीबाग का रहने वाला मो नसीम उससे जुड़ा हुआ है। दोनों आईडी पर चैट भी करते थे। नसीम के द्वारा इन संगठनों को बायथ भी भेजा गया है। पूछताछ में ये बात सामने आई है कि पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान के भी कई आतंकी संगठनों के संपर्क में ये दोनों हैं। आरीज ने बताया कि उसका लक्ष्य फिलिस्तीन जाकर फिदाइन हमला करना था और मस्जिद ए अल अक्सा को यहूदियों से आजाद करना था। आगे पूछताछ में इसने बताया कि वह सोशल मीडिया के माध्यम से विभिन्न आतंकी संगठनों का प्रतिबंध वीडियो इत्यादि देखकर अपने साथियों में इसका प्रचार भी करने लगा था।

# पीएम मोदी डिग्री विवाद: अरविंद केजरीवाल को लगा झटका, हाईकोर्ट ने खारिज की रिव्यू पिटीशन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात हाई कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें अदालत के 31 मार्च के फैसले को चुनौती दी गई थी कि गुजरात विश्वविद्यालय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की शैक्षणिक डिग्री के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए बाध्य नहीं है। गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा 2016 के केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के आदेश को पलटने के बाद केजरीवाल ने एक समीक्षा याचिका दायर की थी, जिसमें गुजरात विश्वविद्यालय को मोदी की डिग्री का विवरण प्रदान करने का आदेश दिया गया था। सीआईसी का आदेश सूचना के अधिकार अधिनियम (आरटीआई अधिनियम) के तहत केजरीवाल के एक आवेदन पर पारित किया गया था।

इस अदालत की राय है कि एक बार जब किसी विशेष वादी की सुनवाई के बाद सक्षम अदालत द्वारा निष्कर्ष दर्ज किया जाता है, तो वादी केवल अपना कानूनी उपाय और कानून का सहारा ले सकता है जो कानून में उपलब्ध हो सकता है। न्यायाधीश बीरेन वैष्णव ने गुरुवार को 18 पेज के आदेश में कहा कि अदालत इस बात से अवगत है कि समीक्षा की मांग करना कानून में उपलब्ध एक उपाय है और हो सकता है, लेकिन समीक्षा आवेदन में इस अदालत के समक्ष उठाए गए आधारों और तर्कों को देखते हुए, यह नहीं कहा जा सकता है कि आवेदक ने इस उपाय को पूरी तरह से लागू करने की मांग की है। कानूनी सहारा लेने पर विचार करें।

कोर्ट ने कहा कि सिर्फ पुरानी दलीलों को दोहराने या छोटी गलतियों के लिए समीक्षा की इजाजत नहीं है। इसमें कहा गया है कि समीक्षा तब तक कायम रखने योग्य नहीं है जब तक कि आदेश में स्पष्ट रूप से प्रकट होने वाली भौतिक त्रुटि, इसकी सुदृढ़ता को कमजोर न कर दे।

# ग्लोबल वार्मिंग का बढ़ने लगा खतरा, इस साल की गर्मी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ग्लोबल वार्मिंग का खतरा दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। इस साल की गर्मी ने भी सारे रिकार्ड ध्वस्त कर दिए है। जिसकी वजह से गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस महीने होने वाले ऐतिहासिक जलवायु शिखर सम्मेलन से पहले वैज्ञानिकों ने चेतावनी जारी की है। उनके मुताबिक, 2023 में दुनिया सबसे गर्म होगी। यह गर्मी अब तक रिकॉर्ड किए गए किसी भी दूसरे साल की तुलना में अधिक होगी। पिछले साल की अपेक्षा अक्टूबर में औसत तापमान से 1.7सी. अधिक दर्ज किया गया है। वैज्ञानिकों ने पाया कि पिछले महीने में रिकॉर्ड गर्मी थी। कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस की डिप्टी डायरेक्टर सामंथा बर्गेस ने द गार्जियन को बताया कि हम यह कह सकते हैं कि 2023 में रिकॉर्ड गर्मी हुई है। इस साल औसत से 1.43सी. अधिक गर्मी पड़ी है। जानकार बता रहे हैं कि औद्योगिक क्रांति के बाद से वायुमंडल में गर्मी रोकने वाली गैसों में तेज वृद्धि हुई है। इसके कारण तापमान में 1.2सी. की बढ़ोतरी हुई है।

उन्होंने बताया कि जीवाश्म ईंधन को जलाना और प्रकृति का विनाश भी बढ़ती गर्मी का एक कारण है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ग्रीनहाउस गैस प्रदूषण के शक्तिशाली मिश्रण, प्राकृतिक मौसम पैटर्न अल नीनो की वापसी के साथ-साथ टोंगा में ज्वालामुखी विस्फोट के कारण गर्मी बढ़ी है। लंदन के जलवायु वैज्ञानिक फ्राइडेरिक ओटो ने बताया कि हम इस साल रिकॉर्ड गर्मी का समाना कर रहे है। इस वर्ष अत्यधिक गर्मी और सूखे के कारण तापमानों की स्थिति और भी बदतर हो गई है। इसमें हजारों मौतें हुईं। लोगों ने अपनी आजीविका खो दी। विस्थापित हो गए। ये ऐसे रिकॉर्ड हैं जो बहुत मायने रखते हैं।

दुनियाभर की सरकारों ने आठ साल पहले पेरिस में एक शिखर सम्मेलन में किए गए वादे का पालन नहीं किया। उन्होंने सदी के अंत तक 1.5सी. तक गर्मी कम करने का वादा किया था। लेकिन वर्तमान नीतियों के कारण यह लगभग 2.4सी. तक बढ़ गया है। इस पर एक वैज्ञानिक ने कहा, यह देखना भयावह है कि जून 2023 के बाद से वैश्विक तापमान 2015 की दूसरी छमाही की तुलना में बहुत अधिक गर्म है। इस समय अल नीनो बहुत मजबूत था। हमारा ग्रह अपने मौसम संबंधी इतिहास में दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियों से गुजर रहा है।

## फिलिस्तीनी झंडा लेकर सड़कों पर उतरे लोग, गाजा पट्टी में संघर्ष विराम की मांग

न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्यूयॉर्क में फिलिस्तीनी झंडे को लेकर सैकड़ों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे और गाजा में युद्धविराम की जोरदार मांग करते हुए नारे लगाए।एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार को हुए इस प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी 'फिलिस्तीन को आजाद करो', 'अभी संघर्ष विराम करो' और 'नरसंहार बंद करो' के नारे लगा रहे थे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने हाथों में पोस्ट ले रखा था, जिस पर 'नेतन्याहू और बिडेन युद्ध अपराधी' और 'इज़रायल एक आतंकवादी देश है, जो खुले तौर पर नरसंहार कर रहा है' लिखा हुआ था। इस दौरान यह विरोध प्रदर्शन संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय की इमारत से होकर गुजरा और फिर 42वीं स्ट्रीट के साथ डाउनटाउन मैनहट्टन की ओर मुड़ गया।प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मी भी मौजूद थे, लेकिन किसी झड़प या गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। यहां गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार, इज़रायल-हमास संघर्ष के कारण में 10,000 से अधिक लोग मारे गए हैं।यह संघर्ष 7 अक्टूबर को हमास की ओर से इजरायल में हमला करने के बाद शुरू हुआ था। हमास की ओर से किए गए हमले में 1,400 लोग मारे गए थे।

## व्हाइट हाउस ने भारत को बताया प्रमुख रणनीतिक साझेदार

वाशिंगटन। व्हाइट हाउस ने भारत को प्रमुख रणनीतिक साझेदार बताते हुए दुनिया में होने वाले संकट पर रुख स्पष्ट करने के लिए जोर दिया है।व्हाइट हाउस ने बुधवार को कहा कि भारत हमेशा से अमेरिका का प्रमुख रणनीतिक साझेदार रहा है और अब यह नयी दिल्ली को तय करना है कि मध्य-पूर्व सहित दुनिया के किसी भी कोने में किसी विशेष संकट या आकस्मिक स्थिति पर उसका क्या रुख होगा। व्हाइट हाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में रणनीतिक संवाद के समन्वयक जॉन किर्बी ने कहा कि भारत एक प्रमुख रणनीतिक साझेदार है और मुझे लगता है कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां आए थे, तब आप इस बात को अच्छे से देख और महसूस कर चुके हैं। किर्बी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि मध्य-पूर्व सहित दुनिया के किसी भी कोने में कोई संकट पैदा होता है, तो उस पर अपना रुख तय करने का जिम्मा हम भारत की सरकार और उसके प्रधानमंत्री पर छोड़ेंगे। किर्बी ने यह भी कहा कि भारत एक प्रमुख रणनीतिक साझेदार बना हुआ है और हम हर दिन इस साझेदारी को मजबूत करने के लिए लगातार प्रतिबद्ध हैं।

## भारतीय छात्र पर अमेरिकी जिम में किया चाकू से हमला, हुई मौत

वाशिंगटन । अमेरिका के इंडियाना राज्य में स्थित एक फिटनेस सेंटर में भारतीय छात्र की हमले में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि 24 वर्षीय भारतीय छात्र पर चाकू से हमला किया गया, जिसने बाद में दम तोड़ दिया। छात्र जिस विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहा था वहीं से यह जानकारी दी गई है। वलपरासियो विश्वविद्यालय में कंप्यूटर विज्ञान के छात्र वरुण पर 29 अक्टूबर को एक जिम में हमलावर जॉर्डन एंड्राड ने चाकू से हमला किया था, जिसमें छात्र के सिर में चोट आई थी। अधिकारी हमले की वजह का पता लगा रहे हैं। घटना के बाद हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया था।पुलिस ने आरोपी पर धारदार हथियार से हमला करने और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था। इधर विश्वविद्यालय ने बताया, विश्वविद्यालय लगातार वरुण के परिवार के संपर्क में है और जहां तक संभव होगा हम सहायता और समर्थन जारी रखेंगे ताकि परिजन इस अत्यंत मुश्किल समय में आगे बढ़ सकें। विश्वविद्यालय परिसर में 16 नवंबर को वरुण के लिए स्मृति सभा के आयोजन की योजना बनाई जा रही है।

## इजरायल-हमास जंग में 10,500 लोगों की मौत,इजराइज हमास की सुरंगों को तबाह करना शुरु किया

तेल अवीव । इजरायल-हमास के बीच लगातार 33 दिन से जंग जारी है। इजरायली सेना गाजा पट्टी में ताबड़तोड़ हमला कर रही है, इसका खामियाजा आम लोगों को भी भुगतना पड़ रहा है। इजरायली सेना के हमले में अभी तक 10,500 लोगों की मौत हो चुकी है। हमास ने दावा किया कि इजरायल ने राफा क्रॉसिंग के माध्यम से गाजा पट्टी से मिस्र तक घायल फिलिस्तीनियों या विदेशियों की निकासी भी रोक दी है।हमास के एक अधिकारी ने बताया कि इजरायल द्वारा निकाले जाने वाले घायलों की सूची को मंजूरी देने से इनकार करने के कारण क्रॉसिंग पॉइंट बंद रहा। इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में युद्धविराम के अंतरराष्ट्रीय आह्वान को फिर से खारिज कर कहा है कि हमास को पहले सभी बंधकों को रिहा करना होगा। वहीं इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने गाजा शहरों पर अपने हमले का वीडियो शेयर कर दावा किया कि वे हमास के बुनियादी ढांचे और उनके लड़ाकों द्वारा इस्तेमाल की जा रही सुरंगों को निशाना बना रहे थे।

## रुस ने कंगाल पाकिस्तान से मांग अपने हेलीकॉप्टर

मॉस्को । पिछले 624 दिनों से रूस और यूक्रेन के बीच जंग जारी है। संघर्ष लंबा खिंचने के कारण रूस मुश्किल स्थिति में है। रुस ने अपने सैन्य हथियारों को फिर से हासिल करने की कोशिशों में पूर्व रक्षा सहयोगियों की ओर रुख किया है। इस कड़ी में मॉस्को ने विशेष रूप से भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान पर ध्यान केंद्रित किया है, जो कई वर्षों से रूस से सैन्य उपकरण खरीद रहा है। रिपोर्ट के अनुसार रूस ने इस्लामाबाद से हेलीकॉप्टर इंजन वापस करने को कहा है। ये एआई-35एम हेलीकॉप्टर के आवश्यक हिस्से हैं, जिसका यूक्रेन में व्यापक इस्तेमाल किया जा रहा है।हालाँकि, पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने ऐसी खबरों को खारिज कर कहा है कि रूस ने इसतरह के किसी अनुरोध के साथ उससे संपर्क नहीं किया है। रिपोर्ट से साफ होता है कि रूस यूक्रेन युद्ध के बीच सैन्य प्रयासों में तत्काल सहायता तलाश रहा है। रुस को अंतरराष्ट्रीय सैन्य गठबंधनों से कड़ी टक्कर मिल रही है। जंग के बीच रूस के रक्षा उद्योग पर भी व्यापक प्रभावों के संकेत हैं। इसलिए रूस ने पाकिस्तान से अपने हेलीकॉप्टर इंजन की मांग की है।

## अंतरिक्ष में एलियंस के होने की संभावना बरकरार

### -वैज्ञानिकों ने किया फिर किया बड़ा दावा

वाशिंगटन । अंतरिक्ष में कोई ऐसा ग्रह है, जहां एलियंस के होने की संभावना है। इसी को लेकर वैज्ञानिकों ने बड़ी जानकारी दी है। वैज्ञानिको का कहना है कि यूरेनस पर इन्फ्रारेड नादर्न लाइट्स यानी अरोरा देखी गई, जो संभावित एलियंस के होने का सबूत दे सकती है। शोधकर्ता वैज्ञानिकों ने अरोरा को तब देखा जब वे सौर मंडल में गैस के बड़े-बड़े गोले के तापमान पर स्टडी कर रहे थे। इससे शोधकर्ताओं को यह पता लगाने में मदद मिलने की संभावना है कि क्या पृथ्वी के अलावा भी कोई ऐसा ग्रह है जहां दुनिया बसी हुई है? खोज के बारे में बताते हुए लीसेस्टर विश्वविद्यालय की एम्मा थॉमस, जो इस स्टडी की प्रमुख लेखिका भी है, उन्होंने कहा, 'यूरेनस का तापमान मॉडल अनुमान से सैकड़ों डिग्री केल्विन/सेल्सियस अधिक है। यह हमारे सामने बड़ा प्रश्न है कि ये ग्रह अपेक्षा से अधिक गर्म कैसे हो सकता है।'

उन्होंने कहा, फ्यूरेनस के अरोरा का विश्लेषण करके हम यहां के वायुमंडल और चुंबकीय क्षेत्रों पर स्टडी कर सकते हैं, साथ ही नए जीवन के बसने का पता भी लगा सकते हैं। शोधकर्ता ने कहा, 'बर्फ के विशाल अरोरा के बारे में हमारा ज्ञान व्यापक होगा और हमारे सौर मंडल, एक्सोप्लैनेट और यहां तक कि हमारे अपने ग्रह में ग्रहों के चुंबकीय क्षेत्रों के बारे में हमारी समझ मजबूत होगी।' वैज्ञानिकों ने इस साल की शुरुआत में बताया था कि उन्हें यूरेनस की परिक्रमा करने वाले 27 चंद्रमाओं में से 2 के सतहों के नीचे सक्रिय महासागरों के होने की संभावना नजर आई है।

इन समंदरों में हैरान कर देने वाली चीजों का पता लगा है, यानी यहां एलियंस की उपस्थिति की संभावना बताई गई है। प्रमुख वैज्ञानिक मिशेल डौघर्टी का दावा है कि बृहस्पति के ठंडे चंद्रमाओं में से किसी एक पर जीवन की संभावना है, अगर ऐसा नहीं हुआ तो यह आश्चर्यजनक होगा। बता दें कि अंतरिक्ष रहस्यों से भरा है, यहां वैज्ञानिक अलग दुनिया की खोज में लगे हुए हैं। शोधों के द्वारा ब्रम्हांड के बारे में नीत नई जानकारी हासिल होते रहती है।



अयोलास, पैराग्वे में भारी बारिश के कारण पराना नदी के किनारों पर पानी भर जाने के बाद लोग बाढ़ वाले क्षेत्र में नाव में यात्रा कर रहे हैं।

## रामास्वामी ने निक्की हेली और रॉन डेसेंटिस पर किया हमला

वाशिंगटन । रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के दावेदार विवेक रामास्वामी ने संयुक्त राष्ट्र के पूर्व राजदूत निक्की हेली पर तीखा हमला कर फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस पर उनके काउबॉय जूतों को लेकर कटाक्ष किया। राष्ट्रपति पद के दावेदारों की तीसरी डिबेट के लिए बोलते हुए



मियामी में विदेश नीति, अर्थव्यवस्था और जूतों के बारे में टिप्पणी सामने आई। रामास्वामी ने इजराइल में संघर्ष के संबंध में चेतावनी दी कि मंच पर दो प्रमुख उम्मीदवार अमेरिका को एक खूनी युद्ध में खींच सकते हैं। रामास्वामी ने हेली और डेसेंटिस के संदर्भ में कहा कि क्या आप एक अलग पीढ़ी का ऐसा नेता चाहते हैं जो इस देश को सबसे पहले रखे या आप डिक चेनी को तीन इंच ऊँची एड़ी के जूते में देखना चाहते हैं? रिपब्लिकन पूर्व उपराष्ट्रपति (चेनी) का जिक्र कर कहा कि वे अपने नवरूढ़िवादी विचारों के लिए जाने जाते थे। पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश के उपाध्यक्ष चेनी विदेश नीति के शौकीन थे। टिकटॉक पर प्रतिबंध का जिक्र कर रामास्वामी ने कहा कि हेली की बेटी ने चीनी लघु वीडियो एप का इस्तेमाल किया था। उन्होंने हेली से कहा कि हो सकता है कि आप पहले अपने परिवार का ख्याल रखना चाहें। जबकि डेसेंटिस ने रामास्वामी की टिप्पणी का जवाब नहीं दिया, हेली ने पलटवार करते हुए कहा कि तुम बिल्कुल बेकार हो। उन्होंने कहा कि मेरी बेटी को अपनी आवाज से दूर कर दो।

## बाइडेन-जिनपिंग की मुलाकात से पहले मिलेंगे अमेरिका-चीन के वित्त मंत्री, सैन फ्रांसिस्को बनेगा मेजबान

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन और उनके चीनी समकक्ष सैन फ्रांसिस्को में दो दिनों की बातचीत के लिए मिलेंगे, जिसका उद्देश्य कई आर्थिक मुद्दों पर प्रगति करना है, जब दोनों देशों के बीच प्रतिस्पर्धा काफी तेज हो गई है। येलेन की उपप्रधानमंत्री हे लिफेंग के साथ बातचीत अगले सप्ताह सैन फ्रांसिस्को में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन के मौके पर राष्ट्रपति जो बाइडेन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच अपेक्षित बैठक के लिए आधार तैयार करने में मदद करने के लिए की गई है। योजना से परिचित एक व्यक्ति के अनुसार, व्हाइट हाउस को उम्मीद नहीं है कि आमने-सामने की बैठक से दोनों देशों के बीच संबंधों में कोई बड़ा बदलाव आएगा, हालांकि उसे प्रगति के कुछ संकेत देखने की उम्मीद है।



विश्लेषकों का कहना है कि देशों के संबंधों की प्रतिस्पर्धी प्रकृति को देखते हुए उम्मीदें कम रखी जानी चाहिए। सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज में एशिया के उप निदेशक निकोलस स्चेचेनी ने एपीईसी शिखर सम्मेलन के लिए एक पूर्वावलोकन कार्यक्रम में कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए समावेशिता, परस्पर जुड़ाव जैसे विषयों पर विश्वसनीय रूप से जोर देना मुश्किल लगता है। इस साल के एपीईसी के विषय शिखर सम्मेलन जब इंडो-पैसिफिक में अमेरिकी आर्थिक रणनीति के लिए प्राथमिक चालक आवश्यक रूप से आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि आर्थिक प्रतिस्पर्धा है।

बाइडेन ने चीन की ओर जाने वाले उच्च तकनीक वाले अमेरिकी-आधारित निवेशों को विनियमित करने और अवरुद्ध करने के लिए डिज़ाइन किए गए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, प्रशासन ने कहा कि यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा पर आधारित है। पिछले साल, अमेरिका ने चीन को उन्नत कंप्यूटर चिप्स के निर्यात को रोकने का कदम उठाया। इस साल की शुरुआत में अमेरिकी सांसदों ने डेटा सुरक्षा और हानिकारक सामग्री पर टिकटॉक के सीईओ शौ ज़ी च्यू के साथ सुनवाई की, जिसमें इस बात पर विचार किया गया कि क्या इसके चीनी कनेक्शन के कारण बेहद लोकप्रिय ऐप पर प्रतिबंध लगाया जाए।

## आम चुनाव से पहले पाकिस्तान में इमरान की पार्टी के नेताओं की गिरफ्तारी तेज

**लाहौर (एजेंसी)।** जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के 60 से अधिक नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। पाकिस्तान में आम चुनाव के ऐलान के बाद पीटीआई नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा कसना शुरु कर दिया हैं। पीटीआई के मुताबिक 10000 से अधिक नेता और कार्यकर्ता जेल में हैं। इन नेताओं और कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी पंजाब प्रांत से हुई। वहीं, पीटीआई ने इसकी आलोचना कर इस अवैध फासीवादी कदम करार दिया।

पाकिस्तान में आठ फरवरी, 2024 को आम चुनाव के एलान के बाद पीटीआई नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा कसते हुए कार्रवाई तेज कर दी। पुलिस ने नौ मई और उसके तुरंत बाद भी कुछ गिरफ्तारियां की थीं, लेकिन अब नई गिरफ्तारियां हुई हैं।

बकौल पीटीआई, कथित भ्रष्टाचार के मामले में 70 वर्षीय इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद सैन्य और राज्य प्रतिष्ठानों पर हमलों के सिलसिले में मई की शुरुआत से पार्टी के 10,000 से अधिक नेता और कार्यकर्ता जेल में हैं। पुलिस ने नौ मई को लाहौर कोर कमांडर हाउस पर हमला और मंगलवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में एक प्लाजा को जलाने में शामिल 62 पीटीआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया।

बता दें कि भारी संख्या में पुलिसबल ने पीटीआई अध्यक्ष चौधरी परवेज इलाही के रिश्तेदार और पूर्व विधायक मेजर (आर) ताहिर सादिक को गिरफ्तार करने के लिए उनके आवास पर भी छापा मारा। फिलहाल चौधरी परवेज इलाही पहले से ही जेल में कैद हैं।

## पाकिस्तान के लिए भारत का खौफनाक प्लान, उड़ जाएंगे दुश्मन के होश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अपाचे पैटर्न हेलीकॉप्टर भारतीय सेना का सबसे ताकतवर हेलीकॉप्टर है। जल्द ही ये थल सेना की ताकत बढ़ाने वाला है। थल सेना को भी अपाचे हेलीकॉप्टर्स मिलने वाले हैं। अगले साल के शुरुआती तीन महीने में थल सेना के पायलट भी अपाचे हेलीकॉप्टर उड़ाते नजर आएंगे। इंडियन आर्मी को जो अपाचे मिलेंगे उनका इस्तेमाल भी भारत के दुश्मन नं 1 के खिलाफ होगा। भारतीय सेना अपाचे फाइटर हेलीकॉप्टर्स को पाकिस्तान की सीमा पर तैनात करेगी। ताकी पड़ोसी सीमा पर कोई भी हिमाकत करने से पहले 100 बार सोचे। भारतीय सेना को कुल 6 अपाचे हेलीकॉप्टर्स मिलेंगे।



5,691 करोड़ रुपये के समझौते के तहत सेना अब अपने छह हेवी-ड्यूटी अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टरों को शामिल करने की तैयारी कर रही है, जो स्टिंगर हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, हेलफायर लॉन्गबो हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलों, बंदूकों और रॉकेटों से लैस हैं। एक अधिकारी ने कहा, सितंबर 2015 में हुए 13,952 करोड़ रुपये के सौदे के तहत सेना की स्ट्राइक कोर को एकीकृत लड़ाकू विमानन कवर प्रदान करने के लिए वे पहले से ही वायुसेना में शामिल किए गए 22 ऐसे हेलीकॉप्टरों का अनुसरण करेंगे। नया समावेश तब हुआ है जब सेना और भारतीय वायुसेना ने रक्षा पीएसयू हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स से 156 और स्वदेशी 'प्रचंड' हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टरों को ऑर्डर करने की योजना को अंतिम रूप दिया है, जो सियाचिन ग्लेशियर और पूर्वी लद्दाख जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आक्रामक अभियानों में सक्षम हैं। एचएएल), जैसा कि सितंबर में टीओआई द्वारा रिपोर्ट किया गया था।

## इजरायल ने गाजा को बना दिया मासूमों का कब्रिस्तान : संयुक्त राष्ट्र

### -सेना-हमास की लड़ाई पर यूएन ने दी चेतावनी, ऐसे तो हम बर्बाद हो जाएंगे

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** इजरायल-हमास के बीच जारी युद्ध पर यूएन ने सख्ती दिखाई है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि एक ओर जहां गाजा मासूमों की कब्रगाह बनता जा रहा है, वहीं हमारे कार्यकर्ताओं की भी मौत हुई है, हम तो इस युद्ध में बर्बाद हो चुके हैं। न्यूयॉर्क में पत्रकारों से बात करते हुए संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि गाजा में मानवीय संकट अधिक डरावना होता जा रही है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय समुदायों को गाजा में मानवीय सहायता का विस्तार करने के लिए सामने आना चाहिए। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने कई बार चेतावनी दी है कि बिजली, ईंधन, भोजन और साफ पानी की कमी से मानवीय संकट बढ़ता जाएगा। उन्होंने कहा कि ताजा आंकड़ों के अनुसार, घनी आबादी वाले गाजा पट्टी में 2 मिलियन से अधिक लोग रहते हैं, हवाई हमलों ने लगभग 1.5 मिलियन लोगों को अपने घरों से भागने के लिए मजबूर कर दिया है। इजरायली रक्षा बलों ने 13 अक्टूबर को गाजा पट्टी के उत्तरी भाग में रहने वाले लोगों को दक्षिण की ओर खाली करने के लिए कहा, लेकिन इसके बावजूद इजरायल ने दक्षिण में हवाई हमले को अंजाम देकर कई लोगों को मार दिया।



गुटेरेस ने बताया कि इस युद्ध में 89 संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी के कर्मचारियों की मौत का बहुत दुख है। उन्होंने सोमवार रात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी और कहा, 'यह हमारे संगठन के इतिहास में हाल के हफ्तों में सबसे अधिक संयुक्त राष्ट्र की सहायता करने वाले कार्यकर्ता मारे गए हैं।' यूएनआरडब्ल्यूए ने मंगलवार को बताया कि इस दौरान कम से कम 26 कर्मचारी घायल हुए हैं। गुटेरस ने कहा कि इस युद्ध में हम बर्बाद हो चुके हैं। हमारे मारे गए सहयोगी हमेशा याद रहेंगे और उन्हें भुलाया नहीं जाएगा। बता दें कि इजरायल-हमास जंग बीते 1 महीने से जारी है।

पूरे गाजा में व्यापक विनाश हुआ है। हर जगह अफरा-तफरी मची हुई है। इस हमले में 10 हजार से अधिक फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। लगातार बमबारी से गाजा में बच्चों के मौतों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है, क्योंकि गाजा दुनिया की सबसे अधिक बच्चों की आबादी वाला शहर है। यहां 47 प्रतिशत 18 साल से कम उम्र के बच्चे हैं। बच्चों की मौतों का आंकड़ा देखते हुए संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने एक बार फिर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि गाजा बच्चों के लिए कब्रगाह बनता जा रहा है।

## पाकिस्तान की गोद में पले बढ़े आतंकी अब उसी के लिए भस्मासुर बने

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जग जाहिर है कि पाकिस्तान आतंक की फैक्ट्री चलाता है। आतंकी पैदा करता है और उन्हे पाल पोसकर बड़ा करता है। अब यही पाक के पले बढ़े आतंकी पाकिस्तान के लिए भस्मासुर बन रहे हैं। इसके समाधान का रास्ता खुद पाकिस्तान नहीं निकाल पा रहा है। बढ़ते आतंकवाद और राष्ट्रीय सुरक्षा से परेशान होकर पीएम ने अपना दर्द बयां किया है। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने बुधवार को कहा कि 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से पाकिस्तान में आतंकवादी घटनाओं में वृद्धि हुई है। काकर ने अवैध अप्रवासियों के चल रहे निर्वासन अभियान को आतंकवाद विरोधी कार्रवाइयों से जोड़ा है।

पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने इस्लामाबाद में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि अगस्त 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान सरकार की स्थापना के बाद हमें एक मजबूत उम्मीद थी कि अफगानिस्तान में दीर्घकालिक शांति होगी, पाकिस्तान-विरोधी समूहों विशेषकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ अफगान धरती का उपयोग करने की अनुमति बिल्कुल नहीं दी जाएगी। मगर दुर्भाग्य से अंतरिम अफगान सरकार की स्थापना के बाद पाकिस्तान में आतंकवादी घटनाओं में 60 प्रतिशत और आत्मघाती हमलों में 500 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले दो सालों में इस दुखद रक्तपात यानी आतंकी हमलों में 2267 पाकिस्तानी नागरिकों की जान चली गई है, जिसके लिए टीटीपी के आतंकवादी जिम्मेदार हैं जो अफगान धरती का उपयोग करके पाकिस्तानियों पर कायरतापूर्ण हमले कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान आत्मघाती हमलों में शामिल लोगों में 15 अफगानी नागरिक भी शामिल थे। इसके अलावा आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान पाकिस्तान की कानून प्रवर्तन एजेंसियों से लड़ते हुए अब तक 64 अफगानी नागरिक मारे गए हैं।

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री काकर ने किसी विशिष्ट आतंकी हमले में अफगान नागरिकों की कथित संलिप्तता के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी। उनका यह बयान पिछले सप्ताह के दौरान देश में आतंकी घटनाओं में तेज वृद्धि के बाद आया है, जिसमें तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान ने मियांवाली ट्रेनिंग एयर बेस पर आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी और बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट ने ग्वादर हमले की जिम्मेदारी ली ती, जबकि डेरा इस्माइल खान में हमलों के लिए किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली।पाकिस्तानी कार्यवाहक पीएम काकर ने याद दिलाया कि उपरोक्त विवरण तालिबान की जानकारी में थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस साल जुलाई में जारी एक



निगरानी रिपोर्ट के अनुसार अफगानिस्तान में टीटीपी केंद्रों और पाकिस्तान के खिलाफ इसकी गतिविधियों में वृद्धि का स्पष्ट उल्लेख था। प्रधान मंत्री ने कहा कि टीटीपी के खिलाफ कार्रवाई करने के अफगान सरकार के आश्वासन के बाद भी पाकिस्तान विरोधी समूहों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने अधिक विवरण दिए बिना कहा कि इसके बजाय कुछ उदाहरणों में आतंकवाद को बढ़ावा देने के स्पष्ट सबूत भी सामने आए।




# एक बार फिर पोस्टपोन हो सकती है सालार

वर्ष 2023 का अन्तिम और बड़ा टकराव 22 दिसम्बर को देखने को मिलेगा जब सिनेमाघरों में दो बड़ी फिल्में—सालार और डंकी—का प्रदर्शन होगा। इस टकराव से बॉक्स ऑफिस को फायदा होगा, सिनेमाघरों में दर्शकों की तादाद बढ़ेगी और कैंटीन पर लोगों की भीड़ बढेगी। टकराव अब भी चालू है, क्योंकि अब तक दोनों में से किसी फिल्म की रिलीज़ डेट नहीं बदली गई है। डंकी अपनी तय तारीख से एक दिन पहले आएगी मगर फिर भी इसे टकराव ही माना जाएगा। हालांकि इस बीच में समाचार मिल रहे हैं जिनमें कहा जा रहा है कि सालार की प्रदर्शन तिथि में एक बार फिर बदलाव हो सकता है। अब यह फिल्म 22 दिसम्बर के स्थान पर 22 मार्च 2024 में प्रदर्शित होगी। सालार पहले 28 सितंबर को प्रदर्शित होने वाली थी, पोस्टपोन हो गई। निर्माताओं ने कहा नई रिलीज़ डेट जल्दी अनाउंस करेंगे, मगर नवंबर–दिसंबर पूरा फुल था ऐसे में सालार को 22 दिसंबर को रिलीज़ करने की बात हुई। 22 दिसम्बर की डेट शाहरुख की डंकी ने डेढ़–दो साल पहले ही बुक कर ली थी। कहा गया कि सालार के प्रोड्यूसर विजय किरगंदुर ने किसी ज्योतिषि से बात की है उनकी ही सलाह पर अपनी पिक्चर 22 दिसंबर को प्रदर्शित करने जा रहे हैं। सालार को डंकी के सामने प्रदर्शित करने की एक बड़ी वजह इस फिल्म की निर्माता कम्पनी है, जो इससे पहले केजीएफ के दो भाग दर्शकों के सामने लेकर आ चुकी है। प्रोड्यूस करने वाली कंपनी होम्बले फिल्म्स ने ही सालार पर पैसा लगाया है। उनका मानना है कि क्रिसमस वीकेंड उनके लिए लकी है, क्योंकि उन्होंने पहली उसी हफ्ते में रिलीज़ की थी, जो कि ब्लॉकबस्टर हो गई। ख़ैर, अब बताया जा रहा है कि सालार को 22 मार्च, 2024 को रिलीज़ किया जा सकता है। हालांकि अब तक इस नई रिलीज़ डेट के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं बताया गया है। न ही सालार के प्रमोशन की शुरुआत हुई है। इस आधार पर ऐसा कहा जा रहा है कि सालार 22 दिसंबर को भी पोस्टपोन हो सकती है। सालार का निर्देशन चत्रस्न के लेखक निर्देशक प्रशांत नील ने किया है। फिल्म में प्रभास के साथ श्रुति हासन, पृथ्वीराज सुकुमारन और जगपति बाबू सरीखे सितारे नजर आएंगे। अगर यह समाचार सही है तो यह डंकी के लिए अच्छा है। उसे मुकाबले में कोई नहीं मिलेगा। डंकी क्रिसमस वीक में आ रही है, ये बात कंफर्म है, क्योंकि फिल्म के प्रमोशन की शुरुआत हो चुकी है। एक टीज़र आ चुका है चार और आने वाले हैं। दो पोस्टर जारी हो चुके हैं। उसके बाद ट्रेलर आएगा। डंकी को राजकुमार हिरानी ने निर्देशित किया है। इस फिल्म में शाहरुख खान के साथ तापसी पन्नू, विकी कौशल, विक्रम कोचर, बोमन ईरानी और अनिल ग्रोवर नजर आएंगे।

# 35 साल बाद साथ काम करेंगे कमल हासन और मणिरत्नम





साउथ के सुपरस्टार कमल हासन और फिल्ममेकर मणि रत्नम 35 साल बाद साथ काम करने जा रहे हैं। इस फिल्म का टाइटल 'ठग लाइफ' है। सोमवार को मेकर्स ने इसका एक अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में कमल एक ठग के गेट अप में जबरदस्त एक्शन करते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म में कमल के अलावा तृषा कृष्णन, दुलकर सलमान और जयम रवि जैसे कलाकार नजर आएंगे। यह अगले साल थिएटर्स में रिलीज होगी।

## फिल्म 'नायकन' से होगा कनेक्शन

रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म का कनेक्शन 35 साथ पहले रिलीज हुई कमल हासन और मणि रत्नम की ही फिल्म 'नायकन' से हो सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि अनाउंसमेंट टीजर में कमल ने अपने किरदार का नाम रंगाराया शक्तिवेल नायकर बताया है। वहीं फिल्म 'नायकन' में उनके किरदार का नाम शक्तिवेल नायकर था। इस फिल्म को कमल ने मणि रत्नम के साथ मिलकर प्रोड्यूस भी किया है। म्यूजिक एआर रहमान का होगा और फिल्म की एडिटिंग श्रीकर प्रसाद करेंगे। फिल्म अगले साल थिएटर्स में रिलीज हो सकती है। बीते शुक्रवार को ही कमल हासन की अपकमिंग फिल्म 'इंडियन–2' का टीजर रिलीज हुआ था। इसे सुपरस्टार रजनीकांत ने ट्विटर पर लॉन्च किया था। यह फिल्म भी कमल की 1996 में रिलीज हुई सुपरहिट फिल्म 'हिंदुस्तानी' की सीक्वल है।




# सामंथा बोलीं इंडस्ट्री से प्रियंका, आलिया, विजय और अल्लू अर्जुन के साथ टीम अप करना चाहूंगी

हॉलीवुड के मशहूर मार्वल स्टूडियोज की अगली फिल्म 'द मार्वल्स' 10 नवंबर को रिलीज होने वाली है। हाल ही में साउथ की एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने हैदराबाद में इंडियन फैंस के लिए इसका एक एक्सक्लूसिव वीडियो रिलीज किया है। दरअसल इवेंट में जब होस्ट ने सामंथा से पूछा कि वह कौन सी चीज थी जो आपके लिए सबसे खास थी तो एक्ट्रेस ने जवाब दिया– स्ट्रॉन्ग वुमन। वहीं अगला सवाल था कि अगर सामंथा को एक दिन के लिए किसी एवेंजर का साथ मिले तो वो दुनिया को बचाने के लिए किसके साथ मिलकर काम करेंगी? सामंथा ने कहा कि वो अपने फैंस के साथ टीम अप करना पसंद करेंगी। वहीं जब होस्ट ने पूछा कि अगर टीम अप करने के लिए फिल्म इंडस्ट्री से किसी को बुलाना हो तो किसे बुलाएंगी? इस पर सामंथा ने अल्लू अर्जुन, विजय, प्रियंका चोपड़ा और आलिया भट्ट जैसे सेलेब्स का नाम लिया। सामंथा ने इस मौके पर यह भी बताया कि कैप्टन मार्वल उनकी फेवरेट सुपरहीरो हैं। फिल्म 'द मार्वल्स' में एक–दो नहीं बल्कि तीन सुपरवुमन एक साथ नजर आएंगे। मार्वल सीरीज की इस फिल्म में कैप्टन मार्वल, मिस मार्वल और कैप्टन मोनिका साथ मिलकर यूनिवर्स को बचाती नजर आएंगी। फिल्म में ब्री लार्सन, इमान वेल्लानी और टीना पेरिस के साथ सैमुअल जैक्सन लीड रोल में नजर आएंगे।



# फिल्मों में आने से पहले योग सिखाती थीं अनुष्का

साउथ एक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी अपना 42वां जन्मदिन मना रही हैं। अनुष्का एसएस राजामौली की फिल्म बाहुबली में देवसेना का रोल निभाकर पॉपुलर हुई थीं। उन्होंने अपने 18 साल लंबे करियर में तकरीबन 45 फिल्मों में काम किया है लेकिन एक वक्त ऐसा भी था कि जब उन्हें एक्टिंग में कोई दिलचस्पी नहीं थी। वो योग सिखाती थीं और फिल्मी दुनिया से उनका दूर–दूर तक कोई वास्ता नहीं था। अनुष्का एक्टिंग की दुनिया में आईं और उनकी किस्मत बदल गई। आज अनुष्का का नाम टॉप की साउथ एक्ट्रेसेस में लिया जाता है। वो अपनी लग्जरी लाइफ और प्रभास के साथ अपनी क्लोजनेस की वजह से भी चर्चा में रहती हैं। अनुष्का के जन्मदिन पर नजर डालते हैं उनकी लाइफ से जुड़े कुछ दिलचस्प फैक्ट्स परज योग इंस्ट्रक्टर से बनीं हीरोइन अनुष्का का रियल नेम स्वीटी शेट्टी है। उनका जन्म 7 नवंबर, 1981 को मैंगलुरु, कर्नाटक में हुआ था। उनके पेरेंट्स का नाम ए.एन विट्ठल शेट्टी और प्रफुल्ला हैं। उनके दो बड़े भाई हैं जिनके नाम गुनरंजन शेट्टी और साईं रमेश शेट्टी हैं। अनुष्का की शुरुआती पढ़ाई मैंगलुरु में हुई। इसके बाद उन्होंने [illegible] किया। उनका फिल्मों से दूर–दूर तक कोई कनेक्शन नहीं था। उन्होंने योग गुरु भरत ठाकुर से योग सीखा और फिर खुद योग इंस्ट्रक्टर बन गईं। एक दिन योग क्लास में साउथ फिल्म डायरेक्टर मेहर रमेश की उनपर नजर पड़ी। उन्होंने अनुष्का को हीरोइन बनने का ऑफर दिया। अनुष्का एक्टिंग के बारे में कुछ नहीं जानती थीं इसलिए उन्होंने ये ऑफर ठुकरा दिया। बाद में डायरेक्टर के काफी समझाने के बाद उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। उनकी पहली फिल्म 2005 में आई 'सुपर' थी जिसे पुरी जगन्नाथ ने डायरेक्ट किया था।

## फिल्म इंडस्ट्री छोड़ना चाहती थीं अनुष्का

अनुष्का ने एक इंटरव्यू में बताया था, साल 2005 में जब मैं अपनी डेब्यू फिल्म सुपर की शूटिंग कर रही थी तब मैं सेट से भाग जाना चाहती थी। जब मैं इंडस्ट्री में आई तो बिल्कुल क्लू लैस थी। इसे समझने में मुझे करीबन दो साल का वक्त लगा। मेरे आसपास के लोग काफी सपोर्टिव थे पर मैं खुद को कमजोर समझकर बेहतर बनाने की कोशिश करती रहती। मेरा मानना है कि कोई भी प्रोफेशन आपको लाइफ के बारे में फिल्म इंडस्ट्री से बेहतर नहीं सिखा सकता।'

## प्रभास से जुड़ता है नाम, अब तक हैं अनमैरिड

अनुष्का 42 साल की उम्र में अनमैरिड हैं। उनका नाम बाहुबली को–स्टार प्रभास से जुड़ता आया है। कई बार दोनों की सीक्रेट वेडिंग की खबरें भी सुनने को मिली हैं हालांकि इन्होंने इस बात का खंडन कर दिया था। एक इंटरव्यू में अनुष्का ने प्रभास के साथ अपने रिश्ते पर बात की थी और कहा था, प्रभास को मैं 15 साल से जानती हूं और वो मेरे सबसे डियरेस्ट फ्रेंड हैं। अगर मुझे कोई परेशानी हो तो मैं उनसे सुबह तीन बजे भी फोन लगाकर बात कर सकती हूं। हमारा नाम सिर्फ इसलिए जोड़ा जाता है क्योंकि हम दोनों ही मैरिड नहीं हैं और स्क्रीन पर लोगों को हमारी जोड़ी पसंद है। हम दोनों ही एक जैसे हैं। हम किसी भी इमोशन को नहीं छुपा पाते। अनुष्का ने शादी के बारे में कहा था, शादी मेरे लिए बहुत पवित्र बंधन है। जब सही व्यक्ति मिलेगा तो यकीनन ही ये चीजें अपने आप ही हो जाएंगी। मैं साल 2008 में एक बहुत ही खूबसूरत रिलेशनशिप में रह चुकी हूं पर आपको उस शख्स का नाम नहीं बता सकती। यह थोड़ा पर्सनल है अगर हम अब तक साथ होते तो शायद मैं आपको उसका नाम बता सकती थी। हमने उस रिश्ते को आपसी सहमति से खत्म किया, पर मेरे दिल में आज भी उस रिश्ते के लिए बहुत रिस्पेक्ट है। रही बात शादी की तो अच्छी बात यह है कि मेरे पेरेंट्स को पता है कि मैं सेंसिटिव हूं इसलिए वो जानते हैं कि वक्त आने पर ही सब होगा।



# क्या दिवाली का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ पाएंगे सलमान खान, 8 साल बाद हो रही है वापसी

सलमान खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म टाइगर 3 के प्रदर्शन को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म 12 नवंबर को दिवाली के मौके पर प्रदर्शित हो रही है और इसकी एडवांस बुकिंग भी रविवार 5 नवम्बर से शुरू हो चुकी है। एडवांस बुकिंग शुरू होते ही दर्शक धड़ाधड़ इसके टिकट खरीद रहे हैं। फिल्म को लेकर दर्शक काफी उत्साहित हैं। ऐसे में टाइगर 3 की बॉक्स ऑफिस को लेकर तमाम कयास लगाए जा रहे हैं। साथ ही प्रश्न खड़ा किया जा रहा है कि वो 'पठान' और 'जवान' का रिकॉर्ड तोड़ पाएंगे या नहीं। सलमान के नाम दिवाली पर रिलीज हुई फिल्म का शानदार रिकॉर्ड है, जिसे वो अभी तक तोड़ नहीं पाए हैं। टाइगर 3 के जरिए सलमान खान 8 साल बाद बड़े पर्दे पर दिवाली पर वापसी कर रहे हैं। आखिरी बार दिवाली पर उनकी फिल्म प्रेम रतन धन पायो रिलीज की गई थी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड्स को तोड़ दिया था और ये उनके करियर की हिट फिल्मों में से एक रही थी। मूवी को साल 2015 में रिलीज किया गया था। दिवाली पर रिलीज हुई इस फिल्म ने भारत में 210 करोड़ और वैश्विक स्तर पर 365 करोड़ रुपए की कमाई की थी। ये सलमान के करियर की बड़ी हिट रही थी।

## प्रेम रतन धन पायो ने पहले दिन कमाए थे इतने

इतना ही नहीं सलमान खान की इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर भी कमाल का कारोबार किया था। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 41 करोड़ का कारोबार किया था। ऐसे में अब टाइगर 3 से मेकर्स और लोगों को काफी उम्मीदे हैं कि ये सभी रिकॉर्ड्स को तोड़ सकती है। अब ये देखना दिलचस्प होगा कि 'भाईजान' इस दिवाली पर अपना ही बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ पाते हैं या नहीं।

सलमान खान की टाइगर 3 की स्टारकास्ट की बात की जाए तो इसमें भाईजान और कटरीना कैफ के अलावा इमरान हाशमी और रिद्धी डोगरा भी अहम भूमिका में नजर आने वाली हैं। इमरान मूवी में एक दमदार विलेन की भूमिका में दिखाई देने वाले हैं। इसे ना केवल हिंदी बल्कि, तमिल और तेलुगू में भी रिलीज किया जाएगा। इसमें सबसे दिलचस्प बात ये है कि शाहरुख खान के साथ ऋतिक रोशन भी कैमियो करते हुए नजर आने वाले हैं।

# इस नवंबर लिन लैशराम के साथ शादी के बंधन में बंधेंगे रणदीप हुडा

रविवार को सरबजीत फेम स्टार के एक करीबी सूत्र ने दावा किया कि बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा नवंबर के अंत में अपनी लॉन्ग–टाइम गर्लफ्रेंड लिन लैशराम से शादी करने वाले हैं। रणदीप के एक करीबी सूत्र ने आईएएनएस को बताया, यह सच है। रणदीप इस महीने के अंत तक लिन से शादी कर रहे हैं। यह कपल पिछले कई सालों से रिलेशनशिप में है। सूत्र ने कहा, वेडिंग वेन्यू अभी तय नहीं हुआ है। दोनों की शादी इंटीमेट तरीके से होगी, और इसमें उनके परिवार और दोस्त शामिल होंगे। सूत्र ने आगे कहा, रिसेप्शन ग्रैंड होगा और यह मुंबई या नई दिल्ली में होने की संभावना है। लिन मणिपुर की रहने वाली है। उन्हें मैरी कॉम, रंगून और हाल ही में जाने जान जैसी फिल्मों में देखा गया था। वर्कफ्रंट की बात करें तो, रणदीप की अगली फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर और तेरा क्या होगा लवली है।



# डॉन 3 में रणवीर सिंह के साथ नजर आएंगी प्रियंका चोपड़ा!

**जबसे डॉन 3 अनाउंस हुई है, तबसे फैंस की एक्साइटमेंट अलग ही लेवल है। लेकिन तब उन्हें दुख हुआ, जब पता चला कि शाहरुख खान इसका हिस्सा नहीं होंगे। फरहान अख्तर ने रणवीर सिंह के साथ डॉन 3 कन्फर्म कर दी है। फिल्म में रणवीर लीड हीरो हैं, और अब लीड हीरोइन की तलाश है। कहा जा रहा है कि प्रियंका चोपड़ा डॉन 3 का हिस्सा हो सकती हैं। प्रियंका डॉन फ्रैंचाइज की पिछली दोनों फिल्मों का हिस्सा थीं।**

रिपोर्ट के मुताबिक, चूंकि अभी जी ले जरा की कास्ट तय नहीं हुई है, इसलिए फरहान अख्तर पहली तवज्जो डॉन 3 को दे रहे हैं। वह अब जल्द ही प्रियंका चोपड़ा और रणवीर सिंह के साथ डॉन 3 की शूटिंग शुरू होगी। रिपोर्ट के अनुसार, प्रियंका हाल ही फरहान अख्तर से मिली थीं और उन्होंने डॉन 3 को लेकर चर्चा की। कहा जा रहा है कि प्रियंका ने डॉन 3 के लिए हां कर दी है। बस ऑफिशियल अनाउंसमेंट बाकी है। पहले इस फिल्म के लिए कियारा आडवाणी और कृति सेनन को अप्रोच किया गया था। लेकिन किसी का भी नाम तय नहीं था। अब डॉन 3 की शूटिंग कब शुरू होगी, इस बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है, लेकिन प्रियंका चोपड़ा का नाम तय माना जा रहा है।

## रणवीर सिंह और प्रियंका की फिल्में

प्रियंका चोपड़ा ने इससे पहले रणवीर के साथ गुंडे, बाजीराव मस्तानी और दिल धड़कने दो में साथ काम किया था। प्रोफेशनल फ्रंट की बात करें, तो रणवीर सिंह फिलहाल सिंघम अगेन की शूटिंग में बिजी हैं, वहीं प्रियंका चोपड़ा अपने कुछ इंटरनेशनल प्रोजेक्ट्स का काम खत्म कर डॉन 3 से जुड़ सकती हैं। प्रियंका सिटाडेल 2 में भी दिखेंगी।

